हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, गुरुवार 17 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 194, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### देवघर सिविल सर्जन को 70 हजार घूस लेते एसीबी टीम ने किया गिरफ्तार

देवघर : झारखंड की एसीबी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन लेते हुए देवघर के सिविल सर्जन को रिश्वत लेते एसीबी ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सिविल सर्जन डॉक्टर रंजन सिन्हा को दुमका से आई एसीबी ने 70 हजार रुपया घूस लेते गिरफ्तार किया है।

### चाईबासा में भीषण सड़क हादसा, तेज रफ्तार हाइवा ने 2 को रौंदा, एक की मौत

चाईबासा : चाईबासा बिहारी क्लब के पास तेज रफ्तार से चलती रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन की हाइवा ने पति पत्नी समेत दो लोगों को रौंदा. पति की घटना स्थल पर ही हुई मौत, घायल पत्नी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. गौरतलब है कि तत्कालिन अनुमंडल पदाधिकारी के दरिया दिली के कारण आज एक पुरुष को अपनी जान गंवानी पड़ी और एक महिला अपाहिज हालत में अस्पताल में भर्ती हुई है. दिन में नो एंट्री में छूट देते हुए बड़ी गाड़ियों के परिचालन की अनुमति दे दी गई थी. जिस कारण आज चाईबासा शहर में इन दोनों दिनदहाड़े सभी नियमों के धज्जियां उडाते हुए बड़ी गाड़ियां शहर में सरपट दौड़ती हैं. जिस वजह से इस तरह की घटनाएं होना आम बात बन गया है.

### 1988 बैच की आईएएस अधिकारी अलका तिवारी हो सकती हैं झारखंड की नई मुख्य सचिव

रांची : झारखंड में आईएएस अलका तिवारी को अगली मुख्य सचिव के रूप में नियुक्त किया जा सकता है. भारत सरकार ने उन्हें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से उनके मूल कैडर झारखंड में वापस भेजने का आदेश जारी किया है, जिससे उनकी मुख्य सचिव के पद पर नियुक्ति की संभावना बढ़ गई है. अलका तिवारी 1988 बैच की आईएएस अधिकारी हैं और उन्होंने झारखंड के विभिन्न जिलों में जिलाधिकारी (डीसी) के रूप में कार्य किया है. वर्तमान में झारखंड में मुख्य सचिव के पद पर आईएएस एल ख्यांग्ते नियुक्त हैं, जो 31 अक्टूबर को सेवानिवृत होने जा रहे हैं. हालांकि, झारखंड में अचार संहिता लागू होने के कारण मुख्य सचिव के पद पर नियुक्ति का निर्णय चुनाव आयोग को लेना होगा. इस स्थिति में अलका तिवारी की नियुक्ति को लेकर अगले कदम का इंतजार किया जा रहा है.

### दिल्ली के तापमान में गिरावट शुरू हवा की गुणवत्ता में भी सुधार

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली में तापमान में गिरावट शुरू हुई है। वहीं हवा की गुणवत्ता में कुछ सुधार हुआ है। इस बीच,पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है। इस साल की शुरुआत से 15 अक्टूबर तक पराली जलाने की 2,399 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 2,791 घटनाएं दर्ज की गई थीं। दिल्ली में खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के पहले चरण के तहत प्रतिबंध लागू हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सर्दियों में विशेष प्रदूषण रोधी उपायों के अंतर्गत ग्रैप के पहले चरण के तहत प्रतिबंध का उद्देश्य निर्माण स्थलों पर धूल को कम करना, उचित अपशिष्ट प्रबंधन और सड़कों की नियमित सफाई के माध्यम से प्रदूषण को नियंत्रित करना है।ग्रेप के पहले चरण में प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की सख्त जांच, बेहतर यातायात प्रबंधन और उद्योगों, बिजली संयंत्रों और ईंट भट्टों में उत्सर्जन नियंत्रण को अनिवार्य बनाया गया है। इसके तहत 500 वर्ग मीटर या उससे ज़्यादा के आकार के प्राइवेट कंस्ट्रक्शन और डेमोलिशन प्रोजेक्ट्स पर रोक। पटाखों के प्रोडक्शन, स्टोरेज, और बिक्री पर रोक।

### महाराष्ट्र चुनाव : सीट बंटवारे को लेकर शिंदे-अजीत दिल्ली में नेताओं से मिलेंगे

मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। इसके बाद महायुति में सियासत तेज हो गई है। शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजीत गुट) के नेता बीजेपी के साथ सीटों का जल्द बंटवारा चाहते हैं। जानकारी के मुताबिक सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम अजीत पवार बुधवार शाम दिल्ली जा रहे हैं। यहां पर दोनों नेता बीजेपी आलाकमान से सीट बंटवारे को लेकर बात करेंगे। बताया जा रहा है कि एनसीपी के अजीत पवार, शिवसेना के एकनाथ शिंदे और बीजेपी के देवेंद्र फड़नवीस बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक कर सकते हैं। इसके अलावा जेपी नड्डा से भी मुलाकात करेंगे। दिल्ली में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं के साथ इन नेताओं की बैठक हो सकती है। दोनों नेता अपनी-अपनी पार्टी के लिए सीट और अन्य मुद्दों पर भी बातचीत करेंगे। माना जा रहा है कि बीजेपी 140-150 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने सोमवार को कहा था कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के सहयोगी महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटों के लिए आम सहमति पर पहुंच गए हैं।

### अब मणिपुर में होगी शांति, मैतेई, कुकी और नगा के बीच बनी सहमति

#### केंद्रीय गृहमंत्रालय ने बुलाई थी विधायकों की बैठक

नई दिल्ली,(ईएमएस)। मणिपुर में जारी हिंसा के बीच शांति की पहली हुई। केंद्रीय गृह मंत्रालय की पहल पर मणिपुर के मैतेई, कुकी और नगा समुदायों के 20 विधायक दिल्ली पहुंचे। बैठक पहले गृह मंत्रालय में तय थी, लेकिन बाद में उन्हें खान मार्केट स्थित आईबी दफ्तर ले जाया गया। मंगलवार को बैठक में आईबी के पूर्वोत्तर के संयुक्त निदेशक राजेश कांबले, बीजेपी के समन्वयक संबित पात्रा, केंद्र के सुरक्षा सलाहकार एके मिश्रा और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में पहले कुकी, फिर मैतेई और बाद में नगा नेताओं से बातचीत की गई, जिसमें उन्होंने अपनी-अपनी मांगें केंद्र के सामने रखी। इसके बाद सभी नेताओं को एकत्रित कर संकल्प दिलाया कि मणिपुर में न तो कोई गोली चलेगी और न ही किसी की जान जाएगी। तीनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने इस पर सहमति जताई और एक-दूसरे से हाथ मिलाया। सूत्रों के मुताबिक मणिपुर में हालात को सुधारने के लिए नगा लोगों का अहम रोल था। राज्य में 2016 में सात नए जिले बनाए गए थे, जिन्हें कुकी बहुल कहा जाता है, हालांकि यहां नगा भी रहते हैं।

### 18 अक्टूबर को रांची में होंगे तेजस्वी यादव, सीट शेयरिंग को लेकर करेंगे हेमंत सोरेन से मुलाकात

रांचीः बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव 18 अक्टूबर को रांची आ रहे हैं. रांची में वे राष्ट्रीय जनता दल के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे. राजद नेता तेजस्वी यादव रांची में झारखंड विधानसभा चुनाव से संबंधित बातों पर सभी से बातचीत करेंगे. वे सड़क मार्ग से रांची पहुंचेंगे और वर्तमान राजनीतिक स्थिति एवं राष्ट्रीय जनता दल कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इस पर भी अपने दल के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ गंभीरतापूर्वक विचार विमर्श करेंगे. आपको बता दें कि चुनाव आयोग ने 15 अक्टूबर यानि मंगलवार को झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी है. झारखंड में 13 और 20 नवंबर 2024 को मतदान होगी.

## झारखंड में चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद सियासी हलचल हो गयी तेज

# इंडिया गठबंधन में 51 सीटिंग सीटों पर बनेगी बात, शेष पर निर्णय होना शेष

रांची : झारखंड में चुनावी बिगुल बज चुका है. चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद सियासी हलचल तेज हो गयी है. सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव की तैयारियों में लग गये हैं. सीट बंटवारे को लेकर भी मंथन चल रहा है. इंडिया गठबंधन की बात करें तो इसके पास 51 सिटिंग सीटें हैं. जो सीट जिनके पास हैं, उन्हें ही मिलेंगी. इसमें माले की सीटिंग सीट बगोदर, प्रदीप यादव की सीटिंग सीट पौड़ैयाहाट और भाजपा विधायक रहे जेपी पटेल की मांडू सीटें भी शामिल हैं. शेष बची सीटें, जिनमें पिछले चुनाव में गठबंधन दल जहां दूसरे स्थान पर रहे थे, उस पर ही निर्णय होना शेष है. इसमें भी कुछ सीटों की अदला-बदली संभव है. मिली जानकारी के अनुसार, 18 अक्टूर को रांची में प्रदेश कांग्रेस इलेक्शन समिति की बैठक होगी. इस बैठक की रिपोर्ट और सीट शेयरिंग का खाका लेकर प्रदेश नेतृत्व दिल्ली जायेगा, जिस पर अंतिम फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा.

### माले को दो से तीन सीट देने की तैयारी

मिली जानकारी के अनुसार, झामुमो और कांग्रेस अपने-अपने कोटे से माले को दो और अधिक से अधिक तीन सीटें दे सकते हैं. इनमें बगोदर और निरसा सीट शामिल हैं. माले की मांग राजधनवार और सिंदरी की भी है. मगर इसमें बहुत अधिक जिच होने पर एक सीट राजधनवार मिल सकती है.

### इतनी सीटों पर, कोई कोई जिच नहीं

साल 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में झामुमो 43 सीट पर चुनाव



लड़ी, जिसमें पार्टी को 30 सीट पर जीत हासिल हुई. वहीं कांग्रेस 31 सीट पर चुनाव लड़ी, जिसमें 16 सीटों पर जीत मिली. यानी कि इन तीनों दलों को मिलकर 47 सीट पहले से इनके खाते में रही. बाद में झाविमो के दो विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की कांग्रेस में शामिल हो गये, जिससे कांग्रेस की सीट बढ़कर 18 पहुंच गयी. मगर फिर रामगढ़ सीट में ममता देवी के जेल चले जाने के बाद रामगढ़ सीट गंवानी पड़ी. इसके बदले में मांडू सीट से जेपी पटेल के रूप में एक विधायक आये. लेकिन दलबदल के आरोप में उनकी भी सदस्यता चली गयी. अगर राजद की बात करें तो राजद सात सीटों पर चुनाव लड़ी, जिसमें मात्र एक सीट पर उसे सफलता हासिल हुई. अगर 2019 के हिसाब से देखा जाये, तो विनोद सिंह और मांडू के जेपी पटेल की सीट जोड़ ली जाये, तो इंडिया गठबंधन की सिटिंग की संख्या 51 तक पहुंच चुकी है. मतलब साफ है कि 50 से 51 सीट गठबंधन दलों को मिलना तय है. जिस पर कोइ जिच नहीं है.

### शेष बची सीटों पर खींचतान, राजद को होगी मुश्किल

शेष बची 30 सीटों पर इंडिया गठबंधन के बीच खींचतान होने की पूरी संभावना है. सबसे बड़ी मुश्किल तो राजद को लेकर होगी. राजद पिछली बार सात सीट पर चुनाव लड़ा था, जिसमें एक सीट पर जीत मिली. चार सीटों पर बहुत कम अंतर से पार्टी चुनाव हारी थी. इसलिए दूसरे स्थान पर रही सीटों को राजद छोड़ेगा, इसकी संभावना बहुत कम है. अब अंतिम निर्णय तो कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व, हेमंत सोरेन और तेजस्वी यादव ही करेंगे.

### भवनाथपुर पर झामुमो की नजर और कांग्रेस की रांची और सिल्ली पर

जहां तक सीटों की अदला-बदली की बात है. तो कई सीटों पर एक दूसरे की नजर है. पिछली बार भवनाथपुर सीट कांग्रेस लड़ी थी, मगर यह सीट इस बार झामुमो कांग्रेस से मांग रही है. अनंत प्रताप देव झामुमो में शामिल हो चुके हैं. इसलिए झामुमो इनके लिए यह सीट मांग रही है. चंदनक्यारी सीट से यह तय हो चुका है कि यह आजसू के खाते में नहीं जा रही है. भाजपा अपने सिटिंग विधायक अमर बाऊरी को ड्रॉप करने से मना कर दिया है.

## उमर अब्दुल्ला ने ली केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के पहले सीएम के रूप में शपथ

### 2 कश्मीर, 2 जम्मू और 1 चिनाब से मंत्री, कांग्रेस के लिए खाली रखा पद

जम्मू,(ईएमएस)। केंद्र शासित जम्मू कश्मीर में पहली सरकार का गठन हो गया है। दस साल बाद जम्मू कश्मीर की जनता को चुनाव के बाद को निर्वाचित सरकार मिली है और उमर अब्दुल्ला ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के पहले सीएम के रूप में शपथ ले ली है। शपथ ग्रहण समारोह कश्मीर की खूबसूरत डल झील के किनारे शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सेंटर में आयोजित किया गया, जिसमें उमर अब्दुल्ला ने सीएम और उनके साथ ही पांच मंत्रियों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ लेने वाले सभी पांचों मंत्री नेशनल कॉन्फ्रेंस कोटे के ही हैं।

उमर मंत्रिमंडल के शपथग्रहण में कांग्रेस के किसी विधायक ने मंत्री पद की शपथ नहीं ली है। इसके पीछे मंत्री पद को लेकर खींचतान बताई जा रही है। कांग्रेस दो मंत्री पद मांग रही थी जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस एक देने को तैयार थी। उमर मंत्रिमंडल में पहले सीएम समेत दस मंत्रियों के शपथ लेने की खबर थी लेकिन बाद में पांच प्लस एक के फॉर्मूले पर सरकार का गठन हुआ।

जम्मू और कश्मीर की सरकार में जिन पांच नेताओं ने सीएम उमर के साथ मंत्री पद की शपथ ली है, उनमें सतीश शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, सकीना येट्टू, जावेद डार और जावेद राणा शामिल हैं। उमर मंत्रिमंडल में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना को पटखनी देने वाले सुरेंद्र चौधरी और सतीश शर्मा के रूप में दो हिंदू चेहरे भी शामिल किए हैं।

उमर मंत्रिमंडल के गठन में कश्मीर घाटी के साथ ही चिनाब घाटी और जम्मू रीजन का बैलेंस साधने की कवायद साफ नजर आ रही है। नेशनल कॉन्फ्रेंस को जिस कश्मीर घाटी से सबसे त्यादा सीटें हासिल हुई हैं, उस रीजन से उमर सरकार में दो मंत्री बनाए गए हैं। जम्मू रीजन से भी दो और चिनाब घाटी से एक नेता को मंत्री बनाया गया है।

अरविंद केजरीवाल अपने इकलौते विधायक वली को जिम्मेदारी देने की बात कर रहे थे। वहीं, कांग्रेस भी दो मंत्री पद की डिमांड कर रही थी। अब उमर अब्दुल्ला ने कैबिनेट में चार बर्थ खाली रखी हैं तो इसे कांग्रेस के लिए स्पेस बचाए रखने की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

## झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू नई कोई योजना नहीं होगी लागू

रांची (ईएमएस)। भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसके साथ 15 अक्टूबर 2024 से झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके चलते हेमंत सरकार अब किसी भी योजना को लागू नहीं कर सकती। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने बताया कि मतदान 13 और 20 नवंबर को 2 चरणों में होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी। पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 18 और दूसरे चरण की 22 अक्टूबर को जारी होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पहले चरण में 43 विधानसभा क्षेत्रों में और दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। पहले चरण के लिए नामांकन 25 तक और दूसरे चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर होगी। पहले चरण के नामांकनों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर और दूसरे चरण की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर को होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव को लेकर नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर और दूसरे चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 01 नवंबर है। पूरी चुनावी प्रक्रिया 25 नवंबर को समाप्त होगी। श्री कुमार ने कहा कि मतदाताओं को मतदान को लेकर कोई असुविधा नहीं हो, इस लेकर तैयारी जारी है।

## मोदी सरकार की केंद्रीय कर्मचारियों को दीवाली की सौगात, 3% बढ़ा डीए

नई दिल्ली। धनतेरस और दिवाली के आने से पहले ही मोदी सरकार ने देश के करोड़ों कर्मचारियों को तोहफा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को डीए जारी करने का फैसला लिया है। वैसे केंद्रीय कैबिनेट ने यह फैसला केंद्रीय कर्मचारियों के लिए किया है, लेकिन केंद्र से हरी झंडी मिलते ही देश के कई राज्यों में भी डीए बढ़ाने का ऐलान किया जाएगा। केंद्रीय कैबिनेट ने 3 फीसदी डीए बढ़ाने के साथ ही कर्मचारियों को तीन महीने का एरियर देने की घोषणा की है। बता दें कि केंद्र हर साल जनवरी और जुलाई में कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाती है। साल 2024 में भी जनवरी में डीए 4 फीसदी बढ़ाया था, जबकि जुलाई का डीए बढ़ाने का फैसला बुधवार को हुई बैठक में लिया गया। इसकारण महंगाई भत्ते में हुई 3 फीसदी की बढ़ोतरी को जुलाई से ही लागू माना जाएगा। बता दें कि कर्मचारियों का महंगाई भत्ता उनके मूल वेतन यानी बेसिक सैलरी के आधार पर तय होता है। मान लें कि किसी कर्मचारी का मूल वेतन अगर 40 हजार रुपये है और उसका डीए 3 फीसदी बढ़ाया जाता है, तब उसकी सैलरी में 1,200 रुपये का इजाफा होगा। इस तरह, अगर मूल वेतन, महंगाई भत्ता और आवास भत्ता यानी एचआरए जोड़कर उसकी सैलरी 60 हजार पहले आती थी, तब अब 60,1200 रुपये आएगी।

चूंकि, यह बढ़ोतरी जुलाई से ही प्रभावी होगी, लिहाजा कर्मचारी को जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने का एरियर भी मिलेगा। इस तरह एरियर के रूप में भी उन्हें 3,600 रुपये मिलने है। बता दें कि डीए में बढ़ोतरी को जुलाई से ही लागू मानी जाएगी, इस हिसाब से अक्टूबर मिलाकर कुल 4 महीने हो जाएंगे। इस तरह अक्टूबर में कर्मचारियों को अभी तक मिल रहे कुल सैलरी से करीब 4800 रुपये बढ़कर मिलेगा।

## बंगाल खाड़ी में उठा तूफान आज पुडुचेरी और नेल्लोर तट से टकराने की आशंका

कोलकाता,(ईएमएस)। बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी में दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान में बदल गया है और गुरुवार सुबह पुडुचेरी और नेल्लोर के बीच तूफान के तट से टकराने की आशंका है और इससे दक्षिण तट और रायलसीमा के कई स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। आंध्र प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मौसम विभाग ने कहा कि तूफान के गुरुवार सुबह पुडुचेरी और नेल्लोर के बीच तट के पास टकराने की उम्मीद है। तट के किनारे हवाएं चल रही हैं जिनके 40-60 किमी/घंटा की गति होने की उम्मीद है। चेन्नई और तमिलनाडु के



कई इलाकों में विगत दिवस हुई भारी बारिश से शहर में आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। रिहायशी इलाकों और सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। बारिश के कारण यातायात थम सा गया है। सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित हो गईं और कई घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। दक्षिणी रेलवे ने जलभराव के चलते चेन्नई सेंट्रल-मैसूर कावेरी एक्सप्रेस सहित चार एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया है। कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है कुछ को चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन से पहले ही रोक दिया था। कई घरेलू उड़ानें रद्द की गईं हैं क्योंकि पर्याप्त संख्या में यात्री नहीं आए। आईएमडी के मुताबिक चिह्नित निम्न दबाव क्षेत्र एक अवसाद में बदल गया है और गुरुवार सुबह चेन्नई तट को पार करने की उम्मीद है।

आईएमडी ने कहा कि तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और चेन्नई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश और एक या दो स्थानों पर मूसलाधार भारी बारिश होने की संभावना है।

## भारत ने 'वन बेल्ट वन रोड' का किया विरोध, आतंकवाद से मुकाबले के लिए मजबूत साझेदारी करेंगे चीन-रूस

नई दिल्ली : भारत ने बुधवार को एक बार फिर चीन की महत्वाकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का एकमात्र देश बन गया है, जिसने इस विवादास्पद परियोजना का समर्थन नहीं किया है। इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ के शासनाध्यक्ष परिषद के सम्मेलन के अंत में जारी एक साझा विज्ञप्ति में कहा गया कि रूस, बेलारूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने चीनी कनेक्टिविटी पहल के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की।

### ओबीओआर को समर्थन देने से इनकार कर रहा भारत

वहीं इस विज्ञप्ति में कहा गया कि देशों ने परियोजना के कार्यान्वयन पर चल रहे काम पर ध्यान दिया, जिसमें यूरेशियन आर्थिक संघ को वन रोड वन इनिशिएटिव (ओबीओआर) से जोड़ने के प्रयास शामिल हैं। भारत पिछले एससीओ सम्मेलनों में भी ओबीओआर का समर्थन करने से इनकार करता रहा है। भारत ओबीओआर की कड़ी आलोचना करता रहा है, जिसे पहले बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के नाम से जाना जाता था, क्योंकि इस परियोजना में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) शामिल है जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरता है।

### कर्ज एक गंभीर चिंता का विषय है- जयशंकर

बता दें कि ओबीओआर के खिलाफ वैश्विक आलोचना बढ़ रही है क्योंकि कई देश इस पहल से



संबंधित परियोजनाओं को लागू करते समय कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। एससीओ सम्मेलन में अपने संबोधन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, कर्ज एक गंभीर चिंता का विषय है लेकिन उन्होंने इस पर और विस्तार से बात नहीं की। उन्होंने कहा, सहयोगी संपर्क नई दक्षताएं पैदा कर सकता है।

### 'ग्रेटर यूरेशियन पार्टनरशिप' बनाने का प्रस्ताव

संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों ने एससीओ, यूरेशियन आर्थिक संघ, दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ के साथ-साथ अन्य इच्छुक राज्यों और बहुपक्षीय संघों की भागीदारी के साथ 'ग्रेटर यूरेशियन पार्टनरशिप' बनाने के प्रस्ताव पर ध्यान दिया। इसमें कहा गया है, प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने एससीओ क्षेत्र में स्थिर आर्थिक और सामाजिक विकास सुनिश्चित करने की अपनी इच्छा की पुष्टि करते हुए 2030 तक की अवधि के लिए एससीओ आर्थिक विकास रणनीति और एससीओ सदस्य देशों के बहुपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग के कार्यक्रम को लागू करने के महत्व पर ध्यान दिया।

### आतंकवाद से मुकाबले के लिए साझेदारी करेंगे चीन-रूस

इधर चीन और रूस ने बुधवार को क्षेत्रीय सहयोग और आर्थिक एकीकरण के महत्व पर जोर दिया तथा आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एससीओ ढांचे के भीतर मजबूत साझेदारी का आह्वान किया। बता दें कि इस्लामाबाद में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए, चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग और रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन दोनों ने बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

### कई क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते तलाशने की अपील

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में आयोजित एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की 23वीं बैठक में दोनों नेताओं ने सदस्य देशों से प्रौद्योगिकी, डिजिटल व्यापार और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते तलाशने का भी आग्रह किया। रूसी प्रधानमंत्री मिशुस्तीन ने कहा कि उनका देश एससीओ ढांचे के भीतर संबंधों को मजबूत करने और सहयोग और नवाचार के माध्यम से क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# विधानसभा चुनाव : 63 बड़े नक्सलियों पर रहेगी झारखंड पुलिस की नजर



रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गयी है. राज्य में दो चरणों में चुनाव होगा. पहला चरण 13 नवंबर और दूसरा चरण 20 नवंबर को होगा. वहीं चुनाव के परिणाम 23 नवंबर को आयेंगे. तारीखों की घोषणा के बाद झारखंड पुलिस भी चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है, ताकि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो सके. इसको लेकर झारखंड पुलिस की नजर 63 बड़े नक्सलियों पर रहेगी. चुनाव आयोग के निर्देश पर शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने को लेकर झारखंड को 100 कंपनी अर्द्धसैनिक बल मिल गया है. इनमें सीआरपीएफ, सीआइएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी और आइटीबीपी शामिल हैं. इन बलों को राज्य के सभी 24 जिलों में तैनात किया जायेगा.

### इन बड़े 63 नक्सलियों पर रखी जायेगी नजर

झारखंड पुलिस की नजर 63 बड़े नक्सलियों पर रहेगी. इनमें राजू यादव, गुलशन उरांव, विरेंद्र गंझू, जितेंद्र सिंह, अकेला, शिवराज, प्रभात, लवलेश गंझू, कुंदन खेरवार, पप्पू शर्मा, मृत्युंजय, रविंद्र गंझू, छोटू खेरवार, मनोहर गंझू, मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, चमन, रघुनाथ हेंब्रम, अजय महतो, संजय महतो, साहेबराम मांझी, अमोद मोदक,साधु चरण, सुलेमान हांसदा, राहुल चंपिया, सागेन अंगरिया, सालुका कायम, सामएल बूढ़, सहेंद्र यादव, करीम, आक्रमण गंझू और ब्रजेश गंझू, फिरोज अंसारी और अनिल तुरी,लालचंद्र हेंब्रम, कुंवर मांझी, रणविजय महतो,प्रयाग मांझी, मोछू, रामप्रदास मारडी, पांचा उरांव, बलराम लोहरा, मार्टिन केरकेट्टा,राजू भुइया, पंकज कोरवा,कृष्णा यादव, जयंती, गुलशन मुंडा, अमित मुंडा,सहदेव सोरेन, बिरसेन गंझू, सहदेव महतो,बिरेन सिंह, प्रभात मुंडा, आरिफ, गोदराय यादव और रविंद्र यादव शामिल हैं.

### झारखंड में अब सिर्फ चाईबासा जिला है घोर नक्सल प्रभावित

झारखंड का एकमात्र जिला चाईबासा है, जो देश के घोर नक्सल प्रभाव वाले 12 जिलों में शामिल है. केंद्रीय गृह मंत्रालय के वामपंथ उग्रवाद डिविजन ने अप्रैल 2024 में देशभर की नक्सल समस्या से ग्रस्त जिलों की सूची जारी की थी. इसमें नौ राज्यों के 38 जिले शामिल थे. इनमें झारखंड के पांच जिलों (गिरिडीह, गुमला, लातेहार, लोहरदगा और चाईबासा) को नक्सल प्रभावी जिला माना गया था.

### राज्य में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया था लोकसभा चुनाव

बता दें कि झारखंड में लोकसभा चुनाव 2024 शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया था. झारखंड पुलिस ने अपनी विशेष रणनीति के बल पर नक्सलियों की तमाम हिंसा की साजिश को नाकाम कर शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराया था. अब झारखंड पुलिस के सामने विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने की चुनौती है. झारखंड पुलिस का मानना है कि चुनाव में नक्सली हिंसा पुरानी बात हो गयी है. विधानसभा चुनाव में भी झारखंड पुलिस बेहतर काम करेगी.

## संक्षिप्त खबरें

### चौपारण में वाहन जांच के दौरान सवारी बस से एक यात्री के पास 6 लाख 22 हजार 970 रुपए बरामद

हजारीबाग(ईएमएस)।विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार सहिता के प्रभावी होने के बाद निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने ज़िले के सभी चेक नाकों व विभिन्न स्थानों पर गहन सतर्कता बरतने के साथ साथ जांच अभियान चलाने के आदेश दिए है।इसी क्रम में बुधवार को चौपारण थाना गेट के सामने अंचल अधिकारी संजय कुमार यादव चौपारण एवं पु.अ.नि. बिन्देश्वर महतो सहित अन्य बलो के साथ सयुंक्त वाहन चेकिंग के दौरान महारानी बस में एक व्यक्ति के पास से एक बैग में रखे बैग से कुल नगद राशि कुल 6,22,970/-(छः लाख बाईस हजार नौ सौ सतर रु बरामद हुआ है। पूछताछ के क्रम में संबंधित व्यक्ति कमलेश प्रसाद शर्मा पता गया प्रसाद शर्मा,बरन्डी थाना बाराचट्टी जिला गया,बिहार के द्वारा उक्त कैश के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी और कागजात प्रस्तुत नही किया गया।वरीय पदाधिकारी एंव एफएसटी के दण्डाधिकारी प्रदीप कुमार पासवान को इस संबंध में जानकारी दी गई तथा आचार संहिता के प्रावधानों के अनुसार विधिवत बरामद राशि का जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया।जब्त रुपए और पकड़े गये व्यक्ति को अग्रतर कार्रवाई हेतु एफएसटी टीम के दण्डाधिकारी को सौंपा गया।

### चुनाव तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

हजारीबाग(ईएमएस)।विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर हजारीबाग जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को गठित सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारीयों के साथ सभाकक्ष में बैठक की गईं। बैठक में कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कार्यक्रम, ईवीएम प्रबंधन, मीडिया मॉनीटरिंग, कम्युनिकेशन प्लान, स्वीप प्लानिंग, आदर्श आचार संहिता, विधि व्यवस्था, एसएमएस मॉनिटरिंग एंड कम्युनिकेशन प्लान, परिवहन कोषांग, पोस्टल बैलेट कोषांग,मीडिया सेल समेत अन्य कोषांगों के दायित्व के निर्वहन और कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।उपायुक्त ने विधानसभा चुनाव के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही।साथ ही उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंच मार्ग, मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन,चुनावी प्रबंधन, मतदान प्रक्रिया,ईवीएम, वीवीपैट की कार्य प्रणाली,आदर्श आचार संहिता,मीडिया कोषांग की भूमिका, कानून व्यवस्था आदि का ज्ञान रहे. इसलिए सभी बातों को अच्छी तरह से समझ ले।चुनाव के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों से संबंधित सूची जल्द से जल्द सामग्री कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।इसके अलावे बैठक में उपायुक्त ने मतदान के समय मतदान कर्मियों को सेक्टर व बूथ तक पहुंचाने के लिए छोटी बड़ी वाहनों का आकलन करते हुए वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित कोषांग पदाधिकारी को दिया।

### देवघर में क्यू कंपलेक्स निर्माण कार्य मामले की हाईकोर्ट में हुई सुनवाई,18 अक्टूबर को अगली सुनवाई

रांची(ईएमएस)।झारखंड हाई कोर्ट में देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि इससे संबंधित जनहित याचिका में दिसंबर 2023 को हाई कोर्ट द्वारा पारित आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने रिव्यू पिटिशन हाई कोर्ट में दायर किया है, जिसपर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि इतनी विलंब से 9 माह बाद रिव्यू पिटिशन क्यों दाखिल किया गया। जबकि कोर्ट ने जनहित याचिका में देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के क्यू कॉम्प्लेक्स का निर्माण जल्द करने का आदेश राज्य सरकार को दिया था।हाइकोर्ट की खंडपीठ ने जनहित याचिका में पारित आदेश का अनुपालन करने का राज्य सरकार को निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को निर्धारित की। सुनवाई के दौरान पर्यटन सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे।

### दो साइबर अपराधी, 13 मोबाइल, 16 सिम, 02 एटीएम, एक मोटरसाइकिल एवं 45 हजार रूपए नगद के साथ गिरफ्तार

जामताड़ा(ईएमएस)।साइबर अपराध के विरुद्ध जामताड़ा पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई लगातार जारी है। जामताड़ा पुलिस मिली गुप्त सूचना के आधार पर आज नारायणपुर थाना क्षेत्र के खरखोकुंडी एवं दक्षिणीडीह गांव में पुलिस ने छापामारी कर साइबर अपराध में लिप्त 02 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने बताया कि इन साइबर अपराधियों के पास से 13 मोबाइल , विभिन्न कंपनियों के 16 सिम कार्ड, 02 एटीएम कार्ड, 01 पैन कार्ड, 01 मोटरसाइकिल एवं 45 हजार रूपए बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है।एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जामताड़ा मंडल कारा भेज दिया गया है।

### मौसम में आया बदलाव, 17 व 18 अक्टूबर को भी होगी बारिश

रांची(ईएमएस)।झारखंड के मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखने को मिल रहा है। यह बदलाव अगले दो दिनों तक जारी रहेगा।बुधवार को रांची सहित विभिन्न इलाकों में झमाझम बारिश हुई। मौसम केंद्र ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में डिप्रेशन की वजह से मौसम ने करवट ली है।इस कारण बादल छाए हुए हैं और बारिश भी हो रही है।मौसम विभाग के अनुसार, 17 और 18 अक्टूबर को भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश की संभावना जताई गई है। वज्रपात की भी संभावना जताई गई है। 17 अक्तूबर को रांची सहित देवघर, धनबाद, गोड्डा, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ साहेबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। वहीं 18 अक्टूबर को भी बारिश की संभावना जताई गई है।इन दो दिनों तक बादल छाए रहेंगे।19 अक्टूबर से मौसम साफ हो जाएगा।बुधवार को राज्य के सात जिलों धनबाद, रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में झमाझम बारिश हुई। तोरपा में सबसे ज्यादा 24.4 मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं सरायकेला में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है।जबकि न्यूनतम तापमान रांची में 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### मंत्री मिथलेश ठाकुर ने कहाः झामुमो कार्यकर्ता पूरे मन से जुटे चुनाव में

गढ़वा। झामुमो महिला मोर्चा की बुधवार को पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री ठाकुर को ऐतिहासिक मतों से जीताने का संकल्प ली। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सघन जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों को झारखंड सरकार के कार्यों से अवगत कराने एवं बूथ कमेटी को मजबूत करने का निर्णय लिया।मंत्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार ने काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद राज्यहित एवं जनहित में बहुत ही बेहतर कार्य की है।राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही सभी जनहित की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचायें। साथ ही विरोधियों की झूठ फरेब की नीति से भी जनता को अवगत करायें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता तन, मन से लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में लग जायें।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को अपने बूथ को मजबूत करते हुए चुनाव जीतने की टिप्स भी बताया। मंत्री ने कहा कि विरोधी चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, जनता भ्रमित होने वाली नहीं है। आगामी विस चुनाव में हर हाल में महागठबंधन बहुमत के आंकड़े को पार करेगा।गढ़वा की जनता विकास करने वाले को ही अपना जनप्रतिनिधि चुनेगी। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही सरकार बनेगी. बैठक में मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, अराधना सिंह, रेखा पाठक सहित काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## चंपाई सोरेन की युवाओं से अपीलः आइए, साथ मिल कर बनाएं "नया झारखंड"



रांची(ईएमएस)। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने युवाओं से अपील की है।उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि आइये, साथ मिल कर एक "नया झारखंड" बनाते हैं, उन लोगों के जीवन-स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं, जिन्होंने इस नए राज्य के साथ अपने बेहतर भविष्य के सपने देखे थे। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर राज्य के युवाओं से कहा है कि युवा शक्ति के कंधों पर किसी भी राज्य तथा राष्ट्र का भविष्य होता है।मात्र 24 साल पुराने हमारे झारखंड राज्य को लेकर आपके मन में कई सपने, उम्मीदें एवं आकांक्षाएं होंगी।आप में से कई साथी अपने परिवार, समाज, राज्य तथा राष्ट्र के लिए बहुत कुछ करना चाहते हैं, लेकिन व्यवस्था की वजह से मजबूर हैं। आपकी परेशानियों तथा आपके मुद्दों को हमने करीब से देखा एवं समझा है।झारखंड के युवा साथियों को जोहार।युवा शक्ति के कंधों पर किसी भी राज्य तथा राष्ट्र का भविष्य होता है। मात्र 24 साल पुराने हमारे झारखंड राज्य को लेकर आपके मन में कई सपने, उम्मीदें एवं आकांक्षाएं होंगी।आप में से कई साथी अपने परिवार, समाज, राज्य तथा राष्ट्र के लिए बहुत कुछ करना।चंपाई ने अपने पोस्ट में लिखा है कि पिछले साढ़े चार दशकों के मेरा बेदाग राजनीतिक सफर रहा है। हमने हमेशा युवाओं, छात्रों, महिलाओं एवं बड़े-बुजुर्गों समेत समाज के सर्वांगीण विकास के लिए काम किया है।हर किसी के मुद्दों व शिकायतों को सुनने और उनका समाधान तलाशने के लिए प्रयासरत रहा हूं।

### साकची के मेडिकल स्टोर में ड्रग कंट्रोलर का छापा, भारी मात्रा में नशीली दवा बरामद

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)। जमशेदपुर के साकची स्थित डेज मेडिकल स्टोर में बुधवार को ड्रग कंट्रोलर विभाग ने औचक छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बरामद की है। साथ ही इस बात का भी खुलासा हुआ कि उक्त मेडिकल स्टोर का लाइसेंस अमान्य होने के बाद भी संचालित हो रहा था। जिसे सील किए जाने की कार्रवाई विभाग ने शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि टाटानगर रेलवे स्टेशन से प्रतिबंधित नशीली दवाइयों के साथ कुछ युवकों को हिरासत में लिया गया था। युवकों ने इसी मेडिकल स्टोर से नशीली दवाइयां खरीदे जाने की पुष्टि की थी। जिसके बाद जमशेदपुर ड्रग कंट्रोल विभाग ने संयुक्त टीम बनाकर बुधवार को यहां दबिश दी और भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बरामद की है। इसमें ड्रग इंस्पेक्टर अबरार आलम और ड्रग इंस्पेक्टर सोनी बारा के साथ विभाग के अन्य कर्मी शामिल रहे फिलहाल दुकान के सीलिंग की कार्रवाई चल रही है।

### पिठोरिया से गिरफ्तार चार आरोपियों को भेजा गया जेल

रांची(ईएमएस)।रांची जिले के पिठौरिया पुलिस ने चोरी में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम जमील अंसारी, सारिक अंसारी, फैज़ल खान और मोहम्मद शकिल है। इन सभी को गिरफ्तार मेडिकल जांच कराया गया जिसके बाद जेल भेज दिया गया। इनके ऊपर मोटर चोरी करने और चोरी का समान खरीद बिक्री करने का आरोप है।

## झारखंड में पहली बार होगी दो चरणों में विधासभा चुनाव पहले चरण की तारीख पर सिख समाज को एतराज

रांची। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। 288 विधानसभा सीटों के लिए महाराष्ट्र में एक चरण में चुनाव होंगे जबकि 81 विधानसभा सीटों वाले राज्य झारखंड में दो चरणों में विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे। पहले चरण के तहत 13 नवंबर को जबकि दूसरे चरण के तहत 20 नवंबर को मतदान सुनिश्चित कराया गया है। चुनाव आयोग के अनुसार 23 नवंबर को मतों की गणना की जाएगी।राज्य गठन के बाद से अब तक एक बार छोड़ कर हमेशा पांच चरणों में चुनाव कराया गया है। साल 2005 में तीन चरणों में मतदान हुआ था। वर्ष 2009 में पांच चरण (25 नवंवर, 02 दिसंबर, 08 दिसंबर, 12 दिसंबर और 18 दिसंबर), 2014 में पांच चरण व 2019 में पांच चरण (30 नवंबर, 07 दिसंबर, 12 दिसंबर, 16 दिसंबर और 20 दिसंबर) में मतदान हुआ था। इस बार चुनाव आयोग ने 13 नवंबर और 20 नवंबर को केवल दो चरणों में चुनाव कराने का निर्णय लिया है। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मेन रोड व गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी के प्रतिनिधिमंडल ने रांची में मुख्य चुनाव अधिकारी के रवि कुमार से मिलकर नगर कीर्तन के दिन होनेवाले चुनाव की तिथि में परिवर्तन करने की मांग की है।

## उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह (जिला निर्वाचन शाखा, गिरिडीह)

दूरभाष संख्या 06532–250559 ईमेल election-giridih@jharkhandmail.gov.in

**जिलान्तर्गत सभी प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों/राजनीतिक दलों हेतु सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के प्रेस नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 केद्वारा झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव 2024हेतु तारीखों की घोशणा दिनांक 15.10.2024 को कर दी गई है जिसके उपरांत संपूर्ण जिलें में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। इस निमित्त जिलें में संचालित सभी प्रिंटिंग प्रेस/राजनैतिक दलों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के पंपलेट, पोस्टर, हेण्डबिल, होर्डिंग्स मुद्रण संबंधित अनुदेशों 127 ''क'' का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। जिससे संबंधित विस्तृत निदेश जिला के वेबसाईट www.giridih.nic.in पर उपलब्ध है। सभी प्रिन्टिंग प्रेस पंपलेट, पोस्टर, होर्डिंग्स आदि पर मुद्रक तथा प्रकाशक का नाम और पता मुद्रित करना सुनिश्चित करेंगे । साथ ही मुद्रित सामग्री की दो प्रति , एपेन्डिक्स 'ए' एवं 'बी' आदर्श आचार संहिता कोशांग(जिला गोपनीय शाखा, गिरिडीह) को तथा अनुसूची 2 लेखा दल को मुद्रण के तीन दिनों के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के पोस्टर, पंपलेट, होर्डिंग्स मुद्रण संबंधी अनुदेशों के अवहेलना की स्थिति में विधि–सम्मत् कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
सह उपायुक्त, गिरिडीह।

PR.NO.339143 Election(24-25):D

## चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक

### आदर्श आचार संहिता समेत कई अहम जानकारियों से कराया अवगत




गिरिडीह (ईएमएस)। विधानसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई। बैठक में आदर्श आचार संहिता के उचित अनुपालन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री लकड़ा ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही पूरे जिले में आचार संहिता लागू की गई है। साथ ही चुनाव में आचार संहिता के उचित अनुपालन को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई है। साथ ही मतदान प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की गई। इस दौरान उन्होंने सभाओं, जुलूस, मतदान दिवस, मतदान बूथ, सुविधा ऐप, संपति विरूपण अधिनियम, सर्टिफिकेशन, रोड शो सहित अन्य बिन्दुओं के संबंध में आयोग द्वारा जारी विस्तृत दिशा निर्देश के बारे में जानकारी दी। वहीं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा भी चुनाव के दौरान आयोग से कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कदम उठाए जाने को लेकर सुझाव दिए। उपायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी लोग भाग लें तथा एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करें और मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करें। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की अगर कोई त्रुटि हो तो तुरंत अवगत कराएं। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुविधा कैंडिडेट पोर्टल और ऐप से जुड़ी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सुविधा एक ऑनलाइन पोर्टल और ऐप है, जो मिटिंग, रैलियों, वाहनों, लाउडस्पीकरों और अन्य सभी प्रकार की अनुमतियों के लिए वन-स्टॉप समाधान है। इस ऐप का उपयोग करने के लिए, उम्मीदवारों को एक अकाउंट बनाना होगा और अपनी क्रैडेंशियल के साथ लॉग इन करना होगा। लॉग इन करने के बाद उम्मीदवार अपने नामांकन और अनुमति की स्थिति देख सकते हैं। इस ऐप के साथ आप प्रचार के लिए आवश्यक अनुमतियों की सूची भी देख सकते हैं। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विस्पुते ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की अपील करते हुए कहा कि चुनाव कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में लगे सभी अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियां साझा की जानी चाहिए। बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सबकी भागीदारी होती है और सभी के सहयोग से ही हम विधानसभा चुनाव संपन्न कराने में सफल होंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के फेक न्यूज़ या फेक वीडियो को फॉरवर्ड ना करें। विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए तथा पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये जिला प्रशासन कटिबद्ध है। आदर्श आचार संहिता के नियमों के उल्लंघन करने पर सुसंगत धाराओं में विधिक सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

वहीं उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतों ने राजनीतिक दल के सदस्यों को संपति विरूपण अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि वैसे सरकारी भवन, दीवार, मैदान आदि जिसमें किसी भी प्रकार का दीवार लेखन, पोस्टर/पंपलेट, होर्डिंग्स आदि लगाया गया है, उसे आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के 24 घंटे के अंदर निश्चित रूप से हटा लेना है। बताया कि सी-विजिल ऐप, सुविधा ऐप, एमसीएमसी सर्टिफिकेशन, आयोग द्वारा निर्वाचन व्यय की निर्धारित की गई अधिकतम व्यय सीमा विधानसभा में 40 लाख है।

## कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,धनबाद (सामान्य शाखा)

Email: dhanbadgs@gmail.com

**–::आदेश::–**

आगामी विधान सभा निर्वाचन–2024 के अवसर पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से शस्त्र नियमावली–1962 के नियम–63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति के शर्त–9 के तहत धनबाद जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों एवं अनुज्ञप्तियो का भौतिक सत्यापन करने हेतु नीचे अंकित निर्धारित तिथियों के दो चरणों में शस्त्र/अग्नेयास्त्र का भौतिक सत्यापन संबंधित थाना में कराया जाना है। इस निमित्त नीचे अंकित अंचल अधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी को उनके नाम के सम्मुख अंकित थाना में शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करने हेतु प्राधिकृत करते हुए प्रतिनियुक्त किया जाता है।

संबंधित थाना के थाना प्रभारी अपने–अपने थाना/ओ0पी0 के अर्न्तगत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को निर्धारित तिथि के पूर्व उन्हे सूचित करते हुए शस्त्रों का भौतिक सत्यापन प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी के देख–रेख में कराना सुनिश्चित करेंगे।

सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी संलग्न प्रपत्र में शस्त्रों के सत्यापन से संबंधित प्रतिवेदन जिला सामान्य शाखा, धनबाद को उपलब्ध कराते हुए उसकी एक–एक प्रति अपर जिला दण्डाधिकारी(विधि–व्यवस्था), धनबाद तथा अनुमण्डल पदाधिकारी, धनबाद को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

| कमांक | प्राधिकृत दण्डा0 का नाम | थाना क्षेत्र | निरीक्षण का स्थल | शस्त्र सत्यापन की तिथि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्रथम चरण | द्वितीय चरण |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | अंचल अधिकारी, धनबाद | धनबाद थाना क्षेत्र<br>बैंकमोड थाना क्षेत्र<br>सरायढेला थाना क्षेत्र | धनबाद थाना | 19.10.2024 | 21.10.2024 |
| 02 | प्रखड विकास पदा0, धनबाद | धनसार थाना क्षेत्र<br>केन्दुआडीह थाना क्षेत्र | धनबाद थाना | 19.10.2024 | 21.10.2024 |
| 03 | अंचल अधिकारी, पुटकी | पुटकी थाना क्षेत्र<br>जोगता थाना क्षेत्र<br>लोयाबाद थाना क्षेत्र | पुटकी थाना | 19.10.2024 | 21.10.2024 |
| 04 | अंचल अधिकारी, झरिया | झरिया थाना क्षेत्र<br>जोरापोखर थाना क्षेत्र | झरिया थाना | 19.10.2024 | 21.10.2024 |
| 05 | अंचल अधिकारी, झरिया | सुदामडीह थाना क्षेत्र<br>पाथरडीह थाना क्षेत्र | पाथरडीह थाना | 23.10.2024 | 25.10.2024 |
| 06 | प्रखंड विकास पदा0,बलियापुर | तिसरा थाना क्षेत्र<br>घनुआडीह थाना क्षेत्र | तिसरा थाना क्षेत्र | 19.10.2024 | 21.10.2024 |
| 07 | अंचल अधिकारी, बलियापुर | बलियापुर थाना क्षेत्र<br>सिन्द्री थाना क्षेत्र | बलियापुर थाना | 19.10.2024 | 21.10.2024 |
| 08 | अंचल अधिकारी, निरसा | निरसा थाना क्षेत्र | निरसा थाना | 19.10.2024 | 21.10.2024 |
| 09 | प्रखंड विकास पदाधिकारी, निरसा | चिरकुण्डा थाना क्षेत्र | चिरकुण्डा थाना | 19.10.2024 | 21.10.2024 |
| 10 | अंचल अधिकारी, गोविन्दपुर | गोविन्दपुर थाना क्षेत्र<br>बरवाअड्डा थाना क्षेत्र | गोविन्दपुर थाना | 19.10.2024 | 21.10.2024 |
| 11 | अंचल अधिकारी, टुण्डी | टुण्डी थाना क्षेत्र | टुण्डी थाना | 19.10.2024 | 21.10.2024 |
| 12 | अंचल अधिकारी, बाधमारा | कतरास थाना क्षेत्र<br>राजगंज थाना क्षेत्र | कतरास थाना | 19.10.2024 | 21.10.2024 |
| 13 | प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाधमारा | बाधमारा थाना क्षेत्र<br>बरोरा थाना क्षेत्र<br>तेतुलमारी थाना क्षेत्र | बाधमारा थाना | 19.10.2024 | 21.10.2024 |
| 14 | अंचल अधिकारी, बाधमारा | महुदा थाना क्षेत्र<br>मधुबन थाना क्षेत्र | महुदा थाना | 19.10.2024 | 21.10.2024 |
| 15 | प्रखंड विकास पदा0, तोपचाची | तोपचांची थाना क्षेत्र<br>हरिपुर थाना क्षेत्र | तोपचांची थाना | 19.10.2024 | 21.10.2024 |

शस्त्रों का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथियों को दो चरणों में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक किया जायेगा।

धनबाद जिला में अवस्थित वैसे संस्थान यथा–बैंक, सी0एम0आर0आई0, सी0एम0एफ0आर0, बी0सी0सी0एल0, ई0सी0एल0,टाटा जामाडोबा एवं अन्य संस्थानों के शस्त्रों का निर्धारित तिथि को निरीक्षण किया जायेगा परन्तु उक्त संस्थानों के शस्त्रों को थाना में जमा किये जाने से विमुक्त रहेंगे।

आगामी विधान सभा निर्वाचन–2024 के समाप्ति के उपरान्त संबंधित शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों को विमुक्त करते हुए उपलब्ध करा दिया जायेगा।

नोट–सभी थाना प्रभारी/ओ0पी0 प्रभारी अपने–अपने थाना अर्न्तगत वैसे सभी अनुज्ञप्तिधारी जो अन्य राज्य एवं जिला से अनुज्ञप्ति निर्गत होने के उपरान्त शस्त्र धारण कर रहे है, वैसे अनुज्ञप्तिधारी को चिन्हित करते हुए उनके शस्त्र का सत्यापन शत प्रतिशत करते हुए शस्त्रों को जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। इस आशय का प्रमाण–पत्र संयुक्त रूप से समर्पित करना सुनिश्चित करेगे।

उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी,धनबाद

PR 339124 Dhanbad(24-25).D

## संक्षिप्त खबरें

### मतदाता जागरूकता हेतु मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पेंटिंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



गिरिडीह :- झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गिरिडीह जिले के विभिन्न प्लस टू उच्च विद्यालयों/उत्क्रमित विद्यालयों में मतदाता प्रतिज्ञा शपथ, पेंटिंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य वहां के युवा मतदाताओं को जागरूक करना तथा उन्हें मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी-विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना है। साथ ही युवा मतदाताओं के माध्यम से उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का प्रयास करना है। इस दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता प्रतिज्ञा शपथ, पेंटिंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित की। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई।

## 25 हजार ठेका कर्मियों को दीपावली के पूर्व बड़ी सौगात

बोकारो । बोकारो स्टील संयंत्र प्रबंधन ने अपने यहां कार्यरत लगभग 25 हजार ठेका कर्मियों को दीपावली के पूर्व एक बड़ी सौगात दी है । संयंत्र में कार्यरत ठेका कर्मियों को समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना का लाभ मिलेगा जिसे कारखाना प्रबंधन ने हाल ही में लागू किया है । बताते चलें कि यह वार्षिक बीमा योजना बोकारो स्टील संयंत्र में कार्यरत लगभग 25 हजार ठेका कर्मियों के हित में कार्य कर रही ठेका कर्मियों के पंजीकृत ट्रस्ट बोकारो बेलफेयर ट्रस्ट द्वारा ली गयी है । हाल ही में इस वार्षिक पॉलिसी बीमा योजना को लेकर बोकारो स्टील संयंत्र प्रबंधन और बोकारो बेलफेयर ट्रस्ट के बीच एक एम ओ यू पर हस्ताक्षर भी हुआ है । बताया जा रहा है कि इस वार्षिक पॉलिसी योजना के तहत प्रीमियम की राशि प्रतिभूति के रूप में ठेका कर्मियों के नियोक्ता ठेकेदार को की जाएगी जिसका भुगतान ठेका कर्मी संबंधित ठेकेदार के माध्यम से ट्रस्ट का सदस्यता शुल्क और प्रीमियम की राशि जमा कर पायेंगे ।

## 1581 मतदान केंद्रों के लिए 828 मतदान भवन की व्यवस्था

बोकारो । झारखंड में आसन्न विधान सभा चुनाव की डुगडुगी बजते ही बोकारो जिला प्रशासन अभी से ही तैयारियों में जुट गया है । जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों बोकारो, बेरमो, गोमिया और चंदनकियारी में चुनावी प्रक्रियाओं के तहत कुल 1581 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे जहां इन क्षेत्रों के कुल 1487103 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे । इनमें 765024 पुरूष एवं 722046 महिला मतदाता शामिल हैं । बता दें कि यहां 20 नवंबर को चुनाव होना है और मतों की गिनती का काम 23 नवंबर को होगा । मतपेटियों के रख-रखाव के लिए ब्रज ग्रृह के साथ ही मतों की गिनती के लिए बोकारो से सटे चास में कृषि उत्पादन बाजार समिति को भी तैयार किया जा रहा है । बताते चलें कि जिले में बनाए जाने वाले कुल 1581 मतदान केंद्रों के लिए कुल 828 मतदान भवन की भी व्यवस्था की गयी है । चुनाव कार्य के संचालन के लिए एक कन्ट्रोल रूम भी संचालित किया जायेगा जो सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक काम करेगा ।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत

बरकट्ठा।बरकट्ठा में बुधवार को जीटी रोड़ पर हुई सड़क दुर्घटना में एक शिक्षक की मौत हो गई। बरकट्ठा थाना के समीप बुधवार कि सुबह 8:30 बजे के करीब बगोदर कि ओर से आ रही सुपर स्पलेंडर मोटर साइकिल नंबर जेएच 10 सीबी 9444 को पीछे से आ रही एक अज्ञात ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक चालक ग्राम गोविंदपुर धनबाद निवासी शिक्षक राजू मंडल 36 वर्ष पिता बीरबल मंडल की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय गैड़ा में वोकेशनल शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। जो अपने घर से दुर्गा पूजा कि छुट्टी मनाकर विद्यालय जा रहे थे।घटना पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार रविदास, शिक्षक संघ जिला कमेटी सदस्य सुनील कुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, सचिव रामकिशुन महतो समेत अन्य शिक्षकों ने शोक व्यक्त किया है। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी को लेकर भागने में सफल रहा।मौके पर पहुंचकर बरकट्ठा थाना पुलिस ने मृतक के शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बोकारो इस्पात संयंत्र में 41 ओ सी टी टी प्रशिक्षुओं ने दिया योगदान

बोकारो : बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में 41 ओ सी टी टी प्रशिक्षुओं ने योगदान दिया तथा दिनाँक 16 अक्टूबर को प्रशिक्षुओं का छह सप्ताह का लोकल इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन तथा सुरक्षा शपथ के साथ किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद उपस्थित थे. कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक (माइंस) श्री जयदीप दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (एम आर डी एवं अतिरिक्त प्रभार एस एम एस-न्यू) श्री राजीव धवन तथा मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री मनीष जलोटा भी उपस्थित थे. छह सप्ताह के प्रशिक्षण के पश्चात सभी प्रशिक्षुओं का पदस्थापन बोकारो स्टील प्लांट में किया जायेगा. कार्यक्रम के स्वागत अभिभाषण में उप महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री राजेश कुमार ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया. मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद



ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए प्रशिक्षुओं को सुरक्षा संस्कृति व अनुशासन को अपनाते हुए प्लांट के निरंतर विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने प्रशिक्षुओं को इस्पात उद्योग में वर्तमान समय में व्याप्त प्रतिस्पर्धा और बोकारो स्टील प्लांट के द्वारा उठाए गए प्रतिस्पर्धात्मक कदम पर भी प्रकाश डाला. अधिशासी निदेशक (माइंस) श्री दासगुप्ता ने भी अपने उदबोधन में प्रशिक्षुओं को सुरक्षा और अनुशासन की अहमियत को रेखांकित करते हुए आगे बढ़ने तथा नए प्रशिक्षुओं से बोकारो स्टील प्लांट की अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला. मुख्य महाप्रबंधक (एम आर डी एवं अतिरिक्त प्रभार एस एम एस-न्यू) श्री राजीव धवन ने अपने अभिभाषण में प्रशिक्षुओं के अपेक्षित रोल पर प्रकाश डाला और कहा कि सभी प्रशिक्षुओं की भूमिका बोकारो स्टील प्लांट की प्रगति के लिए अपेक्षित है. कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री एस. एन मिश्रा कनीय अधिकारी (ज्ञानर्ज़न एवं विकास) ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्ञानर्ज़न एवं विकास विभाग के नव प्रशिक्षु प्रकोष्ठ के श्री राजू रंजन प्रसाद, सुश्री अनीता तथा सुश्री श्वेता कुमारी के साथ सभी कर्मचारियों का अहम योगदान रहा.

## स्वीप कोषांग की बैठक में मतदाता जागरूकता को लेकर लिए गए निर्णय

गिरिडीह : उप विकास आयुक्त-सह-वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, श्रीमती स्मृता कुमारी ने स्वीप एक्टिविटी को लेकर अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा निर्वाचन 2024 को सफल बनाने के लिए जिला स्वीप कोषांग के द्वारा वृहत प्रचार-प्रसार करने पर चर्चा हुई। साथ ही विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर स्वीप कोषांग द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त-सह-वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वीप कोर कोषांग के सभी पदाधिकारीगण अपने-अपने कार्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। स्वीप कोषांग का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाकर कोई मतदाता न छूटे, श्लोगन को चरितार्थ करना, शत-प्रतिशत मतदाता द्वारा मतदान प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करना, पीडब्लूडीएस मतदाता पंजीकरण एवं उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जिला स्वीप प्लान का कार्य मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाकर मतदान प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाना, नैतिक एवं गुणवत्तापूर्ण मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करना, युवा मतदाताओं विशेषकर 18 से 19 वर्ष का पंजीकरण करना, प्रजातंत्र एवं चुनाव प्रक्रिया पर सतत् प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार करना, निर्वाचक नामावली में दृष्टिगत जेंडर गैप कम करना तथा वंचित वर्गों का पंजीकरण कराना, दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण एवं मतदान प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करना आदि शामिल है। इसके



साथ ही उन्होंने स्वीप कैलेंडर वाइज स्वीप एक्टिविटी को सक्रिय भूमिका के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, श्री जीतू कुमार, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, श्री आशुतोष कुमार तिवारी, महिला पर्यवेक्षिका, श्रीमती किरण प्रसाद, प्रधान लिपिक, स्वीप कोषांग, वरीय लेखा लिपिक, स्वीप कोषांग व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## रुक्का पानी प्लांट के कर्मी ने मांगों क़ो लेकर हड़ताल पर बैठे

ओरमांझी(मोहसीनआलम)-राजधानी रांची के आधा आबादी को पानी मुहैया कराने वाला ओरमांझी का रुक्का पीएचईडी पानी प्लांट के 100 से अधिक कर्मचारीयों ने अपने अनेकों जायज मांगो को लेकर पिछले 2 दिनों से हड़ताल में है। सभी कर्मचारियों का कहना है की यदि हम लोगों का मांग पूरा नहीं हुआ तो हमलोग काम पर नहीं जाएंगे। जानकारी के मुताबिक़ पीएचईडी में पिछले 3 वर्षो से एपीसीएल कंपनी ऑपरेशन और मेंटेंस का कार्य कर रही थी। जो की उसका टेंडर समाप्त हो चुकी है। जिसके बाद न्यू एजेंसी पाठक इंजीनियरिंग को ऑपरेशन एवम मेंटेन्श का कार्य 10 अक्टूबर 24 से हेंडोवर मिला जिसके बाद पीएचई डी में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी 10अक्टूबर 24 को सभी कर्मचारी पीएचईडी के मुख्य गेट के समीप धरने पर बैठ गए । जिसके बाद न्यू एजेंसी सभी कर्मचारियों के साथ बात हुई की 15अक्टूबर 24 को आपलोगो का मांग पूरा कर दिया जायेगा.परंतु समय बीत जाने के बात भी आउटसोर्स कर्मचारियों का मांग पूरा नहीं किया गया जिसे नाराज़ होकर सभी कर्मचारी हड़ताल पे चले गए। हड़ताल पर चले जाने से महज कुछ कर्मी ही प्लांट को संभाल रहे हैं। अब देखना होगा कि कर्मियों की मांग कब पूरी होती है,और कर्मी हड़ताल से वापस लौटते हैं।

## आकस्मिक दुर्घटनाओं से होने वाले ट्रॉमा पर जागरूकता फैलाने का आह्वान किया

रांचीः विश्व ट्रॉमा दिवस के अवसर पर, मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स अस्पताल, रांची के प्रमुख न्यूरो सर्जन डॉ. आनंद कुमार झा ने सड़क दुर्घटनाओं और अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं से होने वाले ट्रॉमा पर जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। डॉ. झा ने कहा, "भारत में हर साल लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा गंभीर रूप से घायल हो जाता है। समय पर उपचार और ट्रॉमा प्रबंधन से हजारों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।" उन्होंने बताया कि ट्रॉमा की स्थिति में स्वर्णिम घंटे (गोल्डन ऑवर) का अत्यधिक महत्व है। यदि इस समय में उचित चिकित्सा सहायता दी जाए, तो मरीज की जान बचाई जा सकती है और गंभीर स्थायी क्षति को रोका जा सकता है। डॉ. झा ने कहा कि ट्रॉमा के प्रति जागरूकता और सही कदम उठाने से ही हम सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों और विकलांगताओं को कम कर सकते हैं। "सड़क सुरक्षा नियमों का पालन, हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग, और सही समय पर चिकित्सा सहायता ट्रॉमा से बचाव के प्रमुख उपाय हैं," उन्होंने कहा। मेदांता अस्पताल, रांची में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ टीम के साथ, हम हर प्रकार के ट्रॉमा मरीजों को सर्वश्रेष्ठ इलाज प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस विश्व ट्रॉमा दिवस पर, डॉ. झा ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें और ट्रॉमा के लक्षणों को पहचानने और समय पर मदद लेने के लिए तत्पर रहें। मेदांता अस्पताल, राँची में विश्व स्तरीय इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर सुविधाः हॉस्पिटल डायरेक्टर विश्वजीत कुमार ने कहा की हर साल ४०० से भी ज़्यादा लोगो की सड़क दुर्घटना में मौत होती है । उन्होंने ने लोगो से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहे और ट्रैफिक रूल्स का पालन करें । मेदांता अस्पताल में इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर की विश्व स्तरीय सुविधा है।

## भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झुरझुरी में दो पक्षों के बीच भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। मंगलवार 15 अक्टूबर की शाम को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में कौशल्या देवी 35 वर्ष पति राम कुमार घायल हो गईं। जिसे इलाज के लिए बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रलाया गया। जहाँ से चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस बाबत कौशल्या देवी ने बरकट्ठा थाना में आवेदन दिया है। जिसमें मारपीट करने का आरोप गांव के ही चार लोगों पर लगाया है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने किया रक्तदान



दुलमी(रामगढ़)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुलमी नगर ईकाई के खेलों भारत संयोजक विशाल कुमार और कार्यकर्ता पिंटू कुमार महतो ने बुधवार को रांची रिम्स में जरूरतमंद मरीज को रक्त दान कर जीवन दान किया। विशाल कुमार ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं हो होता है,हर विपरीत परिस्थितियों में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर रक्तदान कर जनसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। वहीं पिंटू कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का कार्य पूरे विश्व में उत्कृष्ट है जहां असहाय लोगों की सहायता के लिए विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता हमेशा खड़े रहते हैं।

## पीके रॉय कॉलेज के संस्थापक स्व.भोला नाथ रॉय के बेटे प्रो. बिद्युत कुमार रॉय का निधन





धनबाद। पी.के. रॉय कॉलेज के संस्थापक स्व. भोला नाथ रॉय के इकलौते बेटे प्रोफेसर बिद्युत कुमार रॉय का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन पर जिले में लोगों ने शोक जताया है। उन्होंने अपनी अंतिम सांस अपने धनबाद के 99 साल पुराने पैतृक निवास रॉय विला में ली। आज उनकी अंतिम यात्रा हिरापुर के पी.के. रॉय रोड से शुरू हुई। प्रो. बी.के. रॉय, पी.के. रॉय कॉलेज में जूलॉजी के प्रोफेसर थे। अपने जीवनकाल में उन्होंने कभी किसी छात्र से ट्यूशन फीस नहीं लिया और हमेशा से छात्रों के सबसे चहेते प्रोफेसर रहे। आज उनके छात्र पूरे भारत के उच्च संस्थानों में देश के लिए सेवा कर रहे हैं। उनका इलाज भी उनके छात्रों ने ही किया। प्रो. रॉय अपनी अर्धांगिनी और दो पुत्रों को छोड़ गए। उनके छोटे बेटे 36 देशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और वर्तमान में डिजिटल इंडिया के साइंटिफिक एडवाइजर हैं। वहीं उनके परिवारजनों में भी शोक व्याप्त है।

## ओबीसी , एससी का आरक्षण मौलिक हक : कैलाश

रांची : प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बीजेपी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेताओं पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि झारखंड निर्माण के बाद भाजपा ने राज्य में ओबीसी को 27 से 14 एवं अनुसूचित जाति को 15 से 10 फीसदी आरक्षण में कटौती कर बहुसंख्यक समाज का मौलिक हक और अधिकार छीनने का काम किया है ! जिसका दंश आज तक बहुसंख्यक OBC, SC लगभग 75 फीसदी लोग झेल रहे हैं जिस कारण अब तक 20 लाख युवा बेरोजगार हुए हैं ! यादव ने कहा कि झारखंड निर्माण के बाद तत्कालीन प्रथम मुख्यमंत्री बने बाबूलाल मरांडी ने जेडीयू आजसू के साथ एनडीए सरकार चलाई ,जिस दौरान उन्होंने राज्य के अहित में कई जनविरोधी निर्णय लिए ! डोमिसाइल लागू कर लोगो में जनाक्रोश करवाया , ओबीसी और अनुसूचित जाति का आरक्षण में कटौती कर बहुसंख्यक आबादी के खिलाफ नफरत भरी निर्णय लेकर पीछे धकेलने का काम किया ! ऐसे अनेकों उदाहरण हैं इसलिए भाजपाइयों को आरक्षण शब्द का प्रयोग नहीं करना चाहिए ! राज्य में विगत 5 वर्षों से महागठबंधन सरकार राजद कांग्रेस जेएमएम ने कई ऐतिहासिक जनसरोकार का कार्य कर लोगो की जनाकांक्षाओं को पूरा करने का काम किया है ! किसानों का 2 लाख रु ऋण माफी,बिजली बिल माफी,200 यूनिट तक बिल माफ, मईया सम्मान योजना,छात्रवृति और गंभीर बीमारी के लिए राशि निर्गत करना जैसे अनेकों साहसिक और जनहित के कार्य किए गए इसलिए बीजेपी के पास थोथी दलील के अलावा कोई ठोस मुद्दा नहीं है !

## 18 को बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव रांची में

रांचीः झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने बताया कि बिहार विधासभा में विपक्ष के नेता व युवाओं के दिल की आवाज श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी दिनांक 18/10/2024 को रांची आ रहे है ।रांची में राष्ट्रीय जनता दल के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं से करेंगे मुलाकात तथा चुनाव से संबंधित सभी से बातचीत करेंगे। मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि हमारे नेता तेजस्वी प्रसाद यादव जी सड़क मार्ग से रांची पहुंचेंगे और वर्तमान राजनीतिक स्थिति एवं राष्ट्रीय जनता दल कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी इस पर भी अपने दल के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श करेंगे ।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक




हज़ारीबाग।आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को गठित सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारीयों के साथ सभाकक्ष में बैठक की गईं। बैठक में कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कार्यक्रम, ईवीएम प्रबंधन, मीडिया मॉनीटरिंग, कम्युनिकेशन प्लान, स्वीप प्लानिंग, आदर्श आचार संहिता, विधि व्यवस्था, एसएमएस मॉनिटरिंग एंड कम्युनिकेशन प्लान, परिवहन कोषांग, पोस्टल बैलेट कोषांग,मीडिया सेल समेत अन्य कोषांगों के दायित्व के निर्वहन और कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।उपायुक्त ने आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंच मार्ग, मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन, चुनावी प्रबंधन, मतदान प्रक्रिया, ईवीएम, वीवीपैट की कार्य प्रणाली,आदर्श आचार संहिता, मीडिया कोषांग की भूमिका, कानून व्यवस्था आदि का ज्ञान रहे। इसलिए सभी बातों को अच्छी तरह से समझ ले।

बैठक में उपायुक्त ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया तथा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्मिक कोषांग को चुनाव के दौरान कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों से संबंधित डाटा बेस तैयार करने का निर्देश दिया।चुनाव के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों से संबंधित सूची जल्द से जल्द सामग्री कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे बैठक में उपायुक्त ने मतदान के समय मतदान कर्मियों को सेक्टर व बूथ तक पहुंचाने के लिए छोटी-बड़ी वाहनों का आकलन करते हुए वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित कोषांग पदाधिकारी को दिया।उपायुक्त ने कहा कि आगामी चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु यह बहुत जरूरी है कि चुनाव में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जाए। इसके लिए उपायुक्त ने वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग को कार्य योजना तैयार करते हुए प्रशिक्षण संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक में कोषांगों के गठन व पदाधिकारियों-कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, मतदान दल-सेक्टर मजिस्ट्रेट को सामग्री वितरण, मतपेटी की उपलब्धता, पंजी संधारण, मतदान कर्मियों के आवागमन के लिए वाहन की सुविधाएं, मतदाता जागरूकता संबंधी कार्य समेत कई अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।मौके पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद,उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, एसडीएम सदर एवं बरही,डीसीएलआर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,समेत कार्यपालक दंडाधिकारी एवं सहायक नोडल पदाधिकारी पदाधिकारी मौजूद रहें।

## बीएसएल की टीम ने जीता डायरेक्टर पर्सनल कप



ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए), नई दिल्ली द्वारा आयोजित रण नीति डायरेक्टर पर्सनल कप बिजनेस सिमुलेशन गेम्स का ग्रैंड फिनाले एमटीआई रांची में आयोजित किया गया. ग्रैंड फिनाले में बोकारो स्टील प्लांट से महाप्रबंधक (एचएसएम) श्री सुधीर, सहायक महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री अमित आनंद और वरीय प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री प्रीति कुमारी की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया. बोकारो स्टील प्लांट की ही दूसरी टीम ने स्पर्धा में प्रथम रनर-अप का स्थान हासिल किया जिसमें उप महाप्रबंधक (एचएसएम) श्री राहुल सिंह, वरीय प्रबंधक (सीटीएस) श्री ओवैस अहमद और प्रबंधक (एचएसएम) श्री राहुल रंजन पांडा शामिल थे. उल्लेखनीय है कि प्लांट-स्तरीय प्रतियोगिता के लेवल -1 में कुल 142 से अधिक टीमों के बीच कड़े मुकाबले के पश्चात विभिन्न सेल प्लांट इकाइयों का प्रतिनिधित्व कर रहे 21 उत्कृष्ट टीमें फाइनलिस्ट रहे. ग्रैंड फिनाले से पहले, दिनाँक 14 अक्टूबर, 2024 को इन 21 टीमों के बीच एक सेमीफाइनल राउंड आयोजित किया गया जिसके उपरांत 11 टीमें फाइनल राउंड में पहुंचीं. बोकारो इस्पात संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर दोनों टीमों को बधाई दी है.

## संक्षिप्त ख़बरें

### पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा द्वारा शिशु दुग्धपान एवं चेंजिंग कक्ष का उद्घाटन

पटना, (ईएमएस)। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर बुधवार को केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में शिशु दुग्धपान एवं चेंजिंग कक्ष का उद्घाटन किया गया। केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में आने वाली महिलाओं को अपने छोटे बच्चों के दुग्धपान कराने हेतु चेंजिंग कक्ष की यह सुविधा पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर एवं इनर व्हील क्लब आफ आम्रपाली, पटना के संयुक्त प्रयास से उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही बुधवार को पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा द्वारा अस्पताल के मरीजों हेतु 15 बीपी मशीन एवं एक लेजर प्रिंटर मशीन भी भेंट किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इनर व्हील क्लब आफ आम्रपाली, पटना की अध्यक्षा विभा कुमार उपस्थित थीं। साथ ही पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याएं भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।

### सारण में जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत

सारण (ईएमएस)। बिहार के सारण में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हुई हैं, जबकि दो अन्य बीमार लोगों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सारण जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि यह घटना जिले के मशरख थाना अंतर्गत इब्राहिमपुर इलाके में हुई।प्रशासिनक बयान में कहा गया, "संदिग्ध तौर पर जहरीली शराब पीने से हुई मौत की सूचना मिलने पर पुलिस बुधवार सुबह मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। दो अन्य को अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मामले की आगे जांच की जा रही है। अप्रैल 2016 में नीतीश कुमार सरकार ने बिहार में शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया था। शराब तस्करों के खिलाफ अभियान चलाए जाने के बावजूद राज्य से शराब की तस्करी की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

### रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर कैमूर में आचार संहिता लागू, 18 से 25 अक्तूबर तक होगा नामांकन

कैमूर : कैमूर में भभुआ जिला अधिकारी (डीएम) सावन कुमार ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित की। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही आज से पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। डीएम ने जानकारी दी कि उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 18 अक्तूबर से 25 अक्तूबर तक चलेगी। नामांकन की संवीक्षा 28 अक्तूबर को की जाएगी, जबकि उम्मीदवार अपने नामांकन 30 अक्तूबर तक वापस ले सकते हैं। मतदान की तिथि 13 नवंबर तय की गई है और मतगणना 23 नवंबर को होगी। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता जिले भर में लागू हो चुकी है। डीएम ने बताया कि इस दौरान सभी राजनीतिक दलों को आचार संहिता का सख्ती से पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि उपचुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी राजनीतिक दलों के साथ जल्द ही बैठक की जाएगी। उसमें नियमों के पालन पर जोर दिया जाएगा। डीएम सावन कुमार ने बताया कि चुनाव से संबंधित सभी कार्यों के लिए मोहनिया अनुमंडल पदाधिकारी को अधिकृत किया गया है। उम्मीदवारों को प्रचार-प्रसार के लिए सभी प्रकार की अनुमतियां संबंधित पदाधिकारी से लेनी होंगी। सभी उम्मीदवारों को चुनाव आयोग के नियमों का पालन करते हुए प्रचार करना होगा।

### भाजपा सीएम नीतीश कुमार के साथ केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से झाड़ा पल्ला

पटना : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भारतीय जनता पार्टी थोड़ी भी दूरी नहीं बनाएगी। ऐसी आशंका भी नहीं हो, इसके लिए भाजपा एक-एक कदम फूंक-फूंक कर रख रही है। इसी क्रम में बिहार भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और पार्टी के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह से दूरी बना ली है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नीतीश कुमार सरकार के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने गिरिराज सिंह की हिंदू स्वाभिमान यात्रा से पार्टी को अलग करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की यात्रा नहीं। जहां गिरिराज बार-बार हिंदुत्व कार्ड खेल रहे, वहीं जायसवाल ने कहा कि हम नफरत या सियासत के नाम पर नहीं मोहब्बत के नाम पर चुनाव लड़ेंगे। दिलीप जायसवाल ने कहा कि हिन्दू स्वाभिमान यात्रा भाजपा का कार्यक्रम नहीं है। गिरिराज सिंह की यात्रा से नीतीश कुमार की सेक्युलर इमेज को कोई खतरा नहीं है। सीएम नीतीश की सेक्युलर इमेज के साथ दिलीप जायसवाल साथ खड़े हैं। बिल्कुल यहां किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। वहीं बिहार की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्याशियों की घोषणा एक हफ्ते में कर दी जाएगी। तेजस्वी यादव की यात्रा शुरू होने और स्थगित होने पर दिलीप जायसवाल ने कहा कि जिस समय बाढ़ में जनता थी। उस समय वो जनता को पूछने नहीं गए और राजनीतिक दुकानदारी चलाने निकले थे। जनता ने उन्हें खारिज कर दिया है। आगामी चुनाव परिणाम में स्पष्ट हो जाएगा।

### बाहुबली मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी ने किया सरेंडर

पटना : बिहार के पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद हत्याकांड में आजीवन कारावाज की सजा पाने वाले बाहुबली व पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला ने बुधवार को सिविल कोर्ट मे सरेंडर कर दिया। उनके साथ मंटू तिवारी ने भी सरेंडर किया। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाइ है। सरेंडर के दौरान कोर्ट में मुन्ना शुक्ला के समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। समर्थक मुन्ना शुक्ला के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। इधर जेल जाने पहले राजद नेता मुन्ना शुक्ला अपने पैतृक गांव में लोगों को साथ बैठक की। कहा कि हम भले ही जेल में रहेंगे। सरकार भी बदलेगी लेकिन जेल में रहकर भी अपने घर पर बैठक करते रहेंगे। राजद नेता ने बताया कि मुझे जनता ने बनाया है। जनता सब जानती है। जेल से टेंशन नहीं है। मुझे यह नहीं पता था कि मुझे पीए मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी जानते हैं। कह कि हम तो मुख्यमंत्री-मुख्यमंत्री 20 साल तक खेले हैं, लेकिन देश के पीएम और गृहमंत्री हमें जान रहे हैं, यह बड़ी बात है। रमा देवी ने स्पष्ट कह दिया था कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दबाव में मुझे आजीवन कारावास की सजा मिली। अगर वह यह बात नहीं कहतीं तो हम अंधेरे में रहते। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की 1998 में हुई हत्या के मामले में पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला समेत दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इस पर शुक्ला ने आत्मसमर्पण करने के लिए समय मांगने के लिए याचिका दायर की थी, जिसे बुधवार को अदालत ने खारिज कर दिया। दरअसल, पूर्व विधायक की ओर से वकील विकास सिंह ने जस्टिस संजीव खन्ना, संजय कुमार और आर महादेवन की पीठ से अनुरोध किया था कि उनकी पत्नी के स्वास्थ्य और मामलों के प्रबंधन के लिए एक महीने यानी 30 दिन का समय चाहिए। हालांकि, याचिका खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि तीन अक्तूबर के आदेश में शुक्ला को 15 दिन का पर्याप्त समय दिया गया है और इसलिए अब और समय नहीं दिया जा सकता।

### पॉश कॉलोनी में डबल मर्डर

पटना में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। पाटलिपुत्रा थाना से महज 130 मीटर दूर अपराधियों ने बुजुर्ग दंपती की हत्या कर दी है। प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है कि दोनों की बेरहमी से हत्या की गई है। सिर पर गंभीर जख्म के निशान हैं। घटना पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के नेहरू नगर रोड नंबर दो स्थित मकान नंबर 62 के पहले फ्लोर पर मंगलवार को हुई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। मरने वालों की पहचान सीवान के नौतन थाना क्षेत्र पचलखी गांव निवासी एनके श्रीवास्तव (74) और उनकी पत्नी सुजाता देवी (68) के रूप में हुई है। एनके श्रीवास्तव बिस्कोमान के सेवानिवृत अधिकारी थे। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। फौरन फोरेंसिक की टीम को बुलाया गया। पटना सेंट्रल एसपी स्वीटी सहरावत ने कहा कि घटना मंगलवार दोपहर की प्रतीत हो रही है। दोपहर करीब एक बजे के बीच दंपती के बीच विवाद हो रहा था। लोगों ने शोर-शराबा सुना था।

# सीतामढ़ी पुलिस का बड़ा कारनामा हुआ उजागर

सीतामढ़ी : सीतामढ़ी पुलिस का बड़ा कारनामा उजागर हुआ है। एक मामले में पहले मौत की पुष्टि कर दी गई। यहां तक कि बिना शव देखे कह दिया गया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजा जा रहा है। जिस अधिकारी के द्वारा यह बयान दिया गया अब फिर वही कह रहे है कि मृतक भगत मांझी मरा नहीं, जिंदा है। बिना शव देखे और बिना पंचनामा के ही शव को पोस्टमार्टम में भेजने की बात कहने वाले बड़े अधिकारी अब कह रहे लोगों की यह अफवाह फैलाने के कारण मौत की पुष्टि कर दी गई थी। सदर एसडीपीओ के दो-दो बयान से जिले की पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में खड़ी कर रही है। अब इसे वरीय अधिकारी की भूल है या सीतामढ़ी पुलिस की ये बड़ी लापरवाही कहा जा सकता है।



#### ऐसे उलझा मामला

सीतामढ़ी के ढेंग गांव में विसर्जन के दौरान झड़प में घायल एक पक्ष का भगत मांझी सोमवार को एसकेएमसीएच की आर्थो ओपीडी में इलाज के बाद गायब हो गया। उसे सीतामढ़ी सदर अस्पताल से रेफर किया गया था। इधर, सोशल मीडिया पर उसकी मौत की सूचना के बाद कई रिश्तेदार शव लेने के लिए मंगलवार शाम एसकेएमसीएच पहुंचे। जब मेडिकल ओपी पुलिस से लोगों ने संपर्क किया तो जानकारी मिली कि भगत माझी का आर्थो ओपीडी में इलाज हुआ था। एसकेएमसीएच थानेदार गौतम कुमार ने बताया कि भगत मांझी की मौत मेडिकल में नहीं हुई है। पुलिस की खोजबीन में उसका पता नहीं चल सका है। पुलिस ने सीसीटीवी खंगाला है।

#### गांव में है तनाव की स्थिति

दरअसल, सुप्पी के ढेंग में प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो पक्षों के बीच हुए मारपीट के बाद से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है। दोनों पक्ष से एक-एक की मौत हुई है, जिसमें से एक पक्ष के मृतक के पत्नी के बयान पर केस दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के मृतक के परिजन का बयान अबतक पुलिस को नहीं मिला है। उधर, मंगलवार को एसडीओ सदर संजीव कुमार, एसडीपीओ सदर रामकृष्ण ने पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने इस घटना में संलिप्त आरोपितों को शीघ्र ही गिरफ्तारी करने का आश्वासन मृतक के परिजनों को दिया। डीएसपी ने ढेंग गांव की स्थिति सामान्य होने तक यहां पुलिस का शिविर रखने का निर्देश थानाध्यक्ष को दिया है।

#### मृतक की पत्नी ने थाना में मामला दर्ज कराया

ढेंग गांव में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई मारपीट की घटना में मृत कलेवर सहनी की पत्नी पार्वती देवी के लिखित आवेदन पर मंगलवार को सुप्पी थाना में हत्या की एफआईआर दर्ज की गयी है, जिसमें ढेंग गांव के 21 लोगों को नामजद एवं 40-50 अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है। थानाध्यक्ष विष्णु देव कुमार ने बताया कि एसडीपीओ सदर द्वारा आरोपितों के सत्यापन करने के बाद बुधवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में सीतामढ़ी भेजा जायेगा।

### मधेपुरा में युवक को मारी गोली, हायर सेंटर रेफर

मधेपुरा : मधेपुरा में मंगलवार की रात बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल युवक को सदर अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना चैलाड़ ओपी क्षेत्र के रतनपुरा इटहरी गांव की है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से युवक को मधेपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। गोली युवक के जांघ में लगी है। घायल युवक की पहचान रतनपुरा इटहरी वार्ड एक निवासी पंकज दास के बेटे सोनू कुमार (17) के रूप में हुई। युवक की मां रंजन देवी ने बताया कि सोनू चैलाड़ में इटहरी के ही ललटू दास के साथ घर में शटरिंग लगाने का काम करता है। मंगलवार की शाम काम कर वह ललटू दास के साथ पिकअप से घर लौट रहा था। रास्ते में घर से कुछ ही दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने पिकअप को रुकने का इशारा किया। पिकअप रुकते ही एक बदमाश ने सोनू के ऊपर गोली चला दी। गोली युवक को कमर के नीचे जांघ में लगी है। स्थानीय लोगों ने आननफानन में उसे मधेपुरा सदर अस्पताल पहुंचाया।

# डीएमसीएच में ऑर्थो विभाग के सुरक्षा गार्ड ने मरीज के परिजन को पीटा

दरभंगा : उत्तर बिहार के सबसे बड़े अस्पताल दरभंगा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (डीएमसीएच) में एक बार फिर से मरीजों और उनके परिजनों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। ताजा मामला ऑर्थो विभाग से जुड़ा है, जहां मधुबनी से इलाज कराने आए मुनिलाल नामक मरीज के परिजन सिकंदर कुमार को सुरक्षा गार्ड द्वारा बुरी तरह पीटने की घटना सामने आई है।



#### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के मुताबिक, मरीज मुनिलाल की मां रामसखी देवी ने बताया कि वह तीन दिनों से अपने बेटे का इलाज कराने के लिए अस्पताल में हैं। अस्पताल में तैनात सुरक्षा गार्ड उनके दूसरे बेटे सिकंदर कुमार से किसी न किसी बात पर झगड़ा कर रहा था। घटना उस समय हुई जब सिकंदर कुमार ने गुटखा खाकर थूक को डस्टबिन में फेंका। गार्ड ने इस पर आपत्ति जताई। फिर बात इतनी बढ़ गई कि गार्ड ने सिकंदर की पिटाई कर दी और उसका कॉलर पकड़कर उसे अधीक्षक कार्यालय तक ले गया। अध्यक्ष कार्यालय पर तैनात कर्मियों ने गार्ड को इस तरह की हिंसक हरकत के लिए फटकार लगाई और उसे वापस वार्ड में भेज दिया। सिकंदर ने बताया कि वह अपने भाई के हाथ का इलाज कराने आया था और जब उसने थूक को डस्टबिन में फेंका, तो गार्ड ने अचानक आकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

#### अस्पताल में बढ़ती असुरक्षा का माहौल

यह घटना अस्पताल में सुरक्षा की कमी और गाड्र्स द्वारा अनुचित व्यवहार को उजागर करती है। अस्पताल के परिजनों और मरीजों ने आरोप लगाया है कि सुरक्षा गार्ड अक्सर छोटे-छोटे मामलों को लेकर झगड़ा करते हैं, जिससे लोग अस्पताल में असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। वहीं, अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है और सुरक्षा गार्ड को कड़ी चेतावनी दी गई है। हालांकि, इस घटना ने अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# नीतीश कुमार भाजपा का साथ छोड़ने का बना रहे मन

पटना : बार-बार यह बात उठ रही है कि बिहार में एनडीए के अंदर सबकुछ ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भारतीय जनता पार्टी का साथ छोड़ने का मन बना रहे हैं। लेकिन, अब मंच पर आए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सबकुछ साफ-साफ और खोलकर बता दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो बार गलती से हमलोग उधर चले गये लेकिन अब यह गलती कभी दोबारा नहीं करेंगे। हम लोग पूरी मजबूती के साथ एकजुट रहकर बिहार की तरक्की और जनता की भलाई के लिए काम करते रहेंगे।

#### मुख्यमंत्री पहुंचे कटिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज कटिहार पहुंचे, जहां वह बरारी प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत स्थित भगवती मंदिर इंटर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 405.53 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विभागों के 183 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण किया। इनमें 107.87 करोड़ रुपये की लागत से 52 योजनाओं का उद्घाटन एवं 297.66 करोड़ रुपये की लागत से 131 योजनाओं का शिलान्यास कार्य शामिल है।

#### कई योजनाओं का किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 400 करोड़ रुपये से अधिक कुल 183 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है। इससे लोगों को काफी फायदा मिलेगा। हम अनेक बार कटिहार जिले में जगह-जगह जाकर लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और उसका तत्काल निदान करने की दिशा में काम करने हेतु अधिकारियों को निर्देश देते हैं। 6 दिसंबर 2022 को मनिहारी अनुमंडल के देवड़ा घाट को गंगा नदी के कटाव से हुए नुकसान को हम देखने आए थे। 5 जनवरी 2023 को समाधान यात्रा के क्रम में मैं यहां आकर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुआ था। उस समय तक कोसी और गंगा नदी के कटाव से विस्थापित हुए परिवारों को आवासीय भूमि उपलब्ध कराने हेतु जमीन चिन्हित नहीं की गई थी लेकिन आज इस कार्यक्रम के माध्यम से विस्थापित एवं भूमिहीन गरीब परिवारों को आवासीय भूमि का बंदोबस्ती का पर्चा प्रदान कर मुझे बेहद सुखद अनुभूति हो रही है। इस मौके पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण सह बिहार जिला के प्रभारी मंत्री नीरज कुमार बबलू, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, विधायक तारकिशोर प्रसाद एवं विधायक विजय सिंह भी मौजूद थे।

# बेरोजगार युवाओं के लिए नौकरी की मांग को लेकर युवा कांग्रेस का हल्ला बोल

सहरसा : सहरसा में बुधवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सुदीप कुमार सुमन के नेतृत्व में 'नशा नहीं, न्याय चाहिए' और 'बेरोजगार युवा को नौकरी दो' जैसे पोस्टर लॉन्च किए गए। इस अभियान का उद्देश्य बेरोजगारी और युवाओं में बढ़ते नशे की समस्या को उजागर करना है। पोस्टर लॉन्च के दौरान सुमन ने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ यह अभियान दिल्ली के जंतर-मंतर से शुरू हुआ है। जहां युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू के नेतृत्व में युवाओं की आवाज बुलंद की जा रही है।

#### देश भर में हो रहा विरोध प्रदर्शन

सुदीप कुमार सुमन ने बताया कि केंद्र सरकार ने हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा किया था, लेकिन वह अब तक पूरा नहीं हुआ। इसके बजाय, सरकार की चुप्पी और नशीले पदार्थों का फैलता कारोबार यह साबित करता है कि सरकार युवाओं को नशे में धकेलने का काम कर रही है। नशे के बढ़ते प्रसार से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है और सरकार की निष्क्रियता इसे और बढ़ावा दे रही है।

#### नशे के खिलाफ जंग

युवा कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि देश भर में नशीले और प्रतिबंधित मादक पदार्थों का कारोबार सरकार के संरक्षण में चल रहा है। सुमन ने कहा कि सरकार बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने में विफल रही है और अब युवाओं को नशे में धकेलकर उन्हें रोजगार की बात करने से रोक रही है। उन्होंने गुजरात के अदानी पोर्ट पर पकड़े गए करोड़ों रुपये के मादक पदार्थों का जिक्र करते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि सरकार इस अवैध कारोबार को रोकने में विफल रही है।

#### बिहार में शराबबंदी पर सवाल

सुदीप कुमार सुमन ने बिहार में शराबबंदी की स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बिहार में शराब प्रतिबंधित है, लेकिन यह छिपाकर बेची जरूर जाती है। यह सरकार की नीयत और उसकी नीतियों की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार तीन तलाक और मॉब लिंचिंग जैसे मुद्दों पर तो कानून बना रही है, लेकिन नशीले पदार्थों के बढ़ते खतरे पर कोई ठोस कानून नहीं बना रही।

#### युवा कांग्रेस का संकल्प

सुमन ने कहा कि युवा कांग्रेस ने यह संकल्प लिया है कि वह सरकार के वादे को पूरा कराने के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह अभियान सिर्फ सहरसा या बिहार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे देश में फैलाया जाएगा। इस दौरान बाबुल सिंह, दीपक कुमार, रवि कुमार, मोहम्मद युसुफ और विजय कुमार सहित कई युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे और उन्होंने भी केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी आवाज उठाई।

#### तेजी से फैल रहा लंगड़ा बुखार

पटना : बिहार में एक चौंकाने वाले संक्रमण का नाम सामने आया है। पटना में यह तेजी से फैल रहा है। इसने लोगों का हाल-बेहाल कर रखा है। पटना में करीब सौ मरीज रोज मिल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने भी अलर्ट रहने को कहा है। इस संक्रमण नाम है लंगड़ा बुखार है। लोगों का कहना है कि यह बुखार डेंगू और चिकनगुनिया से भी खतरनाक साबित हो रहा है। ये बुखार डॉक्टरों को हैरान कर दिया है। इसमें मरीजों के पैरों में इतना दर्द होता है कि उन्हें चलने में भी दिक्कत होती है, इसीलिए लोग इसे 'लंगड़ा बुखार' कह रहे हैं। पटना के भूतनाथ, बाजार समिति, मुसल्लहपुर हाट, मीठापुर, पाटलिपुत्र, लोहानीपुर, कदमकुआं, भूतनाथ रोड, चित्रगुप्तनगर, कांटी फैट्री रोड, अशोकनगर, न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी, दीघा, सिपारा, जयप्रकाशनगर और पीसी कॉलोनी समेत कई इलाकों में इसके मरीज मिले हैं। इनका इलाज सरकारी और प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, मरीज को पहले बुखार आता है। इसके बाद अलग-अलग लक्षण दिखाई देने लगता है।

# मुजफ्फरपुर में एक दिन में डेंगू के नौ नए मामले, 133 कुल मरीज

मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर जिले में डेंगू के मामलों में एक बार फिर से बढ़ोतरी देखी जा रही है। हाल ही में नौ नए डेंगू मरीजों की पुष्टि हुई है, जिससे जिले में कुल मरीजों की संख्या 133 तक पहुंच गई है। बढ़ते मामलों के चलते स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है और विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी के लिए टीमें तैनात की गई हैं, ताकि डेंगू को फैलने से रोका जा सके।



#### प्रभावित क्षेत्र और स्वास्थ्य विभाग की तैयारी

डेंगू के नए मामले मुख्य रूप से मुशहरी और मीनापुर प्रखंड से सामने आए हैं, जो डेंगू हॉटस्पॉट बनते जा रहे हैं। अब तक इन दोनों प्रखंडों में कुल 70 मरीज मिले हैं। सभी नए मरीजों को श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (SKMCH) के डेंगू वार्ड में भर्ती कराया गया है। जिले के अन्य प्रखंडों से भी मरीजों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन मुशहरी और मीनापुर में स्थिति गंभीर बनी हुई है।

#### फॉगिंग और जागरूकता अभियान के बावजूद रोकथाम में चुनौतियां

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार फॉगिंग और जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद डेंगू के मामलों में कमी नहीं आ रही है। सिविल सर्जन डॉ. अजय कुमार ने सभी प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारियों को सतर्क रहने और मरीजों की स्थिति पर नजर रखने का निर्देश दिया है। साथ ही, उन्हें प्रतिदिन स्थिति की रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है।

#### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी

विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों जैसे गायघाट, मीनापुर, बोचहां, औराई और कटरा में स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैनात कर दी गई हैं। इन क्षेत्रों में जल-जमाव के कारण डेंगू फैलने का खतरा अधिक है, जिसके चलते स्वास्थ्य अधिकारियों को सतत निगरानी करने और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने, साफ-सफाई रखने और पानी जमाव से बचने की सलाह दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें डेंगू की रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं।

### स्मार्ट मीटर जनता पर थोपना लूट भ्रष्टाचार का हिस्सा

पटना : बिहार में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने राज्यभर में जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार गरीब लोगों को लूटने के लिए स्मार्ट मीटर को जबरन थोप रही है, जिसे देश के अन्य राज्यों में हटाया जा चुका है। इसी के तहत मुजफ्फरपुर में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगाने के पीछे एक साजिश है। उनका कहना है कि जिन राज्यों ने इस मीटर का बहिष्कार कर दिया, वहां से सीख लेते हुए बिहार को भी इससे बचना चाहिए था। उन्होंने दावा किया कि बिहार जैसे गरीब राज्य में यह मीटर सिर्फ आम लोगों को आर्थिक रूप से कमजोर करने के लिए लगाया गया है।वहीं, अरविंद कुमार मुकुल ने कहा कि यह स्मार्ट मीटर एक तुगलकी फरमान जैसा है, जिसे बिहार की जनता पर थोपा जा रहा है। सरकार का यह कदम लूट और भ्रष्टाचार का हिस्सा है, जिसमें कुछ उच्च अधिकारी और उद्योगपति शामिल हैं। खासकर आईएएस अधिकारी संजीव हंस का नाम लिया जा रहा है, जिन्होंने इस मीटर के जरिए अदानी जैसे बड़े व्यापारिक घरानों को फायदा पहुंचाने की साजिश रची है।

### बीपीएससी 70वीं भर्ती के लिए बढ़ी पदों की संख्या

पटना : बिहार लोक सेवा आयोग ने घोषणा की है कि बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में 70 नई रिक्तियों को 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2024 में जोड़ा गया है। इनमें गृह विभाग में प्रोबेशन अधिकारी, सहकारी समितियों में सहायक रजिस्ट्रार और वित्त विभाग में वित्त प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं। इस प्रकार, बीपीएससी 70वीं सीसीई के माध्यम से भरी जाने वाली रिक्तियों की कुल संख्या 2027 हो गई है, जो पहले 1,957 थी। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट (bpsc.bih.nic.in) पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। एक अलग अधिसूचना में आयोग ने बताया कि परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर थी।आयोग ने कहा कि मौजूदा उम्मीदवार नाम, माता का नाम, पिता का नाम और जन्मतिथि को छोड़कर अपने ओटीआर (वन-टाइम रजिस्ट्रेशन) प्रोफाइल विवरण को 19 अक्टूबर से 4 नवंबर के बीच अपडेट कर सकते हैं। इस अवधि के दौरान, वे ऊपर उल्लिखित चार कॉलमों को छोड़कर, 70वें सीसीई आवेदन पत्र को भी सशोधन कर सकते हैं।बीपीएससी ने कहा कि उम्मीदवारों को अतिरिक्त शुल्क का भुगतान कर अपना लिंग और श्रेणी बदलने की भी अनुमति है।

### जहरीली शराब का शिकार हुआ युवक

सारण : सारण जिले के मशरख थानाक्षेत्र में जहरीली शराब पीने से एक युवक की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य युवक अपनी आंखों की रोशनी गंवाने की दहलीज पर खड़े हैं। सीवान और सारण के सीमावर्ती इलाके में यह घटना तब घटी जब सस्ती देशी शराब के चक्कर में तीन युवकों ने नकली और जहरीली शराब का सेवन किया। यह शराब नौशादर मिलाकर बनाई गई स्प्रिट बताई जा रही है, जो बेहद खतरनाक साबित हुई। घटना में गंभीर रूप से प्रभावित शमशाद अंसारी और मुमताज को छपरा सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत को गंभीर बताया है। अस्पताल में भर्ती शमशाद ने बताया कि सस्ती शराब पीने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे देखने में कठिनाई हो रही है। मुमताज ने भी यही बताया कि उसके चचेरे भाई ने कहीं से देशी शराब खरीदी थी, जिसे पीने के बाद उसकी हालत भी बिगड़ गई। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार सुबह तीनों युवकों की तबीयत खराब होने लगी, जिसके बाद गांव में ही चोरी-छिपे उनका इलाज कराने की कोशिश की गई। जब स्थिति नहीं सुधरी, तो दो युवकों को मशरख सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। एक युवक की मौत पहले ही हो चुकी थी, जबकि अन्य दो की हालत गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों ने बताया कि जहरीली शराब के सेवन से उनकी आंखों की रोशनी जाने का खतरा है।

## संक्षिप्त खबरें

### भोपाल में घर बैठे रजिस्ट्री, दिसंबर तक करें इंतजार, 1.38 करोड़ नक्शे भी अपडेट नहीं

भोपाल(ईएमएस)। प्रदेश में पिछले हफ्ते संपदा 2.0 लॉन्च किया गया था। पंजीयन विभाग का दावा था कि घर बैठे आराम से रजिस्ट्री होगी। लेकिन सच्चाई यह है कि जमीन की खरीद-फरोख्त के लिए अब भी लोगों को रजिस्ट्री कार्यालय के चक्कर लगाना पड़ रहे हैं। वजह संपदा का सॉफ्टवेयर तैयार है। लेकिन अभी तब पूरे प्रदेश की 50 प्रतिशत प्रॉपर्टी के खसरे आधार से लिंक नहीं हैं। यानी इनकी केवाईसी नहीं हुई है। वहीं, राजस्व के भू-लेखा अधिकार के रिकॉर्ड में 1.38 करोड़ नक्शे भी अपडेट नहीं हैं। भोपाल में यह आंकड़ा 1.34 लाख है। इसकारण लोगों को दिसंबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्री का लाभ नहीं मिलेगा। पंजीयन कार्यालय से राजस्व अधिकारी तक कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। अफसरों का कहना है कि राजस्व के रिकॉर्ड का काम पटवारी को करना है। पूरे प्रदेश में अब तक 4.61 करोड़ प्रॉपर्टी के खसरों में से सिर्फ 2.56 करोड़ खसरे ही आधार से लिंक हो पाए हैं। प्रदेशभर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 10 हजार 325 करोड़ का राजस्व मिला। भोपाल में रजिस्ट्री कार्यालय से सरकार को करीब 1389 करोड़ का राजस्व मिला। भोपाल में ही 600 से ज्यादा अवैध कॉलोनी हैं। इनमें कई जगह तो पुराना नक्शा चल रहा है।

### जर्मन राजदूत का देशी अंदाज, कार में 'नींबू-मिर्ची' बांधी, फिर नारियल फोड़ा

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में जर्मन राजदूत फिलिप एकरमैन फिर चर्चा में हैं। दरअसल एकरमैन भारतीय परंपराओं और संस्कृति की भी तारीफ करते रहे हैं। इसी कड़ी में फिर उन्होंने कुछ ऐसा किया है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जर्मनी के राजदूत ने अपने ऑफिस के लिए नई इलेक्ट्रिक कार खरीदी है। इस नई बीएमडब्ल्यू कार में बैठने से पहले एकरमैन ने इसमें 'नींबू-मिर्ची' बांधी और फिर नारियल भी फोड़ा। अब एकरमैन का यहां वीडियो सोशल मीडिया की सुर्खियां बढ़ोर रहा है। जर्मन राजदूत का वीडियो उनके ऑफिस के बाहर शूट हुआ है। वीडियो में जर्मन राजदूत एकरमैन अपनी नई इलेक्ट्रिक कार का उद्घाटन करते दिख रहे हैं। सबसे पहले वे कार के ऊपर लगा कवर हटाते हैं फिर उसमें जर्मनी का राष्ट्रीय ध्वज लगाते हैं। इसके बाद एकरमैन नींबू-मिर्ची' को कार के रियर व्यू मिरर के चारों तरफ लपेट देते हैं। इसके बाद जर्मन राजदूत एक नारियल भी फोड़ते हैं। एकरमैन ने कहा, "जर्मनी और भारत आपसी साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। सर्दियों के समय में पर्यावरण प्रदूषण काफी ज्यादा होता है। इसलिए मुझे लगा कि हमें पॉल्यूशन को कम करने में योगदान देना चाहिए। मैं एक इलेक्ट्रिक कार लेना चाहता था। मैंने इसके लिए अपने हेडक्वार्टर में बात की थी। थोड़े ही दिन बाद मेरी मांग को स्वीकार कर लिया गया। यह एक इलेक्ट्रिक कार है, जो प्रदूषण कम करती है।" जर्मनी के राजदूत का भारतीय अंदाज लोगों को खूब पसंद आ रहा है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो सैकड़ों लोगों ने शेयर किया है। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारतीय परंपराओं का पालन करने पर अब कुछ लोगों के पेट दर्द शुरू हो जाएगा। कुछ लोगों ने लिखा कि कार इलेक्ट्रिक लेकर आ रहे हैं और 'नींबू-मिर्ची' बांधकर स्वागत कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, स्वस्तिक भी बनाना चाहिए था। एक ने लिखा, देसी कल्चर, विदेशी मेहमान। वहीं एक अन्य ने लिखा नींबू-मिर्च इंटरनेशनल हो गया।

### मां ने रात में कंघी करने से रोका, बेटी फांसी पर झूली

शहडोल (ईएमएस)। माता-पिता का समझाना आज कल बच्चों को इतना बुरा लगता है कि अपनी जान तक की परवाह नहीं करते। ऐसा ही कुछ मध्य प्रदेश के शहडोल जिले से बेहद ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने बालों में कंघी करने से मां के द्वारा मना करने पर सुसाइड किया। मामला छत्तीसगढ़ बार्डर पर स्थित झिकबिजुरी चौकी क्षेत्र के पथरिया टोला के जंगल का है। ग्राम कुटेला के रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती आरती उर्फ गुड्डी को मां ने देर शाम बालों में कंघी करने से मना किया। मां की यह बात युवती को इतनी नागवार गुजरी कि वह नाराज होकर घर से बाहर निकल गई। इसके बाद पथरिया टोला के जंगल में एक पेड़ में फांसी का फंदा बनाकर झूल गई। हालांकि पुलिस को घटनास्थल के पास कुछ आपत्तिजनक चीजें भी मिली है, जिससे ऐसा लग रहा है कि युवती के सुसाइड की वजह कुछ और भी हो सकती है। फिलहाल युवती के सुसाइड का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। वहीं, मामले में शहडोल एडिशनल एसपी अभिषेक दिवान का कहना है कि युवती के सुसाइड की जानकारी लगने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मृतका की माता द्वारा बताया गया है कि रात में कंघी करने से मना किया था जिसके बाद वह कही चली गई। इसके बाद उसका फांसी के फंदे झूलता शव मिला है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### मुंबई में 10 मंजिला इमारत में आग, तीन की मौत, तीन घायल

मुंबई (ईएमएस)। मुंबई के अंधेरी वेस्ट में 10 मंजिला इमारत में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। आग में झुलसने से तीन लोगों की मौत हुई है। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान चंद्रप्रकाश सोनी (74), कांता सोनी (74) और 42 वर्षीय पेलुबेटा के रूप में हुई है। घायलों को कूपर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। फिलहाल अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां, हाइड्रेंट, टर्नटेबल सीढ़ी और एक एम्बुलेंस मौजूद हैं। आग एक आवासीय फ्लैट तक ही सीमित है और अधिकारी स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। फिलहाल आग पर काबू पाया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ के ग्राउंड वॉटर में मिला यूरेनियम खतरनाक बीमारियों का बड़ा खतरा

रायपुर,(ईएमएस)। एक रिसर्च में छत्तीसगढ़ के कई जिलों में ग्राउंड वाटर में जहरीले यूरेनियम की खतरनाक मात्रा का खुलासा हुआ है। दुर्ग, राजनांदगांव, कांकेर, बेमेतरा, बालोद और कवर्धा के कई गांवों के पानी में यूरेनियम की मात्रा तय मानक से तीन गुना ज्यादा पाई गई है। भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) के रसायनशास्त्र विभाग की इस रिसर्च में पाया कि पानी में यूरेनियम की मात्रा 30 पीपीबी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए, लेकिन इन इलाकों के पानी में यह मात्रा 86 से 105 पीपीबी पाई है। इससे अगले कुछ सालों में कैंसर, किडनी और त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा हो सकता है। बीआईटी की टीम ने 6 जिलों के गांवों में पानी के सैंपल की जांच की। बालोद जिले के देवतराई गांव का पानी सबसे ज्यादा दूषित पाया, जिसमें यूरेनियम की मात्रा 89 पीपीबी थी। बीआईटी ने पानी से यूरेनियम को हटाने के लिए सस्ते और पर्यावरण तरीके से नेचुरल यूरेनियम रिमूवल विकसित किया है, जो आंवला के पेड़ की छाल से तैयार किया है। इस प्रक्रिया से पानी से यूरेनियम को सुरक्षित रूप से हटाया जा सकता है। बीआईटी द्वारा तैयार किए गए इस यूरेनियम रिमूवल को भारतीय पेटेंट कार्यालय द्वारा यूटिलिटी पेटेंट जारी किया गया है। यह तकनीक ग्रामीण क्षेत्रों के लिए राहत साबित हो सकती है, जहां पानी की गुणवत्ता में सुधार की जरूरत है।

### गंगनहर बंद होने से श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत

हरिद्वार,(ईएमएस)। गंगनहर को बंद कर दिया गया है, जिससे हर की पौड़ी और अन्य गंगा घाटों पर जल की गंभीर कमी उत्पन्न हो गई है। इसके चलते श्रद्धालुओं जो स्नान करने के लिए हरिद्वार आते हैं, उन्हें जल न मिलने से मायूस लौटना पड़ता है। गंगासभा और यूपी सिंचाई विभाग के बीच बातचीत के बाद अधिकारियों ने जल छोड़ने का आश्वासन दिया है, जिससे श्रद्धालुओं को कुछ राहत मिल सकती है। गंगनहर को बंद करने के कारण वहां सफाई और अन्य जरूरी कार्यों का संचालन भी किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि एक नलवर को गंगा में फिर से जल छोड़ा जाएगा, जिससे हर की पौड़ी और अन्य घाटों पर जल स्तर सामान्य रूप से बहाल हो सकेगा। बता दें 16 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर भी हर की पौड़ी में जल की मात्रा कम हो सकती है।

# गुजरात के लोथल में बनेगा भारत का पहला नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स

## 200 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनेगा विश्व का सबसे ऊँचा 'लाइटहाउस म्यूजियम'

**प्रथम चरण अंतर्गत भारतीय नौसेना तथा तट रक्षकों को समर्पित संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा**

अहमदाबाद (ईएमएस)| गुजरात की प्राचीन विरासत का एक महत्वपूर्ण स्थल लोथल एक बड़े परिवर्तन का साक्षी बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने गुजरात के लोथल में नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स (एनएमएचसी) के विकास को स्वीकृति दी है। बंदरगाह, जहाजरानी तथा जल मार्ग मंत्रालय द्वारा संचालित इस पहल का उद्देश्य भारत की 4,500 वर्ष पुरानी समुद्री विरासत का सम्मान करना तथा उसे लोगों के समक्ष प्रदर्शित करना है। उल्लेखनीय है कि नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स यानी राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) का शिलान्यास मार्च-2019 में किया गया था, जो विश्व का सबसे बड़ा मैरीटाइम कॉम्प्लेक्स बनने जा रहा है। यह समग्र परियोजना दो चरणों में पूर्ण की जाएगी। प्रत्येक चरण को आगंतुकों (विजिटर्स) के अनुभव एवं शैक्षणिक प्रभाव को बढ़ाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

एनएमएचसी का चरण 1ए हाल में प्रगत्याधीन है, जिसमें 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। इस चरण के अंतर्गत एनएमएचसी म्यूजियम का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 6 दीर्घाएँ (गैलरियाँ) शामिल की जाएंगी। यह संग्रहालय भारतीय नौसेना (नेवी) तथा तट रक्षकों (कोस्ट गार्ड्स) को समर्पित किया जाएगा और अपेक्षा है कि यह देश में सबसे बड़ा म्यूजियम होगा। इन दीर्घाओं में नौसेना के आईएनएस निशांक, सी हेरियर एयरक्राफ्ट तथा यूएच3 हेलीकॉप्टर जैसे युद्धपोत प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त; चरण 1ए में प्राचीन



लोथन टाउनशिप का मॉडल, एक ओपन एक्वेटिक (जलचर) गैलरी तथा जेटी वॉकवे का समावेश किया जाएगा। 1,238 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत के साथ इस चरण के तहत आने वाले कार्य वर्ष 2025 में पूर्ण करने का आयोजन है। इसके लिए मुख्य बंदरगाहों, रक्षा मंत्रालय तथा संस्कृति मंत्रालय के योगदान से कोष (फंड) प्रदान किया गया है। चरण 1बी में एनएमएचसी म्यूजियम में और 8 दीर्घाएँ तथा एक प्रकाशस्तंभ संग्रहालय (लाइटहाउस म्यूजियम) भी बनाया जाएगा। लाइटहाउस म्यूजियम को विश्व का सबसे ऊँचा म्यूजियम बनाने की योजना है। इसमें एक उद्यान परिसर शामिल होगा, जिसमें लगभग 1,500 वाहनों के लिए पार्किंग, एक फूड हॉल तथा मेडिकल सेंटर होंगे। इस लाइटहाउस म्यूजियम का अनुमानित खर्च 266.11 करोड़ रुपए है, जिसके लिए प्रकाशस्तंभ एवं प्रकाशपोत महानिदेशालय (डाइरेक्टरेट जनरल ऑफ लाइटहाउस एंड लाइटशिप्स यानी डीजीएलएल) द्वारा कोष प्रदान किया जाएगा। एनएमएचसी के द्वितीय चरण में तटवर्ती राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा विशेष पैवेलियन बनाया जाएगा। इनमें समुद्री थीम पर बनाए गए इको-फ्रेंड्ली रिजोर्ट तथा 'म्यूज्योटेल' बनाए जाएंगे, जो म्यूजियम एवं होटल को जोड़ेंगे। आगंतुक-पर्यटक लोथल के प्राचीन शहर की झलक प्राप्त कर सकेंगे। चार थीम पार्क के साथ मैरीटाइम इंस्टीट्यूट तथा हॉस्टल बनाया जाएगा। चार थीम पार्क में मैरीटाइम एण्ड नेवल, क्लाइमेट चेंज, मॉन्यूमेंट्स तथा एडवेंचर एंड अम्यूजमेंट पार्क शामिल हैं। ये सभी थीम पार्क लोगों को समुद्री विरासत के विषय में विस्तार से अवगत कराएंगे।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक रणनीतिक योजना बना कर एनएमएचसी प्रोजेक्ट के आगामी चरणों के कार्यों को स्वीकृति दी है। इन चरणों को स्वैच्छिक दान द्वारा कोष प्रदान किया जाएगा तथा उनकी प्रगति पर्याप्त धन एकत्र करने पर निर्भर रहेगी। बंदरगाह, जहाजरानी तथा जल मार्ग मंत्री के नेतृत्व में एक विशेष सोसाइटी द्वारा इन चरणों के कामकाज का संचालन किया जाएगा।

एनएमएचसी के विकास से रोजगार के 15 हजार प्रत्यक्ष व 7 हजार परोक्ष अवसर सृजित होंगे। आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के साथ-साथ; इससे स्थानीय समुदायों, पर्यटकों, शोधकर्ताओं, खोजियों, विद्वानों, सरकारी संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संस्थानों, पर्यावरणीय समूहों एवं व्यवसायों को लाभ होगा। लोथल में नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स (एनएमएचसी) भारत की समुद्री विरासत को सम्मानित व संरक्षित करने की दिशा में माइल स्टोन समान प्रोजेक्ट है।

# मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव का रास्ता साफ, याचिका वापस लेने की तैयारी

अयोध्या (ईएमएस)। अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव का रास्ता अब साफ होता दिख रहा है। दरअसल जिस याचिका की वजह से चुनाव आयोग ने उपचुनाव का ऐलान नहीं किया था अब उस याचिका को वापस लिया जा रहा है। यह याचिका बीजेपी के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ की ओर से दाखिल की गई थी। उन्होंने कहा कि हमने उपचुनाव का रास्ता साफ करने के लिए मुकदमा वापस लेने का फैसला किया है। मिल्कीपुर से बीजेपी के पूर्व विधायक ने कहा उन्हें पता नहीं था उनकी याचिका की वजह से चुनाव रुक जाएगा। पूर्व विधायक कहना है कि 2022 में जो साक्ष्य समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने पेश किया था वहां गलत था और उसी के आधार पर याचिका दायर की गई थी। उन्होंने





कहा कि जब मंगलवार को उपचुनाव नहीं घोषित हुआ, तब मुझे अचंभा लगा और मैं तत्काल संगठन से मिलने लखनऊ आया और मुलाकात की, अब याचिका वापस ले लूंगा। उन्होंने कहा कि मैं भी मिल्कीपुर से टिकट की दावेदारी कर रहा हूं और चाहता हूं कि वहां चुनाव किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा जिस किसी को भी टिकट देगी हम उसके साथ हैं। वहीं अखिलेश के तंज कसने पर उन्होंने कहा कि जो तंज किया गया वहां गलत है, मुझे इस बात का अंदाजा ही नहीं था ऐसा होगा। वहीं बाबा गोरखनाथ के वकील रुद्र विक्रम सिंह ने बताया कि बुधवार को हाईकोर्ट में मामला दाखिल होगा, जिसके बाद बुधवार या गुरुवार को मामले पर अदालत सुनवाई कर सकती है। बता दें कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने यूपी विधानसभा की नौ सीट पर उपचुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा की। लेकिन मिल्कीपुर सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा फिलहाल नहीं की। इस बारे में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि अदालत में मामला लंबित होने के कारण इस सीट पर उपचुनाव नहीं कराया जा रहा है। पूर्व भाजपा विधायक बाबा गोरखनाथ ने अवधेश प्रसाद के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी और यह मामला अब भी लंबित है। यह मामला अवधेश प्रसाद द्वारा नामांकन दाखिल करते समय गलत शपथ लेने से जुड़ा है।

## 14 हजार फीट की ऊंचाई पर तैनात जवानों से सिंधिया ने की बात, जाना हाल

नई दिल्ली,(ईएमएस)। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 प्रदर्शनी में नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात जवानों से एयरटेल सैटेलाइट कम्यूनिकेशन के जरिए बात की। वहीं उन्होंने रोबोटिक डॉग रॉकी से मुलाकात की और उसे उत्साहित भी किया। दूरसंचार विभाग द्वारा इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2024 का आठवां संस्करण भी विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन (डब्ल्यूटीएसए) 2024 के साथ-साथ आयोजित किया गया। इस प्रदर्शनी का आयोजन भारत मंडपम में किया। इस प्रदर्शनी में दूरसंचार मंत्री सिंधिया ने एयरटेल सैटेलाइट कम्यूनिकेशन के जरिए से 14 हजार से लेकर 18 हजार फीट की ऊंचाई पर तैनात जवानों से बात की। नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, और हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों से जवानों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए से जोड़ा था। सिंधिया ने जवानों से उनका हालचाल पूछा। घर परिवार की जानकारी ली और कहा कि आपकी सेवा के लिए दिल से धन्यवाद, जय हिंद। बता दें एशिया का सबसे बड़े टेलीकॉम सम्मेलन इंडिया मोबाइल कांग्रेस की शुरुआत दिल्ली के भारत मंडपम में पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की। सिंधिया ने सम्मेलन में आयोजित प्रदर्शनी का दौरा किया और नवीन तकनीकों की जानकारी हासिल की। उन्होंने जवानों से बात करने के साथ ही रोबोटिक डॉग रॉकी के प्रदर्शन को भी देखा और उसे शाबाशी भी दी। बता दें कई देशों, प्रदर्शकों, स्टार्टअप आदि की भागीदारी के मामले में वार्षिक इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) का आकार पिछले साल से दोगुना हो गया है।

## राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

लखनऊ (ईएमएस)। अयोध्या के राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) में भर्ती कराया गया है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी है। पीजीआई के न्यूरोलॉजी वार्ड के निजी कक्ष में डॉक्टर प्रकाश चंद्र पांडे की देखरेख में आचार्य दास का इलाज चल रहा है। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आरके धीमन ने बताया कि आचार्य को कुछ न्यूरोलॉजिकल समस्या का अंदेशा है, जिसकी वजह से उन्हें भर्ती किया गया है। आचार्य की बुधवार को कुछ आवश्यक जांचे होगी। उन्होंने बताया कि आचार्य की हालत स्थिर है।

हाल ही में आचार्य तब चर्चा में आए थे, जब जून महीने में राम मंदिर की छत से पहली बारिश में पानी टपकने लगा था। दास ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि पहली बारिश में गर्भगृह में मंदिर की छत से तेजी से पानी टपक रहा था। सुबह जब पुजारी भगवान की पूजा करने वहां गए, तब उन्होंने देखा कि फर्श पर पानी भरा हुआ है, जिसे काफी मशक्कत के बाद मंदिर परिसर से निकाला गया। मंदिर से पानी निकालने की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी।

उन्होंने बताया था कि मंदिर में रामलला के विग्रह के ठीक सामने पुजारी के बैठने की जगह और वीआईपी दर्शन के लिए आने वाले लोगों के स्थान पर छत से बारिश का पानी तेजी से टपकने लगा। बारिश के पानी को निकालने के लिए मंदिर के पदाधिकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दास ने कहा, बहुत आश्चर्य की बात है कि पूरे देश के इंजीनियर यहां आकर राम मंदिर बना रहे हैं। पिछली 22 जनवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो गई लेकिन यह किसी को ज्ञान नहीं रहा कि पानी बरसेगा तो छत टपकेगी। मुख्य पुजारी ने कहा था कि जो विश्व प्रसिद्ध मंदिर बन रहा हो उसके अंदर छत टपके, यह आश्चर्य की बात है। ऐसा क्यों हुआ? इतने बड़े इंजीनियरों के रहते ऐसी घटना हो रही है, जो बहुत गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है।

## देश भर में ऑप्टिकल फाइबर केबल नेटवर्क बिछाएगा गड़करी का मंत्रालय

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में बाधारहित टोलिंग और स्मार्ट हाईवे के लिए जरुरी बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) देश के प्रमुख राजमार्गों के साथ अपना ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) नेटवर्क बिछाने की योजना तैयार कर रहा है। यह नेटवर्क सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत स्थापित होगा। एनएचएआई अपने नेटवर्क की अतिरिक्त क्षमता को कारोबारी इस्तेमाल के लिए लीज पर देकर कमाई भी करेगा। एनएचएआई का ओएफसी नेटवर्क 1.46 लाख किलोमीटर के अपने विशाल राजमार्ग नेटवर्क के साथ लंबाई और चौड़ाई में रेलटेल और पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) के ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से बड़ा होगा। सभी नेशनल हाईवे के साथ-साथ ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क बिछाने में कितना खर्च आएगा, इसके बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन, एक अनुमान के अनुसार एनएचएआई को करीब 35000 करोड़ रुपया खर्च करना होगा। एनएचएआई की सहायक कंपनी, नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) इस परियोजना को क्रियान्वित करेगी। इसके लिए एनएचएलएमएल ने वित्तीय और कानूनी सलाह देने वाले सलाहकारों से दिसंबर तक बोली आमंत्रित की है। ओएफसी नेटवर्क पर क्षमता आवंटन नीति को दूरसंचार विभाग और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के साथ विचार-विमर्श के बाद तय होगा। रिपोर्ट के अनुसार, एनएचएआई पहले ही देशभर में करीब 10,000 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने की घोषणा कर चुका है। देश में डिजिटल हाईवे विकास के लिए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और हैदराबाद बैंगलोर कॉरिडोर को चुना गया है।

# भारतीय नौसेना भारत के राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है : दिनेश के. त्रिपाठी

## कहा- किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह, एकीकृत तटीय और समुद्री सुरक्षा पर आईटीईसी कार्यक्रम

गांधी नगर। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी पीवीएसएम, एवीएसएम, एनएम ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के मंच के माध्यम से राष्ट्र को आश्वस्त किया कि भारतीय नौसेना भारत के राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है - किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन एवीएसएम, वीएसएम ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के मंच के माध्यम से समुद्री सुरक्षा चुनौतियों पर काबू पाने के लिए निरंतर क्षेत्रीय सहयोग और समन्वित प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने संचालन और मिशन की संख्या के बारे में विस्तृत सांख्यिकीय जानकारी के माध्यम से भारतीय महासागर क्षेत्र में भारतीय नौसेना की उपस्थिति और प्रतिक्रिया पर प्रकाश डाला। संयुक्त सहयोग संचालन और भारत के समुद्र तट पर रडार स्टेशनों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से व्यापारी जहाजों के लिए नेविगेशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का महत्व और इसके अलावा, क्षेत्र में समुद्री अपराधों को पकड़ने और रोकने के लिए भारत सरकार द्वारा अपनाए गए विधायी ढांचे पर भी चर्चा की गई।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की भारत की अध्यक्षता के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को उद्धृत करते हुए कहा कि, महासागर हमारी साझा जिम्मेदारी है, और सुरक्षित, संरक्षित और स्थिर क्षेत्रों के लिए, अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान और समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अनुसार विवादों का शांतिपूर्ण समाधान होना चाहिए। अंत में, उन्होंने व्यापक विचार-विमर्श, विविध विचारों के आदान-प्रदान के लिए प्रासंगिक विषयों पर इस तरह के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए आरआरयू के कुलपति के अविश्वसनीय प्रयासों



की सराहना की और 14 देशों के 30 समुद्री वृत्तिकों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को सीखने, आदान-प्रदान करने और आनंद लेने की शुभकामनाएं दीं। आरआरयू के मुख्य संरक्षक, कुलपति प्रो. (डॉ.) बिमल एन. पटेल ने विदेश मंत्रालय के प्रति दुनिया भर में सेतु बनाकर राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की क्षमता निर्माण पहल की दिशा में उनके प्रयासों को पूरक बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख द्वारा प्रदान की गई विस्तृत अंतर्दृष्टि का उल्लेख करते हुए, प्रो. पटेल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भले ही समुद्री अपराध और उसकी तीव्रता पूरे क्षेत्र में भिन्न होती है, फिर भी मूल तत्व समान रहते हैं। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय जैसा मंच आज क्षमता निर्माण, सूचना आदान-प्रदान और ज्ञान साझा करने के लिए एक प्रधान केंद्र होने के नाते एक जीवित वायर के रूप में कार्य करता है। उन्होंने आगे उभरते खतरों, समुद्री डकैती, हथियारों, मानव और हथियारों की तस्करी; जलवायु परिवर्तन और समुद्र के स्तर में वृद्धि; और आईटीएलओएस द्वारा जलवायु परिवर्तन पर दी गई नवीनतम सलाहकार राय पर प्रकाश डाला, इसके अलावा, उन्होंने राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तटीय और समुद्री सुरक्षा कानून और शासन के क्षेत्र में एकीकृत तटीय एवं समुद्री सुरक्षा अध्ययन विद्यापीठ की प्रमुख उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित किया। सुशील गोस्वामी, विश्वविद्यालय संकायाध्यक्ष और एसआईसीएमएसएस विद्यापीठ के निदेशक ने नौसेना स्टाफ के प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी पीवीएसएम, एवीएसएम, एनएम, का (अनुपस्थिति में) मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की भारत की अध्यक्षता के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को उद्धृत किया "महासागर हमारी साझा विरासत हैं, और हमारे समुद्री मार्ग अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की जीवन रेखाएं हैं। हालांकि, हमारी यह साझा विरासत [महासागर] कई प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रही है। समुद्री मार्गों का दुरुपयोग समुद्री डकैती और आतंकवाद के लिए किया जा रहा है।" उन्होंने आगे इस बात पर प्रकाश डाला कि "महासागर हमारे ग्रह के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, और हम [भारतीय] सागर जिसे आप में से कई लोग क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के रूप में जानते हैं के दृष्टिकोण के आधार पर अपने क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा पर एक समावेशी ढांचा बनाना चाहते हैं। उन्होंने समुद्री और तटीय सुरक्षा के क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की और समुद्री और तटीय सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता सुनिश्चित की - किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह!

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## मणिपुर में जागी आशा की किरण

17 महीने के बाद मणिपुर में एक आशा की किरण देखने को मिल रही है। मणिपुर के मैत्री कुकी और नगा समुदाय के नेताओं ने एक मंच पर आकर मणिपुर की हिंसा और मणिपुर में विभिन्न समुदायों के बीच में जो विवाद है उसको लेकर बातचीत की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस बार सही तरीके से पहल की है। मेतई कुकी और नगा समुदाय के 20 विधायकों को दिल्ली बुलाया गया और समस्या का समाधान निकालने की कोशिश की गई। इस बैठक में गृहमंत्री और मणिपुर के मुख्यमंत्री प्रत्यक्ष तौर पर शामिल नहीं हुए। विधायकों के साथ खान मार्केट स्थित इंटेलिजेंस ब्यूरो के कार्यालय में यह बैठक आयोजित हुई। इस अहम बैठक में पूर्वोत्तर के संयुक्त निदेशक राजेश कांबले, भाजपा समन्वयक संबित पात्रा, केंद्र सरकार के सुरक्षा सलाहकार एके मिश्रा और मणिपुर के 20 विधायक इस बैठक में शामिल हुए थे। बैठक के दौरान सभी समुदाय के विधायकों ने अपनी-अपनी राय रखी। उनकी जो मांगें थीं और जो सुझाव दिए गए थे वो भी उन्होंने सभी के सामने रखे। इस तरह से पिछले डेढ़ साल में पहली बार मणिपुर में विभिन्न समुदाय के लोगों को अपनी बात सही मंच में रखने का अवसर मिला है। पिछले 17 महीनों से जो तनाव बना हुआ था, आपस में बातचीत तक नहीं हो रही थी, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को लेकर विधायकों को जो शिकायतें थीं वह भी खुलकर उन्होंने सामने रखीं। लगभग डेढ़ घंटे तक चली इस अहम बैठक के दौरान कुकी समुदाय के विधायकों ने अपनी तीन मांगें रखीं हैं। इनमें पहली मांग थी कि भारत सरकार मणिपुर की लीडरशिप को बदले और मुख्यमंत्री पद से तुरंत बीरेन सिंह को हटाया जाए। सूत्र बताते हैं कि इस मांग को कुकी समुदाय ने जरुर उठाई लेकिन उसका समर्थन बैठक में शामिल अन्य विधायकों ने भी किया। कुकी समुदाय की दूसरी मांग थी कि कुकी इलाकों में निष्पक्ष प्रशासनिक अमले की तैनाती की जाए और तीसरी मांग हथियारबंद समूह को गैर कानूनी संगठन घोषित कर उन पर तत्काल कार्रवाई की जाए। मणिपुर विधानसभा में कुल 60 विधायक हैं। इनमें आदिवासी समुदाय के 10 नगा और 10 कुकी समुदाय के विधायक हैं। मंगलवार को दिल्ली में हुई बैठक में 9 आदिवासी विधायक शामिल हुए थे। केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज भवन ने इस बैठक के लिए प्रयास किया था जो सफल होते दिखे हैं। मणिपुर में 28 मैतई विधायक हैं। इनमें से 17 विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर मणिपुर में शांति स्थापित करने के लिए पहल की थी। कुकीज समुदाय के सभी संगठनों ने मिलकर कुकी काउंसलिंग बनाई। इसका मकसद था कि सभी समुदाय के लोगों की बात को आम राय के साथ काउंसिल में रखी जा सके। केंद्र सरकार भी काउंसिल से बात करने के लिए सहमत हुई। काउंसिल में नगा समुदाय को भी प्रतिनिधित्व दिया गया। 17 माह बाद सही तरीके से मणिपुर में हिंसा को रोकने और समस्या के समाधान में सही दिशा में प्रयास शुरू किया गया है। इस बैठक से मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को दूर रखा गया है। इसके पीछे जो लॉजिक बताया गया वह यह था कि मुख्यमंत्री बैठक से दूर रहे तब जाकर इस बैठक के लिए उपयुक्त माहौल बन पाया। यदि यह सच है तो फिर अब देखना यह होगा कि केंद्र सरकार इस मामले को किस तरह से सुलझाती है। मणिपुर के सभी समुदायों के बीच में लगातार हिंसा के बाद अब एक आशा की किरण दिखाई दी है और कहा जा सकता है कि अब आपसी बातचीत के जरिए तीनों समुदायों के बीच के विवाद को सुलझाया जा सकेगा। केंद्र सरकार को अब इस मामले में पहल करनी है। इसके लिए मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को बदला भी जा सकता है। समस्या के समाधान निकालने के लिए केंद्र सरकार इससे पहले एक मौका खो चुकी है। मणिपुर में राज्यपाल के रूप में अनसुईया उइके ने अपने स्तर पर सभी समुदाय के साथ बातचीत करके विवाद को सुलझाने की चेष्टा की थी, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उनका उपयोग उस समय नहीं किया गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय मुख्यमंत्री के कहने पर आंख मूंदकर कार्रवाई करता रहा, जिसके कारण बार-बार हिंसा फैलती रही। 17 महीने में पहली बार - मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की गैरमौजूदगी में यह बैठक हुई है। काउंसिल पर भी फैसला हो गया है। अतः ग्रह मंत्रालय और केंद्र सरकार को इस मामले में संवेदनशीलता के साथ इस मामले को सुलझाने के लिए त्वरित रूप से आवश्यक निर्णय लेने होंगे। मणिपुर के विवाद को सुलझाना है तो इसमें ऐसे लोगों को आगे लाना पड़ेगा, जिनके ऊपर तीनों समुदाय का विश्वास हो, तभी यह मामला आसानी से सुलझ पाएगा।


## साइबर ठगी का बढ़ता दायरा, सज्जनों पर संकट

**विजय कुमार जैन**

आधुनिक संचार क्रांति के युग में मोबाइल एवं इंटरनेट जितने लाभदायक हैं उससे ज्यादा हानिकारक भी हैं। मोबाइल एवं इंटरनेट के माध्यम से भारत ही नहीं दुनिया में आए दिन साइबर ठगी की घटनाएं सुनने में आ रही है साइबर अपराध करने वालों की गैंग जानबूझकर ऐसे समय संबंधित को निशाना बनाते हैं जब वह विचार ही नहीं कर पाता और उनके द्वारा जितनी राशि की मांग की जाती है तत्काल उनके खाते में डाल देते हैं। इसके बाद पछतावा ही हाथ रहता है। मैं साइबर ठगी की कुछ घटनाओं का यहां पर उल्लेख करना चाहूंगा गुना जिले में श्री द्वारका प्रसाद शर्मा महिला बाल विकास विभाग में लिपिक हैं, इनको अपरिचित मोबाइल से फोन आया और मोबाइल नंबर का केवाईसी करने की बात कही ओटीपी पूछा और बैंक खाते से 16000 निकल लिये ।श्री बलवीर सिंह गुर्जर निवासी साडा कॉलोनी राघौगढ़ सेवानिवृत्त गुना तहसीलदार रीडर इनके पंजाब नेशनल बैंक शाखा साडा कॉलोनी राघौगढ़ के खाते में किसी ने 1 जमा किया उन्होंने जैसे ही मोबाइल खोलकर बैंक अकाउंट देखा उनके बैंक खाते से पहली बार रुपए 9970, दूसरे बार 9999 कट गए। उन्होंने तत्काल बैंक शाखा में जाकर अपना खाता ब्लॉक कराया। रुठियाई तहसील राघौगढ़ निवासी रविंद्र सिंह परिहार के पास फोन आया और बताया कि आपका बेटा पुलिस थाने में बैठा है उन्होंने कहा कि मेरा बेटा तो नौकरी पर है उधर से कहा आपका बेटा एक लड़की के साथ होटल में अनैतिक कार्य करते हुए पकड़ा गया है। अपने बेटे को बचाना है तो तत्काल तीन लाख रुपए खाते में डालो। उन्होंने अपनी पत्नी से कहा बेटे को फोन लगाओ। उन्होंने बेटे से पूछा कहां हो बेटे कहा कि मैं तो ऑफिस में हूं फिर उन्होंने जिनका फोन आया था बेटा का फोन कनेक्ट कर बात करवायी।बेटे ने उनसे भला बुरा कहा तब फोन काट दिया।एक सेवानिवृत अधिकारी जिनकी लड़की इंदौर में पढ़ती है घटना चार माह पुरानी है उनके पास फोन आया आपकी बेटी थाने में बैठी है अनैतिक स्थिति में होटल में पकड़ी है उन्होंने दूसरे नंबर से बेटी को फोन लगाया बेटी कॉलेज में थी फोन बंद था इस कारण बात नहीं हो सकी। जिनका फोन आया था उन्होंने कहा अपनी बेटी को बचाना चाहते हो तो तत्काल 6 लाख रुपए खाते में डालो घबराहट में उन्होंने तीन लाख रुपये खाते में भेज दिये ।फिर लड़की का फोन आया कि पापा जी फोन क्यों किया। तब उन्होंने सारी घटना बतायी। उनके साथ साइबर ठगी हो गई ।मैं स्वयं भी साइबर ठगी से होते-होते बचा फोन आया मेरे से कहा कि आपके मोबाइल नंबर की केवाईसी होना है मैंने उनसे कहा मेरा नंबर तो एयरटेल का है अब बी एस एन एल में केवाईसी क्यों हो रही है तो उधर से जवाब आया आपकी सिम पुरानी है पहले बी एस एन एल की थी ।इसलिए आपको 24 घंटे के अंदर केवाईसी करना आवश्यक है अन्यथा सिम बंद हो जाएगी ।मैंने उनसे पूछा कि मुझे क्या करना है उन्होंने कहा कि हम आपको एक प्रोफार्मा भेज रहे हैं उसमें हम जो जानकारी पूछे उनका आप मोबाइल चालू रखकर हमें जवाब देते जाएं। मैंने उनके कुछ प्रश्नों के उत्तर दिए थोड़ी देर बाद मेरी पौत्री 14 वर्षीय तन्वी जैन मेरे पास आई और बोली दादाजी मुझे ऐसा लग रहा है आप साइबर ठगी के शिकार होने वाले हैं। आप तत्काल इस नंबर को काट दें और इस नंबर को ब्लॉक कर दें। इस प्रकार में साइबर ठगी से बच पाया । साइबर ठगी की ही यह घटना मेरे मित्र श्री राघवेंद्र सिंह परिहार सेवानिवृत्ति कृषि अधिकारी राघौगढ़ ने मुझे बताया मैं ऑनलाइन दवाइयां मंगाता था। उनके लिए अपरिचित नंबर से फोन आया और कहा कि आप जिस कंपनी से दवाइयां ऑनलाइन मांगते हैं उस कंपनी ने ड्रा निकाला है ड्रा में आपके नाम कार निकली है आपको बधाईयां।परिहार जी ने उनसे पूछा मुझे क्या करना है उन्होंने कहा कार तो हम आपके लिए कोलकाता में डिलीवरी दे देंगे या फिर आप कहेंगे तो आपके निवास पर पहुंचा देंगे। आपको मात्र इतना करना है आप रजिस्ट्रेशन के पैसे हमारे खाते में डाल दो ।

# डाकू से ऋषि बने वाल्मीकि ने रामायण रची

**ललित गर्ग**




महर्षि वाल्मीकि जयंती- 17 अक्टूबर, 2024)
महापुरुषों की कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं रहती। उनका लोकहितकारी चिन्तन, कर्म एवं उपलब्धि कालजयी होती है और युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करती है। महर्षि वाल्मीकि हमारे ऐसे ही एक प्रकाश-स्तंभ हैं, जिनकी जयंती का सनातन धर्म में बहुत ही खास महत्व है। डाकू से ऋषि बने वाल्मीकि ने हिन्दू धर्म के महान् रामायण जैसे महाकाव्य की रचना की थी। ऋषि वाल्मीकि सबसे महान संस्कृत कवियों में से एक थे। उन्हें आदिकवि के नाम से भी जाना जाता है। ऋषि वाल्मीकि ने जिस रामायण की रचना की वो वाल्मीकि रामायण के नाम से जानी जाती है। ऐसा माना जाता है कि अपने वनवास के समय भगवान श्रीराम वाल्मीकि के आश्रम भी गए थे। वाल्मीकिजी को भगवान श्रीराम के जीवन में घटित घटनाओं की जानकारी थी। कहा जाता है कि ऋषि वाल्मीकि को तीनों कालों सतयुग, त्रेता और द्वापर का ज्ञान था। महाभारत काल में भी वाल्मीकिजी का उल्लेख मिलता है।

वाल्मीकि जयंती हर साल आश्विन महीने की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन मनायी जाती है। उनकी जन्मतिथि आज भी विवादों में ही है, क्योकि उनके जन्म के बारें मे कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला है जिससे उनकी सही जन्म तिथि के बारे मे कुछ भी कहा जा सके। लेकिन रामायण के समयकाल को शामिल करते हुए यह कहा जाता है, कि वह पहली शताब्दी से लेकर पांचवीं शताब्दी के बीच के रहे होगें। वे एक संत थे और वो एक साधारण जीवन और उच्च विचार रखने वाले व्यक्ति थे। वे बहुत ज्ञानी होने के साथ-साथ एक महान व्यक्तित्व थे। हिंन्दू पौराणिक कथाओं अनुसार, वाल्मिकी ऋषि ही वह अलौकिक एवं दिव्य व्यक्ति थे, जिन्होंने देवी सीता को तब आश्रय दिया था, जब वो अयोध्या राज्य छोड़कर वन में चली गई थीं। यही नहीं मां ने उन्हीं के आश्रम में लव कुश को जन्म दिया था। महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में ही लव कुश ने भगवान श्रीराम का अश्वमेध यज्ञ बांध लिया था। जिसकी वजह से श्रीराम को वाल्मीकि आश्रम में आना पड़ा था। यहीं पर पहली बार लव कुश अपने पिता श्रीराम से मिले थे। बाद में महर्षि वाल्मीकि ने श्रीराम को लव कुश से परिचय करवाया। देवी सीता के पृथ्वी माता की गोद में समा जाने पर वाल्मीकि ने लव कुश को भगवान श्रीराम को सौंप दिया।

मान्यता है कि महर्षि वाल्मीकि का जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। किंतु डाकुओं के संसर्ग में रहने के कारण ये लूटपाट और हत्याएं करने लगे और यही इनकी आजीविका का साधन हो गया। इन्हें जो भी मार्ग में मिलता वह उनकी संपत्ति लूट लिया करते थे। एक दिन इनकी मुलाकात देवर्षि नारद से हुई। इन्होंने नारदजी को लुटते हुए कहा कि तुम्हारे पास जो कुछ है उसे निकाल कर रख दो, नहीं तो तुम्हें जीवन से हाथ धोना पड़ेगा। देवर्षि नारद ने कहा, मेरे पास इस वीणा और वस्त्र के अलावा कुछ और नहीं है? तुम लेना चाहो तो इसे ले सकते हो, लेकिन तुम यह क्रूर कर्म करके भयंकर पाप क्यों करते हो?' देवर्षि की कोमल वाणि सुनकर वाल्मीकि का कठोर हृदय कुछ द्रवित हुआ। इन्होंने कहा, 'मेरी आजीविका का यही साधन है और इससे ही मैं अपने परिवार का भरण पोषण करता हूं।' देवर्षि बोले, तुम अपने परिवार वालों से जाकर पूछो कि वे तुम्हारे इन पाप कर्मों में भी हिस्सा बंटाएंगे या नहीं? वाल्मीकि ने परिजनों से उक्त प्रश्न पूछा तो सभी ने कहा कि यह तुम्हारा कर्तव्य है कि हमारा भरण पोषण करो परन्तु हम तुम्हारे पाप कर्मों में क्यों भागीदार बनें? परिजनों की बात सुनकर वाल्मीकि को आघात लगा। उनके ज्ञान नेत्र खुल गये। उनके जीवन की दिशा बदल गयी। इस घटना से रत्नाकर बहुत दुखी हुआ और गलत मार्ग का त्याग करते हुए श्रीराम की भक्ति में डूब गया।

महर्षि बाल्मीकि परिजनों की बात सुनने के बाद जंगल में पहुंचे और वहां जाकर देवर्षि नारद को बंधनों से मुक्त किया तथा विलाप करते हुए उनके चरणों में गिर पड़े और अपने पापों का प्रायश्चित करने का उपाय पूछा। नारदजी ने उन्हें धैर्य बंधाते हुए श्रीराम नाम के जप की सलाह दी। लेकिन चूंकि वाल्मीकि ने भयंकर अपराध किये थे इसलिए वह राम राम का उच्चारण करने में असमर्थ रहे तब नारदजी ने उन्हें मरा मरा उच्चारण करने को कहा। बार बार मरा मरा कहने से राम राम का उच्चारण स्वतः ही होने लगा। इस राम नाम के जप ने रत्नाकर डाकू का जीवन ही नहीं बदला बल्कि उनके भीतर अनेक अलौकिक, दिव्य एवं विलक्षण शक्तियों का प्रस्फुटन भी कर दिया था। उनके इस जप एवं तप से ब्रह्मदेव प्रसन्न हुए और उन्होंने वाल्मीकिजी को श्रीराम का चरित्र लिखने का आदेश दिया। उसके बाद वाल्मीकिजी ने रामायण की रचना की। महर्षि वाल्मीकि का पालन जंगल में रहने वाली भील जाति में हुआ था, जिस कारण उन्होंने भीलों की परंपरा को अपनाया। स्कंद पुराण के नागर खंड में महर्षि वाल्मीकि को ब्राह्मण बताया गया है। पुराण के मुताबिक ब्राह्मण परिवार में जन्में वाल्मीकि के बचपन का नाम 'लोहजंघा' था और वह अपने माता-पिता के प्रति बहुत समर्पित थे। गोस्वामी तुलसीदास को रामायण के रचयिता वाल्मीकि का अवतार माना जाता है। वाल्मीकि को भगवान श्रीराम के जीवन की हर घटना का ज्ञान था, ऐसा प्रतीत होता है अपनी दिव्य साधना एवं सिद्धि से श्रीराम के सम्पूर्ण जीवन का साक्षात्कार किया हो। वे रामायण के रचयिता ही नहीं, बल्कि प्रभु श्रीराम के भाष्यकार भी है। तभी उन्होंने श्रीराम के जीवन एवं चरित्र को बहुत बारीकी से प्रस्तुति दी है।

ऋषि वाल्मीकिजी कहते है कि भगवान श्रीराम का चेहरा चंद्रमा की तरह चमकदार और सुंदर है। उनकी आंखों की तुलना कमल से की गई। आंखों के कोणों के ताम्र रंग को ताम्राक्ष और लोहिताश के रूप में व्यक्त किया है। ऋषि वाल्मीकि के अनुसार भगवान श्रीराम के बाल लंबे और घने थे। उनके अनुसार, भगवान श्रीराम की नाक उनके चेहरे की तरह लंबी और सुडौल थी। उन्होंने श्रीराम को महानासिका वाला बताया है। महानासिका से तात्पर्य उन्नत और दीर्घ नासिका से है। वहीं प्रभु श्रीराम के कानों के लिए उन्होंने टीकारों ने चतुर्दशसमद्वन्द और दशवृहत् जैसे शब्दों का प्रयोग किया है। जिसका अर्थ है कानों का सम और बड़ा होना। वाल्मीकि ने उनके कानों के लिए शुभ कुंडलों का प्रयोग भी किया है। महर्षि वाल्मीकि के अनुसार, प्रभु के हाथ के अंगूठे में चारों वेदों की प्राप्ति सूचक रेखा थी, जिसके चलते उन्हें चतुष्फलक कहा गया है। श्रीराम के चरण सम और कमल के समान बताए गए हैं।

मान्यता के अनुसार एक बार वाल्मीकिजी गहन तपस्या में बैठे थे। लंबे समय तक चले इस तप में वे इतने मग्न थे कि उनके पूरे शरीर पर दीमक लग गई। लेकिन उन्होंने बिना तपस्या भंग किए निरंतर अपनी साधना पूरी की। इसके बाद ही आंखें खोली। फिर दीमकों को हटाया। कहा जाता है कि दीमक जिस जगह अपना घर बना लेते हैं, उसे वाल्मीकि कहते हैं, इसलिए इन्हें वाल्मीकि के नाम से जाना जाने लगा। एक और घटना एवं मान्यता के अनुसार एक बार महर्षि वाल्मीकि ने एक बार पत्थर पर लिखी रामायण को देखा तो हैरान रह गए और सोचने लगे कि इतनी अच्छी रामायण किसने लिखी। इतने में हनुमानजी वहां प्रकट हो गए और बताया कि यह उनकी लिखी रामायण है। वाल्मीकि इससे दुखी हुए और बताया कि आपकी लिखी रामायण को पढ़ने के बाद मेरी रामायण कौन पढ़ेगा? हनुमानजी ने वाल्मीकि के मनोभाव को जान कर पत्थरों पर लिखी अपनी रामायण को उठाकर समुद्र में फेंक दिया। हनुमानजी ने वाल्मीकि से कहा कि आपकी रामायण ही अबसे दुनिया पढ़ेगी और प्रसिद्ध होगी। निश्चित ही रामायण की कालजयी लोकप्रियता एवं जन-आस्था ने उसे सनातन साहित्य और सर्वप्रिय धर्मग्रंथ का गौरव प्रदान किया है। भारत के घर-घर एवं सभी देशों में रामायण हिन्दू-धर्म-दर्शन का वैश्विक दूत बन गया है। उसकी लोकप्रियता सर्वोपरि है एवं हिन्दू धर्म के अनुयायी बाल्मीकि के सदैव ऋणि रहेंगे।

# अब प्रियंका की संसद से होगी कुड़माई

**राकेश अचल**



पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी की पौत्री और राजीव गाँधी की बेटी श्रीमती प्रियंका वाड्रा ने आखिर ना ना करते हुए भी चुनावी राजनीति में कदम रख ही दिया । अब अगले माह उनकी संसद से कुड़माई होगी । दो बच्चों की माँ और परिपक़्व राजनेता बन चुकी प्रियंका वायनाड से लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बनाई गयीं हैं। कांग्रेसजनों के लिए ये खुशखबरी और सत्तारूढ़ दल के लिए ये एक और मुद्दा होगा भारतीय राजनीति में परिवारवाद पर हमला करने का। हम प्रियंका के संसदीय राजनीति में आने का स्वागत करते हैं। वर्तमान में वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी हैं।प्रियंका न राजनीति के लिए नई हैं और न देशवासियों के लिए। उनके पास राजनीति की एक लम्बी विरासत भी है और अनुभव भी। कांग्रेसी ही नहीं अपितु आम भारतीय प्रियंका में स्वर्गीय इंदिरा गांधी का अक्श देखता है। अक्श और वस्तविक्ता में फर्क होता है ,लेकिन हम और आप अपने पूर्वजों के अक्श के अलावा और हैं भी क्या ?प्रियंका को कांग्रेस ने वायनाड की एक ऐसी सीट से चुनाव मैदान में उतारा है जो शायद कांग्रेस के लिए बेहद सुरक्षित और आसान है ,लेकिन बेहतर होता कि वे पांच महीने पहले हुए आम चुनाव के वक्त अमेठी की अपनी अघोषित रूप से पुश्तैनी संसदीय सीट से लड़तीं। प्रियंका के लिए सक्रिय और संसदीय राजनीति में प्रवेश करना पार्टी की जरूरत है या उनकी अपनी विवशता ? इस विषय पर बहस हो सकती है ,लेकिन इस बात में कोई विवाद नहीं हो सकता कि वे एक धीर-गंभीर राजनेता के रूप में देश और पार्टी के लिए नयी नहीं हैं। उन्होंने चुनाव लड़ने में जानबूझकर देर की ,ये सब जानते है। वे चाहतीं तो 20 साल पहले 2004 में ही संसदीय यात्रा शुरू कर सकतीं थीं ,लेकिन उन्होंने आम भारतीय परिवारों की तरह अपने परिवार की सियासी विरासत सम्हालने के लिए अपने से उम्र में दो साल छोटे भाई राहुल को ही आगे किया। ये प्रियंका का भाई के प्रति स्नेह है या त्याग कहना कठिन है । क्योंकि दोनों के बीच जो रिश्ता है वो सभी आशंकाओं,कुशंकाओं से परे खून का रिश्ता है। कांग्रेस में प्रियंका को कमान देने की मांग समय -समय पर उठती रही हैं । राहुल गांधी से असहमत और नाउम्मीद कांग्रेसी ये मांग करते रहे हैं ,किन्तु प्रियंका ने कभी इसमें कोई रूचि नहीं दिखा। वे पिछले दो दशक से अपने भाई को राजनीति में प्रतिष्ठित करने के लिए साये की तरह सक्रिय हैं आलोचनाओं की परवाह किये बिना। राहुल गांधी जब भी अकेले पड़े,लड़खड़ाए तो प्रियंका उन्हें सम्हालने में सबसे आगे रहीं। राहुल के ऊपर जितने सियासी हमले हुए ,उन सबके जबाब में प्रियंका ने जबाबी हमले भी किये और ढाल भी बनकर खड़ी दिखाई दीं। उनके और राहुल के बीच एक ही फर्क है कि वे राजनीयति का शालीन चेहरा मानी जाती हैं जबकि राहुल आक्रामक चेहरा।

मुझे वर्ष 1999 में प्रियंका का बीबीसी को दिया वो साक्षात्कार याद है जिसमें उन्होंने कहा था कि -मेरे दिमाग में यह बात बिलकुल स्पष्ट है कि राजनीति शक्तिशाली नहीं है, बल्कि जनता अधिक महत्वपूर्ण है और मैं उनकी सेवा राजनीति से बाहर रहकर भी कर सकती हूँ। तथापि उनके औपचारिक राजनीति में जाने का प्रश्न परेशानीयुक्त लगता हैः मैं यह बात हजारों बार दोहरा चुकी हूँ, कि मैं राजनीति में जाने की इच्छुक नहीं हूँ।यानि आप कह सकते हैं कि प्रियंका बेमन से राजनीति में आयन थीं लेकिन अब उनका मन राजनीति में रम गया है।

प्रियंका किसी रेलवे स्टेशन पर चाय बेचते हुए राजनीति में नहीं आयीं । उनके पिता राजीव गाँधी, माँ श्रीमती सोनिया गाँधी ,दादी श्रीमती इंदिरा गाँधी, दादा फिरोज गाँधी ,और उनसे भी पहले पंडित जवाहर लाल नेहरू देश की राजनीति के महत्वपूर्ण अंग रहे हैं। उनके लिए राजनीति न अपरिचित क्षेत्र है और न जरूरी। मुझे लगता है कि प्रियंका के लिए राजनीति के जरिये देश सेवा करने का ये उचित समय है । उनके बच्चे भी बड़े हो गए हैं ,वे तमाम पारिवारिक जिम्मेदारियों से भी लगभग फारिग हो चुकीं है। उनके पास अपनी माँ और भाई के चुनाव प्रबंधन का लंबा अनुभव भी है । 2007 के उप्र विधानसभा चुनावों में उन्होंने जमकर मेहनत भी की थी। बहुत से लोग नहीं जानते होंगे कि प्रियंका मनोविज्ञान में स्नातक भी हैं इसलिए वे देश की जनता के मन को भी भलीभांति समझती हैं। संसदीय राजनीयति में उनके प्रवेश से कांग्रेस को लाभ मिलेगा या नुक्सान होगा ये कांग्रेस आकलन कर चुकी है। प्रियंका की मौजूदगी से अब कांग्रेस में एक नए अध्याय का आगाज होग। संसद के भीतर भी और संसद के बाहर सड़क पर भी। जो लोग राहुल से असहमत हैं वे प्रियंका से सहमत हो सकते हैं। उनके साथ खड़े होकर काम कर सकते है। प्रियंका राहुल के लिए चुनौती नहीं बल्कि एक मजबूती साबित होंगी। पिछले दो दशक में राहुल गांधी प्रधानमंत्री तो नहीं बन पाए लेकिन उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता का स्थान तो हासिल कर ही लिया है। संसद में अब वे अकेले नहीं होंगे। उनकी मदद के लिए उनकी बहन भी साथ होंगी बाशर्त कि वे वायनाड से चुनाव जीतकर आ जाएँ। भाजपा प्रियंका को शायद ही संसद में आने से रोक पाये । भाज पा के लिए संसद में प्रियंका का प्रवेश रोकने से ज्यादा महत्वपुर्ण महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव हैं। झारखण्ड के चुनाव है। इन दो राज्यों को बचाने में उलझी भाजपा शायद ही प्रियंका के सामने कोई चुनौती खड़ी कर पाए। बेहतर तो ये हो कि भाजपा वायनाड से चुनाव लड़े ही न और एक नई नजीर पेश कर नारी शक्ति वंदन की ,लेकिन ऐसा होगा नहीं। भाजपा का दिल इतना बड़ा नहीं है। भाजपा कोशिश करेगी कि प्रियंका को संसद में आने से रोका जाये ,क्योंकि प्रियंका का संसद में आना उसके लिए समस्याएं ही पैदा करने वाला होगा।

आपको याद होगा कि प्रियंका गांधी ने 1999 में राजनीति में प्रवेश किया था , जब वो अपनी मां सोनिया गांधी के लिए चुनाव प्रचार करने उतरी थीं। इस दौरान उन्होंने पहली बार राजनीतिक मंच से भाजपा उम्मीदवार अरुण नेहरू के खिलाफ प्रचार था। प्रियंका और प्रियंका जैसे और भी युवा यदि राजनीति में अपनी जगह बनाते हैं तो मुमकिन है कि राजनीति का चेहरा-मोहरा कुछ बदले । राजनीति अदावत के विष से मुक्त हो।

# गरीबी के शर्म के कलंक को धोना होगा

**ललित गर्ग**

**अन्तर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस पर विशेष**

अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस हर साल 17 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत 17 अक्टूबर, 1987 को हुई थी। उस दिन, पेरिस के ट्रोकाडेरो में एक लाख से ज्यादा लोग इकट्ठा हुए थे। इस दिन को मनाने का मकसद, अत्यधिक गरीबी, हिंसा, और भूख से पीड़ित लोगों को सम्मानित जीवन उपलब्ध कराना है। इस दिवस की 2024 की थीम है, 'सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करना, न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और समावेशी समाज के लिए मिलकर कार्य करना।' यह दिन गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की ज़रूरत पर ज़ोर देता है। इस दिवस का मकसद गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनना, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करना और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर ज़ोर देना भी है। जो गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। गरीबी को खत्म करना सिर्फ़ गरीबों की मदद करना नहीं है - बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 2022 के अंत तक विश्व की 8.4 प्रतिशत जनसंख्या, या लगभग 670 मिलियन लोग, अत्यधिक गरीबी में रह रहे थे। अनुमान है कि वैश्विक जनसंख्या का लगभग 7 प्रतिशत लगभग 575 मिलियन लोग 2030 तक भी अत्यधिक गरीबी में फंसे रह सकते हैं। आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत दस वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही गरीबमुक्त संतुलित समाज संरचना की जा सकती है।

गरीबी पहले भी अभिशाप थी लेकिन अब यह संकट और गहराया है। गरीबी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि दुनिया की एक बड़ी समस्या है। गरीबी एक गंभीर बीमारी है, किसी भी देश के लिए गरीबी एक बदनुमा दाग है। जब किसी राष्ट्र के लोगों को रहने को मकान, जीवन निर्वाह के लिये जरूरी भोजन, कपड़े, दवाइयां आदि जैसी चीजों की कमी महसूस होती है, तो वह राष्ट्र गरीब राष्ट्र की श्रेणी में आता है। इस गरीबी से मुक्ति के लिये सरकारें व्यापक प्रयत्न करती हैं। हम जिन रास्तों पर चल कर एवं जिन योजनाओं को लागू करते हुए देश में समतामूलक संतुलित समाज निर्माण की आशा करते हैं वे योजनाएं विषम और विषभरी होने के कारण सभी कुछ अभिनय लगता है, छलावा लगता है, भ्रम एवं फरेब लगता है। सब नकली, धोखा, गोलमाल, विषमताभरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसी नींव पर कैसे साकार होगा? क्योंकि यहां तो सारे राजनीति दल एवं लोकतंत्र को हांकने वाले सब अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। विश्व की सारी संपदा, सारे संसाधन गरीबी को मिटाने में लगते तो आज स्थिति बहुत भिन्न होती, किन्तु बीच में सत्ता की लालसा एवं विश्व पर साम्राज्य स्थापित करने की महत्वाकांक्षाओं ने व्यवधान खड़े कर दिये। इसी कारण जो संपदा है, वह मानव को सुखी, संतुलित या सामान्य बनाने की दिशा में नहीं लगी, संहारक अस्त्रों के निर्माण, आतंकवाद एवं युद्ध की मानसिकता में लगी। एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को भयभीत रखने में अपनी ऊर्जा खपा रहा है, न कि गरीब इंसान की गरीबी दूर करने में।

आज का भौतिक दिमाग कहता है कि घर के बाहर और घर के अन्दर जो है, बस वही जीवन है। लेकिन राजनीतिक दिमाग मानता है कि जहां भी गरीब है, वही राजनीति के लिये जीवन है, क्योंकि राजनीति को उसी से जीवन ऊर्जा मिलती है। यही कारण है कि इस देश में सतहत्तर साल के बाद भी गरीबी कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है, जितनी गरीबी बढ़ती है उतनी ही राजनीतिक जमीन मजबूती होती है। क्योंकि सत्ता पर काबिज होने का मार्ग गरीबी के रास्ते से ही आता है। बहुत बड़ी योजनाएं इसी गरीबी को खत्म करने के लिये बनती रही हैं और आज भी बन रही हैं। लेकिन गरीब खत्म होते गये और गरीबी आज भी कायम है। सरकारी योजनाओं की विसंगतियां ही है कि गांवों में जीवन ठहर गया है। बीमार, अशिक्षित, विपन्न मनुष्य मानो अपने को ढो रहा है। कह तो सभी यही रहे हैं--बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है। रोटी केवल शब्द नहीं है, बल्कि बहुत बड़ी परिभाषा समेटे हुए है अपने भीतर। जिसे आज का मनुष्य अपनी सुविधानुसार परिभाषित कर लेता है। रोटी कह रही है-मैं महंगी हूँ तू सस्ता है।

# एनएसयूआई ने लांच किया जुड़ेगा विद्यार्थी, जीतेगा झारखंड अभियान

धनबाद, बुधवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित कम्युनिटी हॉल में झारखंड प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष विनय ऑरोन के द्वारा जुड़ेगा विद्यार्थी, जीतेगा झारखंड मुहिम को धनबाद जिला में लॉन्च किया गया I कार्यक्रम की अध्यक्षता, प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने किया तथा संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने किया। इस मुहिम के तहत धनबाद जिला के अंतर्गत सभी कॉलेज तथा विश्वविद्यालय में छात्रों को पार्टी से जोड़ा जाएगा और उन्हें पार्टी के विचारधारा तथा पूर्व में किए गए कार्यों के विषय में बताया जाएगा I जिला स्तर पर 10 हजार मेंबरशिप करने का लक्ष्य रखा




गया है, जिसे विधानसभा चुनाव से पूर्व पूरा करने का समय सीमा दिया गया है Iइसी कड़ी में आज लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पार्टी के विचारधारा से प्रेरित होकर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय ऑरोन के नेतृत्व में एनएसयूआई का दामन थामा। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनएसयूआई का अलग झारखंड के हर उस छात्र तक पहुंचना है जो किसी भी अभाव में या व्यवस्था की कमियों के कारण गुणवत्ता वाली शिक्षा से वंचित रह रहे हैं I इसके लिए पूरे झारखंड के हर एक जिले के अंतर्गत हर एक कॉलेज में जाकर छात्रों को जोड़ना है I इसी कार्य को लेकर बुधवार को धनबाद जिला में इस अभियान का शुरूआत किया गया I साथ ही धनबाद जिला में दस हजार छात्रों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है I कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, आमिर हाशमी, उपाध्यक्ष, गोपाल कृष्णा चौधरी, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष, सीता राणा, विश्वविद्यालय प्रोफेसर संघ के अध्यक्ष, प्रो, डी के सिंह, प्रदेश महासचिव, अभय कुमार, प्रदेश सचिव, रवि पासवान व अनुष्का लाल, आकाश प्रमाणिक, राजीव पांडे, प्रिया गुप्ता व दीपशिखा सिंह उपस्थित थे ।धनबाद जिला से देवेंद्र पासवान, रोहित पाठक,राज रंजन सिंह, साहिल खान, सनी सिंह, अरुण दास, निक्की सिंह,उत्तम कुमार,आयुष सिंह, ऋतिक चटर्जी, मोइन अंसारी, संजय तिवारी, अनिकेत कुमार समेत सैकड़ो एनएसयूआई के नेता मौजूद थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ईसीआरकेयू का चुनाव प्रचार समिति की बैठक आयोजित

धनबाद, ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन का चुनाव प्रचार समिति का बैठक धनबाद शाखा एक में सम्पन्न हुआ I जिसमे यूनियन का मान्यता प्राप्त के लिए होने आगामी 4,5,ओर 6 दिसंबर को होने वाला चुनाव पर चर्चा की गई I जिसमें यह निर्णय लिया गया कि तीनों शाखा मिलकर धनबाद क्षेत्र में चुनाव का प्रचार प्रसार करेंगे I यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके खवास नें बताया कि इसके तहत 17 अक्टूबर बृहस्पतिवार को सुबह 8:30 बजे आईओडब्लू-1 धनबाद में और 18 तारीख शुक्रवार शाम 6:00 बजे क्रू लॉबी धनबाद में ईसीआरकेयू द्वारा जनसंपर्क अभियान शुरू किया जाएगा।उक्त बैठक में राजेश कुमार सिंह,राकेश कुमार,नेताजी सुभाष,एन के खवास,जे के साव,बी के दुबे,विश्वजीत मुखर्जी,रीतलाल गोप,प्रभाकर कुमार,संभुनाथ,एम. के.मुकेश,पिंटू नंदन,रंजीत कुमार यादव,शिव कुमार,कुमार आज़ाद,अशोक कुमार,बीपी आजाद, राजकुमार आदि उपस्थित थे।

### छह दिवसीय सालाना उर्स मुबारक शुरू



लोयाबाद।लोयाबाद में हजरत सैयद अब्दुल अजीज शाह रहमतुल्लाह अलैह बाबा का 87 वॉ छह दिवसीय सालाना उर्स मुबारक बुधवार को चादर पोशी के साथ शुरू हो गया।इस अवसर पर मुस्लिम कमेटी लोयाबाद के सौजन्य से लोयाबाद मोड़ स्थित मुस्लिम कमेटी कार्यालय से उर्स को लेकर मजार शरीफ में चादर पोशी के लिए गाजे बाजे के साथ जुलूस निकालकर लोयाबाद मोड़,से लोयाबाद छह नंबर होते हुए मजार पहुंचा,जहां चादरपोशी जुलूस में मुस्लिम समुदायो के अलावे अन्य सभी समुदायो के लोगों ने हिस्सा लिया।।वही मुस्लिम कमेटी के पदाधिकारियों ने लोयाबाद कोलियरी परियोजना पदाधिकारी नारायण प्रसाद को पगड़ी बाँध कर एवं कमेटी का बैच लगाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात नारायण प्रसाद ने फिता काट कर उर्स मेला का उद्घाटन किया।वही बाबा के दरबार पर सभी लोगों ने चादरपोशी कर देश, राज्य और समाज के एकता अखंडता तरक्की के लिए माथा टेक कर दुआएं मांगी गई। वही उर्स छह दिवसीय मेला को लेकर 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर को शानदार कव्वाली कार्यक्रम रखा गया है।

### देश का नवनिर्मित संसद भवन वक्फ बोर्ड की जमीन पर बना है : मौलाना बदरुद्दीन

गुवाहाटी (ईएमएस)। आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के नेता मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने कहा है कि देश का नवनिर्मित संसद भवन वक्फ बोर्ड की जमीन पर बना है। अजमल ने कहा कि, सभी सेक्युलर पार्टियां वक्फ बिल का विरोध कर रही हैं। दो दिन में दो बैठकें हो चुकी हैं। सारे धर्मनिरपेक्ष दलों के सांसदों ने जेपीसी की बहिष्कार किया है। उन्होंने कहा कि, जेपीसी के चेयरमैन जगदंबिका पाल एक कम्युनल आदमी हैं, उनके साथ हमको न्याय नहीं मिलेगा।बदरुद्दीन अजमल के अनुसार, पांच करोड़ लोगों ने समिति को संदेश भेजे हैं, जिसमें विधेयक का बहिष्कार करने का आग्रह किया गया है। यह व्यापक असंतोष को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि, हमारी जमीयत उलेमा-ए-हिंद इस मामले में अब तक चुप थी लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि गवर्नमेंट की नीयत खराब है। हमारे पास हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट बाकी है। न्यायालय से हमको इंसाफ मिलेगा। हम लोगों ने जमीयत की एक कमेटी बना दी है, वह फॉलोअप करेगी। अजमल ने यह भी घोषणा की है कि, जमीयत उलेमा-ए-हिंद बिल को चुनौती देगा और असम में वक्फ बोर्ड की जमीनों का सर्वेक्षण करेगा।उन्होंने आगे एक ऐसा दावा भी किया जो कि विवादास्पद हो सकता है। उन्होंने कहा कि, भारत में नवनिर्मित संसद भवन वक्फ की जमीन पर बना है। अजमल के इस दावे से प्रस्तावित कानून को लेकर चल रही बहस में और गर्मी आ गई है।

### कार की टक्कर से घायल हुए मोटर साइकिल सवार दो व्यक्ति को डायल 100 एफ आर व्ही ने अस्पताल पहुँचाया

गुना(ईएमएस)। गुना के थाना आरोन क्षेत्र के बरोद गाँव के पास एक मोटर साइकिल का एक्सिडेंट हो गया है, दो व्यक्ति घायल हो गये हैं, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में 16-10-2024 को प्राप्त हुई। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक मनोज कश्यप पायलेट मलखान राजपूत ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार पहलवान आदिवासी उम्र 50 साल निवासी ढिमरराई एवं अन्य व्यक्ति घायल हो गये थे। डायल-112/100 जवानों द्वारा घायलों को शासकीय अस्पताल आरोन पहुँचाया गया।

### नजीराबाद क्षेत्र में परित्यक्त अवस्था में मिली नवजात बच्ची को डायल-100 जवानों ने अस्पताल पहुंचाया

भोपाल(ईएमएस)। भोपाल के थाना नजीराबाद क्षेत्र के हनुमान मंदिर के पास परित्यक्त अवस्था में एक नवजात बच्ची मिली है, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति छोड़कर चला गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 16-10-2024 को 11:15 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल थाना नजीराबाद क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक मनोज धाकड़ एवं पायलट प्रशांत पंथी ने घटना स्थल पर पहुँचकर बच्ची को 108 चिकित्सा वाहन की सहायता से सुरक्षित शासकीय अस्पताल बैरसिया में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद नवजात बच्ची को कमला नेहरू शासकीय अस्पताल भेजा गया। अग्रिम कार्यवाही थाना नजीराबाद पुलिस द्वारा की जा रही है।

### सभी कोषांग अपने कार्यों को ससमय पूर्ण कर लें

दुमकाःभारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड में विधान सभा आम चुनाव-2024 की घोषणा -15.10.2024 को कर दी गई है तथा घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने समाहरणालय सभागार में विधानसभा आम चुनाव-2024 को लेकर गठित कोषांग के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की एवं कई आवश्यक निदेश भी दिया।उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में यानि 20 नवंबर को जिले में मतदान है इसे ध्यान में रखते हुए सभी कोषांग अपने कार्यों को ससमय पूर्ण कर लें।प्रशिक्षण कोषांग मतदान दल के प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण कर लें।प्रशिक्षण के दौरान निश्चित रूप से ईवीएम जोड़ने,मॉक पोल सहित मतदान दिवस के दिन उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी जाय।जानकारी दी गयी कि 19 अक्टूबर से प्रशिक्षण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि अविलंब मेडिकल बोर्ड का भी गठन किया जाय ताकि मेडिकल बोर्ड के रिपोर्ट के आधार पर अपने आप को अस्वस्थ्य बताने वाले कर्मियों को विधानसभा आम चुनाव-2024 में ड्यूटी करने या ड्यूटी से छूट दिए जाने का फैसला लिया जा सके।उन्होंने कहा कि स्वीप कोषांग व्यापक प्रचार प्रसार कर 20 नवंबर को जिले के मतदाताओं को अपने घरों से निकलकर मतदान करने के लिए प्रेरित करें।लोकतंत्र के त्यौहार में हर एक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे, इसे प्रचार प्रसार के माध्यम से सुनिश्चित करें।इस दौरान उन्होंने सामग्री कोषांग,एमसीएमसी कोषांग,वाहन कोषांग, एमसीसी कोषांग सहित अन्य कोषांग की समीक्षा की एवं आवश्यक निदेश दिए।

### एसकेएमयू ने जारी किया छह परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तिथि

दुमकाःसिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने कुल छह परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी है, जिसमें एमबीए और एमसीए सेमेस्टर-2, बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-2 तथा एमबीबीएस फर्स्ट प्रोफेशनल और एमबीबीएस थर्ड प्रोफेशनल की परीक्षाएं शामिल हैं। छात्र एमबीए और एमसीए सेमेस्टर-2 के लिए 18 से 23 अक्टूबर तक, बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-2 और एमबीबीएस फर्स्ट प्रोफेशनल के लिए 20 से 25 अक्टूबर तक तथा एमबीबीएस थर्ड प्रोफेशनल के लिए 21 अक्टूबर तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं।

## जिला टेटे चैम्पयिनशपि : आरव, आर्वी और अनिका को खिताबी सफलता

इन्दौर (ईएमएस)। इन्दौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में अभय प्रशाल में आयोजित शरद सांघी मेमोरियल जिला टेबल टेनिस चैम्पियनशपि के फाईनल मुकाबलों में अंडर-11 बालिका एकल में आर्वी जैन ने सान्वी सिंघल को 3-1 से, बालक वर्ग में आरव कासट ने साकार भार्गव को 3-0 से तथा अंडर-13 बालिका एकल में अनिका महेश्वरी ने आर्वी जैन को 3-2 से हराकर खिताबी सफलता अर्जित की।सेमीफाईनल मुकाबलो में बालक अंडर-11 आयु वर्ग में साकार भार्गव ने आर्यन ठाकुर को 3-0 से, आरव कासट ने मानव शाह को 3-1 से वही बालिका अंडर-13 आयु वर्ग में आर्वी जैन ने सान्वी सिंघल को 3-1 से, अनिका महेश्वरी ने नेहल नाहर को 3-1 से हराकर फाईनल में जगह बनाई। इसके पूर्व खेले गए क्वार्टर फाईनल मुकाबलो में बालिका अंडर-13 आयु वर्ग में आर्वी जैन ने सिद्धिक्षा जैन को 3-1।

## गुजरात के दूरदराज के गांवों तक हाई क्वालिटी मोबाइल और डिजिटल सेवाएं उपलब्ध होंगी


अहमदाबाद (ईएमएस)| मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व में गुजरात के अधिक से अधिक गांवों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिजिटल भारत की संकल्पना के अंतर्गत शामिल कर किफायती और हाई क्वालिटी मोबाइल एवं डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने का दृष्टिकोण अपनाया गया है। राज्य सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने इस उद्देश्य से संशोधित भारतनेट कार्यक्रम फेज-3 के अंतर्गत भारतनेट नेटवर्क को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए केंद्र सरकार के साथ एक महत्वपूर्ण सहयोग ज्ञापन (एमओसी) पर हस्ताक्षर किया है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रही इंडिया मोबाइल कांग्रेस में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, गुजरात के शिक्षा राज्य मंत्री प्रफुल पानशेरिया और राज्य के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की प्रधान सचिव सुश्री मोना खंधार की मौजूदगी में इस सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।यह सहयोग ज्ञापन पूरे गुजरात के डिजिटल कनेक्टिविटी परिदृश्य में एक समान कवरेज के लिए राज्य सरकार की विशिष्ट पहल के रूप में भारतनेट फेज-1 और फेज-2 तथा जिलों के बीच डिजिटल डिवाइड को दूर कर सुदूरवर्ती गांवों में भी 98 फीसदी से अधिक सर्विस अपटाइम हासिल करने में उपयुक्त बनेगा। इसके लिए राज्य सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने दस वर्ष की अवधि के लिए वन टाइम कैपेक्स यानी एकमुश्त पूंजीगत व्यय और इस संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के अंतर्गत 6000 करोड़ रुपए की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत की है। इस डीपीआर में सिग्नल की शक्ति बढ़ाने के लिए फाइबर टू फार फ्लंग, टावर फाइबराइजेशन, कनेक्टेड और ग्रास रूट लेवल गवर्नेंस के लिए फाइबर टू फील्ड ऑफिस और फाइबर टू फैमिली जैसी परिसंपत्तियों का व्यापक उपयोग और राज्य सरकार के नेतृत्व वाली नेटवर्क डिजाइन और बहुआयामी दृष्टिकोण शामिल है। इसमें ग्रामीण आर्थिक क्षमताओं को अनलॉक करने के लिए फाइबर टू फाइनेंशियल इंटरप्राइजेज और कनेक्टेड विश्व के साथ-साथ नए रोजगार अवसरों के सृजन का भी समावेश किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में अपने मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान 2009 में 'ई-ग्राम विश्वग्राम प्रोजेक्ट' शुरू कर ग्रामीण स्तर पर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से डिजिटल युग की शुरुआत की थी। उनके नेतृत्व में गुजरात ने 2001 से 2024 तक 23 वर्षों में जो विकास क्रांति की है, उसकी सफलता का जश्न 'विकास सप्ताह' के रूप में राज्य भर में 7 से 15 अक्टूबर के दौरान मनाया गया है।'विकास सप्ताह' उत्सव के समापन दिवस यानी 15 अक्टूबर को गुजरात और भारत सरकार के बीच हुआ।

## ओरछा को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए तैयार डोजियर को यूनेस्को ने स्वीकारा

भोपाल(ईएमएस)। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में ओरछा के ऐतिहासिक समूह को नामांकित कराने के लिये म.प्र. टूरिज्म बोर्ड द्वारा तैयार कराये गए डोजियर (संकलित दस्तावेज) को केंद्र सरकार ने यूनेस्को की विश्व धरोहर कमेटी को सौंप दिया है। वर्ष 2027-28 के लिये केंद्र द्वारा ओरछा के ऐतिहासिक समूह को विश्व धरोहर स्थल घोषित करने हेतु अनुशंसा की है। पेरिस स्थित यूनेस्को कार्यालय में भारतीय राजदूत विशाल वी शर्मा ने यूनेस्को विश्व विरासत केंद्र के निदेशक लाज़ारे एलौंडौ असोमो को ओरछा का डोजियर सौंपा है। यूनेस्को की आधिकारिक घोषणा के बाद ओरछा देश की ऐसी एकमात्र विश्व धरोहर स्थली होगी, जो राज्य संरक्षित है।प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने और पर्यटकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के सतत प्रयास किये जा रहे है। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने यूनेस्को द्वारा डोजियर को स्वीकार किए जाने पर हर्ष जताते हुए कहा कि, यह प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। ओरछा अपनी अद्वितीय स्थापत्य शैली और समृद्ध ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। विश्व धरोहर सूची में नामांकित होने से ओरछा की ऐतिहासिक धरोहरों की वैश्विक पहचान को और मजबूती मिलेगी। साथ ही ओरछा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण केंद्र बनेगा।उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष केंद्र सरकार देश की एक धरोहर को यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में नामांकित कराने के लिए यूनेस्को (यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल आर्गेनाइजेशन) को अनुशंसा करती हैं। यूनेस्को की विश्व धरोहर की सूची में प्रदेश के 14 स्थल शामिल है। खजुराहों के मंदिर समूह, भीमबेटका की गुफाएं एवं सांची स्तूप यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल स्थायी सूची में शामिल है। यूनेस्को की टेंटेटिव सूची में ग्वालियर किला, बुरहानपुर का खूनी भंडारा, चंबल घाटी के शैल कला स्थल, भोजपुर का भोजेश्वर महादेव मंदिर, मंडला स्थित रामनगर के गोंड स्मारक, धमनार का ऐतिहासिक समूह, मांडू में स्मारकों का समूह, ओरछा का ऐतिहासिक समूह, नर्मदा घाटी में भेड़ाघाट-लमेटाघाट, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और चंदेरी शामिल है।म.प्र. टूरिज्म बोर्ड द्वारा ओरछा और भेड़ाघाट को यूनेस्को की टेंटेटिव सूची में शामिल कराने के लिए क्रमशः वर्ष 2019 एवं 2021 में प्रस्ताव तैयार कराया गया था। जिसको भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए.एस. आई.) द्वारा योग्य मानते हुए यूनेस्को के विश्व धरोहर अनुभाग को अग्रेषित किया और फिर टेंटेटिव लिस्ट में सम्मिलित करने की घोषणा की गई थी। घोषणा के बाद टूरिज्म बोर्ड द्वारा विशेषज्ञ संस्थाओं के सहयोग से ओरछा, मांडू, भेड़ाघाट के डोजियर तैयार कर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को भेजा गया।

## झारखंड राज्य ऊर्जा मित्र संघ की महा प्रबंधक सह मुख्य अभियंता से हुई सकारात्मक वार्ता

धनबाद, महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता, बिजली आपूर्ति क्षेत्र धनबाद के कार्यालय में झारखंड राज्य ऊर्जा मित्र संघ कि वार्ता हुई। इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा मित्रों के बकाया भुगतान , पहचान पत्र, रेट कॉन्ट्रैक्ट समेत अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा करना था।वार्ता में ऊर्जा मित्र संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा और संतोष कुशवाहा ने कहा कि दो दिनो के अन्दर बकाया मानदेय का भुगतान, बिलिंग एजेंसी द्वारा पहचान पत्र निर्गत करने, सभी ऊर्जा मित्रों को रेट कॉन्ट्रैक्ट उपलब्ध कराने मुख्यतः मांग रखी । इसके साथ ही उन्होंने कार्य की स्थिरता और बेहतर कार्य स्थितियों पर भी चर्चा की। वार्ता में महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता, बिजली आपूर्ति क्षेत्र धनबाद के समक्ष यह सहमति बनी की दिनांक 16 अक्टूबर 2024 तक सभी ऊर्जा मित्रों के मानदेय का भुगतान कर दिया जायेगा और अगले 15 दिनों में सभी ऊर्जा मित्रों को पहचान पत्र तथा रेट कॉन्ट्रैक्ट उपलब्ध करा दिया जाएगा।साथ ही वर्क कॉन्ट्रैक्ट में



लिखित सभी सुविधा को भी बिलिंग एजेंसी द्वारा अगले महीने तक प्रदान कर दिया जाएगा। मौके पर वैभव सिन्हा ने कहा की उर्जा मित्रों का हक हम हर कीमत दिला कर रहेंगे। बिलिंग एजेंसी द्वारा ऊर्जा मित्रों का शोषण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।संतोष कुशवाहा ने कहा की अगर कल तक बिलिंग कंपनी द्वारा ऊर्जा मित्रों के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो हड़ताल जारी रहेगा।महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता ने सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए सभी ऊर्जा मित्रों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कार्यवाही करवाने और संघ की सभी मांगों को पूरा करने का लिखित आश्वासन दिया। वार्ता सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और सभी पक्षों ने आपसी संवाद और सहमति से समस्याओं का समाधान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। मौके पर मुख्य रूप से महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता, बिजली आपूर्ति क्षेत्र धनबाद अशोक कुमार सिंह, सीएनआर प्रभाकर कुमार, अधीक्षण अभियंता एस के कश्यप , ऊर्जा मित्र संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा और संतोष कुशवाहा सहित दर्जनों उर्जा मित्र उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो का किया गया सम्मान

दुमकाःझारखंड राज्य पेंशनर समाज जिला शाखा दुमका के द्वारा बुधवार को मासिक बैठक में जिला के राज्य संघ में निर्वाचित पदाधिकारी का सम्मान किया गया तथा भारतीय स्टेट बैंक दुमका के मुख्य प्रबंधक वीरेंद्र कुमार का स्वागत सह अभिनंदन भी किया गया ।इस अवसर पर सचिव तारनी प्रसाद कामत ने धनबाद जिला के पेंशनर समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कम समय में शानदार ढंग से राज्य सम्मेलन को संपन्न करा कर प्रेरणादायी जिम्मेवारी का निर्वहन किया है इसके लिए धनबाद जिला के तमाम साथियों का अभिनंदन करता हूं ।उन्होंने राज्य संघ का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने दुमका जिला संगठन से पांच पांच पदाधिकारी का चयन कर यहां के पेंशनरों को, उनके सांगठणिक क्षमता को सम्मानित कर हमें गौरवान्वित किया है ।अध्यक्ष लक्ष्मीकांत ठाकुर ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी से अपील किया कि जिस आशा के साथ राज्य कमेटी ने उनके ऊपर सांगठनिक कार्य भार सौपा है उसे वह पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ पूरा करेंगे क्योंकि इसमें इस जिला का प्रतिष्ठा भी जुड़ा हुआ है ।नवनिर्वाचित राज्य पदाधिकारी लक्ष्मीकांत ठाकुर उपाध्यक्ष ,तारणी प्रसाद कामत संपादक, बालकिशोर कापरी राज्य सचिव, मनोज कुमार मिश्रा संगठन सचिव ,एवं माधव कुमार सिंह प्रमंडलीय सचिव को माला पहनाकर तथा पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया ।एसबीआई मुख्य शाखा के नव पदस्थापित मुख्य प्रबंधक वीरेंद्र कुमार को सभा स्तर पर पहुंचते ही अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष मनोज ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया तथा सचिव ने माला पहनाकर स्वागत किया ।मनोज कुमार मिश्रा ने सदन को अवगत कराया कि इस बार पेंशनरो को जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करने में परेशानी एवं दिक्कत नहीं हो इसके लिए नव पदस्थापित मुख्य प्रबंधक वीरेंद्र कुमार के द्वारा विशेष व्यवस्था किया गया है इसके लिए पेंशनर समाज अभी से आभार व्यक्त करता है ।मुख्य प्रबंधक ने अपने संबोधन में जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करने में पेंशनरों को धैर्य रखने की अपील करते हुए कहा कि 1 नवंबर से 30 नवंबर के बीच आराम से सभी पेंशनर अपना जीवन प्रमाण पत्र समर्पित कर देंगे। बैंक पेंशनरों की सुविधा के लिए उम्र के आधार पर पांच समूह का निर्माण कर तिथियों का निर्धारण के द्वारा दो दो काउंटर बना कर सहूलियत से लिया जाएगा जिसकी जानकारी विस्तार से बाद में दे दी जाएगी ।।उन्होंने कहा कि बैंक आपके बैठने की भी व्यवस्था करेगी ।समय पर जीवन प्रमाण पत्र का कार्य संपादित करने हेतु विशेष काउंटर का व्यवस्था करेंगे ।हम समाज के साथियों से भी अपील करते हैं की आप एक दो सदस्य बैंक में उपस्थित रहकर हमें एवं पेंशनर को सहयोग प्रदान करें ।उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त किया की पेंशनर समाज के द्वारा भी जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करने की कार्रवाई ऑनलाइन की जा रही है उन्होंने पेंशनर समाज को खास कर मीडिया प्रभारी कुंदन झा को इस बात के लिए बधाई दिया समाज के सदस्य गण एवं असमर्थ पेंशनरों का जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करने के लिए उनके घर पर जाकर भी ऑनलाइन यह सुविधा उन्हें प्रदान कर रहे हैं।

### गंभीर बीमारी से जूझ रहे युवक के लिए निस्वार्थ सेवा संस्थान ने दिया आर्थिक सहयोग

हाथरस (ईएमएस)। निस्वार्थ सेवा संस्थान एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल सिंड्रोम (जीबीएस) से पीड़ित एक युवक की सहायता के लिए आगे आया है। हाथरस निवासी वर्मा कॉलोनी प्रदीप वर्मा के बेटे नवीन वर्मा जिसकी उम्र लगभग 24 साल है एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी से पीड़ित है | नवीन की स्थिति में तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता है और इसका इलाज जयपुर के अस्पताल में चल रहा है | इस उपचार का वित्तीय बोझ परिवार पर भारी हैं एवं पिता प्रदीप वर्मा ही घर में कमाता है और घर का सारा खर्चा उठाता है | अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि संस्था ने इसकी जानकारी मिलते ही संस्था द्वारा तुरंत इंस्पेक्शन किया गया एवं सभी रिपोर्ट्स तथा जाँच चेक करायी गई साथ ही रिपोर्ट्स से संतुष्टि होने के बाद संस्था द्वारा प्रदीप वर्मा को मदद के लिए आश्वासन दिया | प्रदीप वर्मा जी को संस्था की ओर सहायता राशि का एक चेक मदद स्वरूप दिया गया |

### किसी भी हाल में मरीजों को बाहरी दवा न लिखी जाये : जिलाधिकारी

हाथरस (ईएमएस)। जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने बागला संयुक्त जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में भर्ती मरीजों से वार्ता कर स्वास्थ्य के बारे में जानकारी की। तथा आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और पायी गई खामियों को दुरस्त कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आपातकालीन कक्ष, सीटी स्कैन कक्ष, पर्ची काउंटर, बाल रोग विभाग, ईएनटी कक्ष, एनपीपीसीडी कक्ष, वरिष्ठ परामर्शदाता कक्ष, दवा वितरण कक्ष, डेंगू वार्ड, एनआरसी कक्ष, महिला ओपीडी कक्ष, पैथोलोजी कक्ष, एसएनसीयू कक्ष, लेबर रूम, जच्चा बच्चा वार्ड, जनरल महिला, पुरुष वार्ड, सिजेरियन वार्ड, आयुष्मान वार्ड आदि वार्डो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## बीस साल में धनबाद को मिला उपविजेता का खिताब

धनबाद, रामगढ़ जिला एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वा धान में रजरप्पा स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय 18वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का मंगलवार को समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में 600 खिलाड़ियों और 100 तकनीकी पदाधिकारी ने भाग लिया । 14 वर्ष बालिका और 20 वर्ष बालिका वर्ग में धनबाद जिला का उपविजेता रहा। धनबाद जिला के खिलाड़ियों का परिणाम इस प्रकार रहा। रूबी कुमारी- बालिका 20 वर्ष में 5000 मी और 3000 मी प्रथम स्थान , शारदा हसदा- बालिका 16 वर्ष के गोला फेक में प्रथम, आशा कुमारी- बालिका 18 वर्ष और 400 मीटर द्वितीय, पिंकी कुमारी- बालिका 20 वर्ष गोला फेक तृतीय, शिरया राय- बालिका 14




वर्ष ट्रैथलन सी में तृतीय, चांदनी कुमारी- बालिका 14 वर्ष ट्रैथलन ए में तृतीया, अमनी कुमारी- बालिका 16 वर्ष गोला फेक में तृतीय, राजकुमारी यादव- बालिका 16 वर्ष भला फेक में तृतीय, ऋषु राज- बालक 18 वर्ष गोला फेक तृतीया, भूमिका राय- बालिका 18 वर्ष गोला फेक में तृतीय और डिसकस थ्रो में प्रथम, लक्ष्मी कुमारी- बालिका 18 वर्ष डिसकस थ्रो द्वितीय, पूजा कुमारी- बालिका 18 वर्ष जैवलिन थ्रो तृतीया, करण कुमार- बालक 20 वर्ष 200 मीटर में तृतीया, सचिन चौबे- बालक 20 वर्ष डिसकस में प्रथम, मोहम्मद आमिर रिजवान- बालक 20 वर्ष गोला फेक द्वितीय आदि । सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को धनबाद जिला एथलेटिक्स संघ की अध्यक्ष, श्रीमती किरण रानी नायक कोषाध्यक्ष मोहम्मद जुबेर आलम, जिला खेल पदाधिकारी, उमेश लोहोरा, तारकनाथ दास, सुनील मिश्रा, ,अभिजीत पात्र ,बलराम सिंह ,सुजेश ठाकुर, प्रदीप, जयराम भगत,मोहम्मद सरफराज खान ,मोहम्मद फरीद, अभिषेक कुमार, राणा प्रताप सिंह ,किशन कुमार, विनोद राव, एके तिवारी, एसएन गुप्ता, शिव बारात मंडल, मिथुन गोराई विवेक कुमार सिंह ,सुजाता ठाकुर, अनिकेत दुबे ,जोली सरकार ,डिंपल कुमारी, रेशम तारा, जया प्रमाणिक, गौतम कुमार महतो. पपिया राय ,हिमांशु रजवार, राहुल मिश्रा ,प्रकाश महतो ,जयराम भगत, डीके पॉल, विष्णु दास ,बिहु कुमार, महावीर आदि ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी I इसकी जानकारी जिला एथलेटिक संघ के सचिव, बंधन टोप्पो ने कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार, आर एन चौरसिया को दी।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ । बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों और बिकवाली से आई है । वहीं गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। । आज प्रमुख कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणाम निराशाजनक और विदेशी निवेशकों के घरेलू बाजार से पैसा निकालने से भी ये नीचे आया है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर अधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 0.39 फीसदी करीब 318.76 अंक टूटकर 81,501.36 पर बंद हुआ । वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी-50 भी 0.34 फीसदी तकरीबन 86.05 अंक फिसलकर 24,971.30 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) का शेयर सबसे अधिक 2.87 फीसदी गिरा । इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, कोटक बैंक, आईटीसी, टाइटन, इंडसइंड बैंक, अल्ट्रा सीमेंट, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी नीचे आये । वहीं दूसरी ओर एचडीएफ़सी बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 0.92 फीसदी उछला । इसके अलावा भारती एयरटेल, रिलायंस, एशियन पेंट्स, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के शेयर भी उछले हैं। बाजार जानकारों के अनुसार वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर रुझान, आईटी स्टॉक्स और ऑटो कंपनियों




के शेयरों में गिरावट और विदेशी निवेशकों की निकाषी हावी हाने से घरेलू बाजार में गिरावट आई। दूसरी ओर विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 1,748.71 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। इससे पहले आल सुबह घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर खुला। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले कमजोर रुख से बाजार में ये गिरावट दर्ज की गयी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 198 अंक करीब 0.24 फीसदी नीचे आकर 81,621 पर खुला। वहीं दूसरी ओर निफ्टी-48 अंक तकरीबन 0.19 फीसदी फिसलकर 25,009 पर खुला। वहीं गिफ्ट निफ्टी से बाजार की कमजोर शुरुआत दिख रही है। सुबह गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर्स करीब 49 अंक फिसलकर 25,069 पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले गत दिवस अमेरिकी शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आया।

इस दौरान वॉल स्ट्रीट के तीनों प्रमुख इंडेक्स नुकसान में रहे। नैस्डैक कंपोजिट में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। यह इंडेक्स 1.01 नीचे आया। एसएंडपी 500 0.76 फिसला, डॉव जोन्स भी नुकसान में रहा। आज शुरुआती कारोबार में एशियाई बाजारों में भी गिरावट आई है। यह इंडेक्स 1.85 फीसदी गिरा, टॉपिक्स 1.13 फीसदी नीचे आया, ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी / एएसएक्स 200 0.4 फीसदी की गिरावट के साथ खुला, जबकि कोरिया का कोस्पी 1.22 फीसदी और कोस्डाक 0.93 फीसदी गिरा। पिछले कारोबारी सत्र में बाजार में गिरावट दर्ज की गयी थी।

## रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ ही 84.03 पर बंद हुआ । आज सुबह रुपय 84.01 पर खुला । वहीं गत दिवस रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ ही 84.04 रुपये पर बंद हुआ था । शेयर बाजार के कमजोर कारोबार से भी आज रुपये की बढ़त पर अंकुश रहा। सकारात्मक घरेलू बाजारों से मिलने वाला समर्थन विदेशी पूंजी की निकासी से खत्म हो रहा था। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से भी रुपये पर दबाव आया । इससे भारत का पहले से ही चिंताजनक व्यापार घाटा और बढ़ गया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 84.06 प्रति डॉलर पर खुला और फिर शुरुआती सौदों के बाद 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.05 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखापने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 फीसदी की गिरावट के साथ 103.25 पर रहा।

## भारत-कनाडा विवाद के बीच मंत्री मैरी एनजी का बयान सुनने लायक

ओटावा (ईएमएस)। भारत और कनाडा के बीच इनदिनों अभूतपूर्व कूटनीतिक विवाद के बीच कनाडा की व्यापार मंत्री मैरी एनजी ने देश के व्यापारिक समुदाय को भरोसा दिलाया कि वे दोनों देशों के बीच सुस्थापित वाणिज्यिक संबंधों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मंत्री एनजी ने कहा, ''मैं अपने व्यापारिक समुदाय को आश्वस्त करना चाहती हूं कि हमारी सरकार कनाडा और भारत के बीच सुस्थापित वाणिज्यिक संबंधों को समर्थन देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंत्री एनजी ने कहा कि हमारी व्यापार आयुक्त सेवा भारत में कार्यरत कनाडा की कंपनियों को सहायता तथा संसाधन उपलब्ध कराना जारी रखेगी।'' एनजी ने यह बात तब कही जब भारत ने एक अभूतपूर्व कदम उठाकर न केवल ओटावा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाया, बल्कि भारत से छह कनाडाई राजनयिकों को भी निष्कासित किया है। उन्होंने कहा, मैं साफ कर दूं, कनाडा सरकार अपने व्यवसायों के साथ मजबूती से खड़ा है। हम भारत के साथ जुड़े कनाडा के सभी उद्यमों के साथ मिलकर काम जारी रखने वाले हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ये महत्वपूर्ण आर्थिक संबंध मजबूत बने रहें।'' मंत्री ने कहा, ''कनाडा सरकार भारत के साथ बातचीत के लिए तैयार है और हम अपने मूल्यवान संबंधों को जारी रखने के लिए तत्पर हैं।' इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन' के अनुसार, भारत 2022 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कनाडा का नौवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार, वैश्विक स्तर पर 13वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार तथा व्यापारिक निर्यात के लिए 14वां सबसे बड़ा गंतव्य था।

## क्यूआईपी से अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी ने कमाए 4,200 करोड़ रुपए

नई दिल्ली,(ईएमएस)। अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी, अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपने संस्थागत शेयर बिक्री या क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के समापन का ऐलान किया है। क्यूआईपी से अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी ने 4,200 करोड़ कमाए हैं। अडाणी एंटरप्राइजेज ने 9 अक्टूबर को संस्थागत शेयर बिक्री की शुरुआत की थी। अडाणी एंटरप्राइजेज ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स को 1 रुपए के फेस वैल्यू वाले 1.41 करोड़ इक्विटी शेयरों के निर्गम और आवंटन को मंजूरी दे दी। कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि क्यूआईपी के लिए इश्यू प्राइस 2,962 रुपए प्रति शेयर तय किया है, जो कि 3,117.47 रुपए प्रति शेयर के फ्लोर प्राइस से पांच फीसदी की छूट है। मंगलवार के क्लोजिंग प्राइस की तुलना में, इश्यू प्राइस पर दी गई छूट फ्लोर प्राइस की तुलना तकरीबन समान ही है। एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि क्वांट म्यूचुअल फंड अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के हाल ही में खत्म हुए क्यूआईपी में सबसे बड़े प्रतिभागी के रूप में उभरा है।

# सोने ने लगाई छलांग, 76700 रुपए प्रति 10 ग्राम पार, चांदी भी चमकी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सोने ने बुधवार को ऑल टाइम हाई का रेकॉर्ड बना दिया। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 76700 रुपए प्रति 10 ग्राम पार कर गई। मंगलवार के मुकाबले बुधवार को इसमें 363 रुपए की तेजी आई। इसके साथ 10 ग्राम सोने की कीमत 76723 रुपए हो गई। यह पहली बार है जब सोने ने रिकॉर्ड बना लिया है। बुधवार को चांदी में भी उछाल आया। सोने की कीमत में पिछले दो दिनों से गिरावट देखी जा रही थी लेकिन बुधवार को तेजी आई। मंगलवार को सोना 76360 रुपए पर बंद हुआ था। बुधवार को यह फ्लैट कीमत पर खुला लेकिन इसके बाद इसमें पंख लग गए। एक समय यह 76750 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई थी। हालांकि बाद में इसमें उतार-चढ़ाव जारी रहा।



बुधवार को चांदी भी चमकी। एमसीएक्स पर दोपहर तक यह 544 रुपए बढ़कर 92194 रुपए प्रति किलो पहुंच गई। मंगलवार को यह 91623 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी। इससे पहले दो दिन तक इसमें भी मंदी थी। बुधवार दोपहर तक इसमें आधे फीसदी से ज्यादा उछाल आ गया। हालांकि यह अभी अपनी उच्चतम कीमत से कम है। इस महीने की शुरुआत में चांदी की कीमत प्रति किलो 93 हजार रुपए प्रति किलो पार कर गई थी। सोने की कीमत पिछले 15 दिनों में डेढ़ फीसदी से ज्यादा बढ़ गई है।

त्योहारी और शादियों के सीजन को देखते हुए सोना महंगा हो सकता है। जानकार बताते हैं कि अगले साल की शुरुआत में सोना 80 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम हो सकता है। वहीं मिडिल ईस्ट में तनाव और अमेरिकी केंद्रीय बैंक की ओर से ब्याज दर कम होने की संभावना को देखते हुए इसमें और तेजी आ सकती है। एक तरफ भारत में सोने की कीमत में तेजी आई तो वहीं वैश्विक स्तर पर इसमें गिरावट आई है। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने के कारण सोने की कीमत में तेजी आई है। वहीं अमेरिका में सोने में गिरावट आई है। यहां सोना 0.53 फीसदी की गिरावट के साथ 2,676.57 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## अदाणी ग्रीन एनर्जी ने डॉलर बॉन्ड से धन जुटाने की योजना रोकी




मुंबई (ईएमएस)। रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में काम करने वाली अदाणी ग्रुप की कंपनी, अदाणी ग्रीन एनर्जी ने डॉलर बॉन्ड के माध्यम से धन जुटाने की योजना को रोक दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशकों ने कंपनी की अपेक्षा से अधिक यील्ड पर बोली लगाई, जो कंपनी के लिए स्वीकार्य नहीं थी। इस कारण कंपनी ने धन जुटाने की योजना को रद्द कर दिया। एक बैंकर के मुताबिक, प्रारंभिक मार्गदर्शन के तहत 20 साल की परिपक्वता अवधि के लिए 7 प्रतिशत यील्ड की पेशकश की गई थी। मामले से जुड़े बैंकर ने कहा, कुछ निवेशक उच्च यील्ड की मांग कर रहे थे, जो अडानी समूह के हिसाब से सही नहीं थी, इसलिए उन्होंने सौदे को रद्द करने का निर्णय लिया।" दूसरे बैंकर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों से संबंधित व्यापक बाजार अनिश्चितता और घरेलू राजनीतिक जोखिमों के कारण निवेशक अधिक यील्ड की मांग कर रहे थे, जो बॉन्ड जारीकर्ताओं की पुनर्भुगतान क्षमता को प्रभावित कर सकता है। मार्च में, अदाणी ग्रीन एनर्जी ने करीब 3 अरब डॉलर की बोलियां प्राप्त करने के बाद 18-वर्षीय बॉन्ड के माध्यम से 40.9 करोड़ डॉलर जुटाए। ताजा बॉन्ड इश्यू का नेतृत्व अदाणी ग्रीन की यूनिट्स – अदाणी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर वन, अदाणी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर टू, अदाणी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर फोर और अदाणी सोलर एनर्जी जैसलमेर वन ने एक संरचित बॉन्ड डील के माध्यम से किया था।

## बीईएमएल को मिला ठेका.......दो हाई-स्पीड ट्रेन सेट्स का डिज़ाइन बनने का



मुंबई (ईएमएस)। सरकारी कंपनी बीईएमएल को 867 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट मिला है, इसके तहत दो हाई-स्पीड ट्रेन सेट्स का डिज़ाइन, निर्माण और कमीशनिंग होगा। यह पहली बार है जब इस तरह का काम देश में ही किया जाएगा। यह ठेका चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) द्वारा दिया गया है।

बीईएमएल ने एक्सचेंजों को जानकारी दी, "प्रत्येक कार की कीमत 7.86 करोड़ है और टोटल कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू 866.87 करोड़ है। इसमें डिजाइन खर्च, एक बार की विकास लागत, गैर-आवर्ती शुल्क, और जिग्स, टूलिंग, फिक्स्चर, और टेस्टिंग सुविधाओं की लागत शामिल है, जो भारत की भविष्य की सभी हाई-स्पीड रेल परियोजनाओं में उपयोग की जाएगी। यह प्रोजेक्ट भारत की हाई-स्पीड रेल यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और इसमें 280 किमी प्रति घंटा की टेस्ट स्पीड के साथ पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित ट्रेन सेट्स देखने को मिलेंगी।"बीईएमएल के बेंगलुरु रेल कोच कॉम्प्लेक्स में यह सेट्स तैयार होने है और इनकी डिलीवरी 2026 के अंत तक निर्धारित है। जापानी बुलेट ट्रेन हासिल करने के लिए हुई वार्ताओं में असफलता के बाद, रेलवे ने अपनी खुद की ट्रेनें बनाने का फैसला किया है। हालांकि, बीईएमएल द्वारा तैयार ट्रेनें मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए होंगी या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। बीईएमएल के अनुसार, पूरी तरह एयर-कंडीशंड इन ट्रेनों में रेक्लाइनिंग और रोटेटेबल सीटें होंगी, विशेष प्रावधान विकलांग यात्रियों के लिए होंगे, और ऑनबोर्ड इंफोटेनमेंट सिस्टम की सुविधा भी मिलेगी।

पिछले एक साल में रेलवे ने राजस्थान में स्टैंडर्ड गेज ट्रेनों के परीक्षण के लिए एक ट्रैक तैयार किया है, ताकि हाई-स्पीड ट्रेनों के निर्माण में अपनी क्षमता को साबित किया जा सके। रेलवे का उद्देश्य वंदे भारत ट्रेनों को ब्रॉड गेज से बदलकर स्टैंडर्ड गेज में तब्दील करना है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा उपयोग में आने वाला गेज है, और इन्हें निर्यात भी किया जा सके।

# टाटा समूह सेमीकंडक्टर, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में नौकरियों पैदा करेगा

### टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने दिया बयान

नई दिल्ली। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की राह में नई नौकरियों को लाने की बात कहीं है। चेयरमैन चंद्रशेखरन ने कहा है कि भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और देश को बढ़ते कार्यबल की रोजगार जरूरतों को पूरा करने के लिए 10 करोड़ नौकरियों का सृजन करने की जरूरत है। टाटा समूह देश में अधिक से अधिक विनिर्माण नौकरियां बनाने पर भी ध्यान दे रहा है, क्योंकि पूरा इकोसिस्टम भारतीय कंपनियों, विशेषकर 500,000 छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए कई अवसरों से भरा हुआ है।चंद्रशेखरन के अनुसार, टाटा समूह सेमीकंडक्टर, प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में निवेश कर रहा है, इसलिए वह अगले पांच वर्षों में पांच लाख विनिर्माण नौकरियां पैदा करेगा। सेमीकंडक्टर विनिर्माण जैसे क्षेत्र कई अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें विकसित राष्ट्र बनने के लिए 100 मिलियन नौकरियां पैदा करने की जरूरत है।देश में हर माह करीब दस लाख लोग कार्यबल में शामिल होते हैं, जिससे देश के भविष्य के विकास के लिए विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन आवश्यक होता है। पिछले महीने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टाटा संस और पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कारपोरेशन की नेतृत्व टीम से मुलाकात की, जो गुजरात के धोलेरा में 91,000 करोड़ रुपये की लागत से मेगा सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन फैसिलिटी तैयार कर रही हैं।मार्च में, प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में टाटा-पीएसएमसी चिप प्लांट की आधारशिला रखी थी। फैब निर्माण से क्षेत्र में 20,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कुशल नौकरियां पैदा होंगी। इतना ही नहीं असम में टाटा समूह का सेमीकंडक्टर प्लांट प्रतिदिन 4.83 करोड़ सेमीकंडक्टर चिप्स का उत्पादन करेगा, साथ ही चालू होने पर 15,000 प्रत्यक्ष और 13,000 तक अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगा। टाटा समूह देश में एक नए आईफोन असेंबली प्लांट के लिए तैयार है, जिसके जल्द ही चालू होने की संभावना है। वित्त वर्ष 2024 में नौकरियों में वृद्धि हुई है, भारत के विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसमें 1.3 मिलियन नई नौकरियां पैदा हुईं, जो वित्त वर्ष 2022 में 1.1 मिलियन थीं।

## टाटा संस हुई कर्ज मुक्त, नए उद्यमों में निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी

18 साल में पहली बार टाटा संस शुद्ध आधार पर कर्ज मुक्त कंपनी बनी है। टाटा समूह की मुख्य होल्डिंग कंपनी टाटा संस पर वित्त वर्ष 2023 के आखिर में 22,176 करोड़ रुपए का कर्ज था जो मार्च 2024 में घटकर 363.2 करोड़ रुपए रह गया था। वित्त वर्ष 2024 के आखिर में टाटा संस के पास 3,042 करोड़ रुपए की नकदी और समतुल्य राशि थी, जो इससे एक साल पहले 1,534 करोड़ रुपए थी। कंपनी पर कर्ज खत्म होने के बाद 2,679.2 करोड़ रुपए की नकदी बचेगी। मार्च 2020 के आखिर में टाटा संस पर सबसे ज्यादा 31,603 करोड़ रुपए का कर्ज था और उसका शुद्ध कर्ज एवं इक्विटी का अनुपात 0.56 गुना था। कर्ज-मुक्त बैलेंस शीट और समूह की सूचीबद्ध कंपनियों जैसे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स, टाइटन और टाटा कंज्यूमर से ज्यादा लाभांश मिलने से टाटा संस को नए उद्यमों में निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे पहले वित्त 2006 में टाटा संस शुद्ध आधार पर कर्ज मुक्त हुई थी। उसके बाद विदेशी में कई बड़े अधिग्रहण किए गए थे, जिसने समूह को पूरी तरह से बदल दिया। टाटा संस की बैलेंस शीट और विभिन्न उद्यमों में इसके पूंजी निवेश की रफ्तार में संबंध दिखता है। वित्त वर्ष 2005-06 से 2014-15 के दौरान जब टाटा संस की बैलेंस शीट मजबूत थी तब उसने कई सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध उद्यमों में निवेश किया था। दिलचस्प बात यह है कि टाटा स्टील ने अक्टूबर 2006 में कोरस समूह के लिए 8.1 अरब डॉलर की बोली लगाई थी और 12.1 अरब डॉलर की प्रतिस्पर्धी बोली लगाकर ब्रिटेन की इस कंपनी का अधिग्रहण किया था। टाटा मोटर्स ने जनवरी 2008 में ब्रिटेन की लक्जरी कार विनिर्माता जगुवार लैंड रोवर को 2.3 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया था। 2006 के बाद की अवधि में टाटा केमिकल्स, इंडियन होटल्स और टाटा ग्लोबल बेवरिजेज ने भी विदेश में कई बड़े सौदे किए थे। टाटा समूह की कंपनियों ने अपने संसाधनों और कर्ज के जरिये इन अधिग्रहण सौदों को पूरा किया था। टाटा संस इन सौदों में परोक्ष रूप से शामिल थी और संबंधित कंपनियों को अतिरिक्त इक्विटी पूंजी मुहैया कराई थी जिससे वे बड़ा कर्ज जुटा सके।

# 21 को खुलेगा वारी एनर्जीज़ का आईपीओ जीएमपी 85 फीसदी के ऊपर होगा

### हुंडई के आईपीओ से निवेशक खुश नहीं, प्रीमियम हर दिन हो रहे कम

नई दिल्ली,(ईएमएस)। हुंडई का आईपीओ खुल गया, लेकिन निवेशक खुश नहीं हैं, क्योंकि इस स्टॉक के लिए ग्रे मार्केट में प्रीमियम हर दिन कम हो रहे हैं, लेकिन चिंता करने की जरुरत नहीं। वारी एनर्जीज़ का आईपीओ सोमवार को खुलने वाला है। इसका प्राइस बैंड तय हो गया है और सबसे अच्छी बात ये है कि ग्रे मार्केट में इसका प्रीमियम जीएमपी 85 फीसदी तक उछल गया है। वारी एनर्जीज़ ने अपने आईपीओ के लिए 1,427 से 1,503 रुपए प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। यह आईपीओ 21 अक्टूबर सोमवार को खुलेगा और 23 अक्टूबर तक निवेशक इसमें बोली लगा सकेंगे। निवेशक न्यूनतम 9 शेयरों की एक लॉट में बोली लगा सकते हैं और इसके बाद 9 के मल्टीप्लाई (18, 27, 36...) की संख्या में शेयरों की बोली लगा सकते हैं।




आईपीओ वॉच के मुताबिक हुंडई का ग्रे-मार्केट प्रीमियम बुधवार को कुछ उछला है मंगलवार को यह 45 रुपए था, बुधवार को यह 65 रुपए पर पहुंच गया। हुंडई में बोली लगाने के केवल दो दिन बचे हैं। हालांकि सुबह हुंडई का आईपीओ केवल 22 फीसदी ही सबस्क्राइब हुआ था। मंगलवार को पूरे दिन में यह 18 फीसदी ही बोलियां हासिल कर सका था। इस आईपीओ में कंपनी की फ्रेश इक्विटी शेयरों की बिक्री के जरिए से 3,600 करोड़ रुपए जुटाए जाएंगे। ऑफर फॉर सेल के जरिए 48 लाख शेयर बिक्री के लिए रखे जाएंगे, जिनमें से वारी सस्टेनेबल फाइनेंस और चंदुरकर इन्वेस्टमेंट्स अपने हिस्सेदारी बेचेंगे। प्राइस बैंड के ऊपरी बैंड पर ऑफर फॉर सेल का कुल मूल्य 721.44 करोड़ रुपए हो सकता है, जिससे कुल आईपीओ आकार 4,321.44 करोड़ रुपए का होगा।

वारी एनर्जीज़ के शेयर अनलिस्टेड मार्केट में 1,280 रुपए के प्रीमियम पर ट्रेड हो रहे हैं, जोकि 1,503 रुपए के ऊपरी प्राइस बैंड के हिसाब से 85 फीसदी है। इसका मतलब है कि इस आईपीओ के प्रति निवेशकों का अच्छा उत्साह है और इसे बाज़ार में बड़ी संभावनाएं दिख रही हैं। इस आईपीओ में 50फीसदी हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए आरक्षित है, जबकि 15फीसदी नॉन-इंस्टीट्यूशनल निवेशकों के लिए और 35 फीसदी रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व है। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई दोनों स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट होंगे।

## 37 दिन बाद काम पर लौटे सैमसंग इंडिया के कर्मचारी, खत्म की हड़ताल

कर्मचारियों ने प्रबंधन के खिलाफ काम नहीं करने पर जताई सहमति

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की फैक्टरी में कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को खत्म हो गई। तमिलनाडु सरकार ने बताया कि सभी कर्मचारी काम पर लौट आए हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की श्रीपेरंबुदूर इकाई के कर्मचारियों ने राज्य सरकार और प्रबंधन के साथ हुई बातचीत के बाद 37 दिन लंबी हड़ताल वापस ले ली। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीआईटीयू) के नेतृत्व में हड़ताल कर रहे कर्मचारियों की वेतन वृद्धि समेत ज्यादातर मांगों को सैमसंग प्रबंधन ने पहले ही मान लिया था। इसके बावजूद सीटू ने अपनी यूनियन की मान्यता की मांग को लेकर हड़ताल जारी रखी है, जिसका मामला अदालत में चल रहा है। इस मामले पर कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच कानूनी नतीजे का इंतजार करने पर सहमति बनी है। साथ ही सरकार ने भी यूनियन के पंजीकरण की मांग का समर्थन किया, जिसके बाद यूनियन हड़ताल वापस लेने पर सहमत हो गई। बातचीत के दौरान प्रबंधन और हड़ताली कर्मचारी दोनों के प्रतिनिधि इस बात पर सहमत हुए कि सभी कर्मचारी तुरंत हड़ताल खत्म कर देंगे और काम पर लौट आएंगे। प्रबंधन ने कहा कि हड़ताल में शामिल कर्मियों को प्रताड़ित नहीं किया जाएगा। दूसरी ओर कर्मचारियों ने पूरा सहयोग करने और काम पर लौटने के साथ प्रबंधन के हितों के खिलाफ किसी भी तरह का काम नहीं करने पर भी सहमति जताई है। सरकारी बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने इस सलाह को मान लिया है। कर्मचारियों ने बताया है कि वे तुरंत हड़ताल खत्म कर काम पर लौट आएंगे। इसके साथ सैमसंग फैक्टरी में हड़ताल खत्म हो गई है और सभी कर्मचारियों ने काम फिर से शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि कर्मचारी बुधवार को सैमसंग इंडिया वर्कर्स यूनियन की आमसभा के बाद आधिकारिक तौर पर हड़ताल वापस ले लेगी। हालांकि, नेताओं ने कहा कि उनकी सभी मांगे सरकार और कंपनी दोनों ने मान ली हैं।

## हमारे पास अगली पीढ़ी के लिए नए उत्पाद बनाने का अवसरः गुप्ते

नई दिल्ली,(ईएमएस)। बोइंग इंडिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा कि भारत के पास इंजीनियरिंग क्षमताओं को गुणवत्ता के साथ मिलाकर अगली पीढ़ी के नए उत्पाद बनाने का बढ़िया मौका है। उन्होंने कहा कि देश की कंपनियों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के मामले में आगे बढ़ने और अवसरों का लाभ उठाने पर ध्यान देने की जरुरत है।

गुप्ते ने कहा कि चाहे आप वाहन क्षेत्र, औद्योगिक इंजीनियरिंग प्रणाली, रक्षा की बात करें हमारे पास भारत में कई मौके उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के पास पिछले 30-50 सालों से हमेशा मजबूत इंजीनियरिंग और डिजाइन क्षमताएं रही हैं। भारत में बोइंग की यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में पिछले पांच सालों में यह सफल रहा है। हम 1500 कर्मचारियों से सात हजार तक पहुंच गए हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### फ्यूल टैंकर में हुआ भयानक विस्फोट 94 लोगों की हुई मौत

अबूजा (ईएमएस)।नाइजीरिया में एक फ्यूल टैंकर बीच रास्ते में ही दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसके बाद उसमें से तेल चुराने के लिए लोगों का हुजूम जुट गया था। लोग बड़ी संख्या में टैंकर से तेल निकालने लगे, तभी तेल टैंकर में एक बड़ा धमाका हो गया। धमाके में 94 लोगों की मौत हो गई। यह घटना उत्तरी नाइजीरिया के जिगावा राज्य की है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।बताया जा रहा है कि ये हादसा पेट्रोल टैंकर के पलट जाने की वजह से हुआ। विस्फोट होने से 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब दर्जनों लोग ईंधन लेने के लिए वाहन की ओर दौड़े थे। पुलिस ने बताया कि जब विस्फोट हुआ, तब निवासी पलटे हुए टैंकर से ईंधन निकाल रहे थे। विस्फोट के बाद टैंकर में भीषण आग लग गई और 94 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### ऐसा क्या हुआ, कश्मीर के मुददे पर चुप्पी साधे रहे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ

इस्लामाबाद (ईएमएस)। एससीओ बैठक में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इजरायल-गाजा संघर्ष पर अंतर्राष्ट्रीय ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया, लेकिन कश्मीर मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी। अपने इस बयान के साथ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ ने बुधवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की बैठक का समापन हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान शरीफ ने इजरायल-गाजा संघर्ष पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तत्काल ध्यान केंद्रित करने की अपील की। दिलचस्प यह है कि पाकिस्तान के लंबे समय से विवादित कश्मीर मुद्दे चुप दिखाई दिया, जो शरीफ के सतर्क रुख को दर्शाता है।इस्लामाबाद स्थित जिन्ना कन्वेंशन सेंटर में आयोजित बैठक में रूस को एससीओ की अध्यक्षता सौंपते समय, शरीफ ने कश्मीर मुद्दे पर बोलने से परहेज किया, जबकि यह लंबे समय से भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव का प्रमुख कारण रहा है। इसके पहले के कई मंचों पर पाकिस्तान की ओर से कश्मीर का मुद्दा उठाया जाता रहा था, लेकिन इस बार शरीफ ने कश्मीर मुददे पर चुप्पी रखना ही बेहतर समझा है। अपने समापन भाषण में शरीफ ने राजनीतिक मतभेदों और विभाजनों के बावजूद सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, आइए, हम राजनीतिक मतभेदों और विभाजनों से ऊपर उठकर सहयोग को प्राथमिकता दें। अपनी उपलब्धियों को बढ़ावा दें और साझा चुनौतियों का समाधान करने के लिए हाथ से हाथ मिलाकर काम करें, ताकि एससीओ स्थिरता, विकास और पारस्परिक लाभ का प्रतीक बन सके।इस दौरान शरीफ ने इजरायल और फिलिस्तीन के बीच चल रहे संघर्ष की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, हम गाजा में हो रहे नरसंहार को अनदेखा नहीं कर सकते। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी है कि वह तत्काल और बिना शर्त युद्धविराम सुनिश्चित करे, ताकि 1967 से पहले की सीमाओं के आधार पर एक स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य की स्थापना हो सके, जिसकी राजधानी अल-कुद्स (पूर्वी यरुशलम) हो। पाकिस्तान की चुप्पी पर विशेषज्ञों का मानना है कि कश्मीर का जिक्र न करने का यह निर्णय पाकिस्तान के भीतर विपक्षी दलों और आलोचकों के बीच चर्चा का विषय बन सकता है। हालांकि, एससीओ मंच पर शरीफ ने आपसी सहयोग और विकास के मुद्दों को प्राथमिकता देने की बात कही।

### भूकंप के भयानक झटकों से दहला तुर्की

अंकारा (ईएमएस)। भूकंप के भयानक झटकों से तुर्की बुधवार को हिल गया है। बताया जा रहा है कि बुधवार को पूर्वी तुर्किये में भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.9 आंकी गई है। भूकंप के झटके लगने से लोगों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है।सरकारी आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी के अनुसार, 5.9 तीव्रता का भूकंप मालाट्या प्रांत के काले शहर में आया। रिपोर्ट के अनुसार भूकंप का असर निकटवर्ती शहरों दियारबाकिर, एलाजिग, एर्जिनकन और टुन्सेली में भी महसूस किया गया। प्रशासन ने बताया, ''हमें अब तक किसी भी समस्या की कोई सूचना नहीं मिली है।''तुर्की के अधिकारियों ने कहा कि अभी भी दूरदराज के इलाकों में संभावित नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। 'हैबरतर्क' की खबर के अनुसार पूरे क्षेत्र में लोग दहशत में घरों और कार्यालयों से बाहर निकल आए। मालाट्या उन 11 प्रांतों में से एक था जो पिछले साल तुर्किये और उत्तरी सीरिया के कुछ हिस्सों में आए जबरदस्त भूकंप से तबाह हो गया था। इस भूकंप में भारत ने सबसे पहले तुर्की की मदद की थी।

### अमेरिकी सलाह दरकिनार, बेरूत में बम बरसा रहा इजराइल

बेरूत (ईएमएस)। इजरायल लगातार हिजबुल्लाह के ठिकानों पर भीषण बमबारी कर रहा है। इस बीच इजरायली विमानों ने बुधवार को तड़के बेरूत के दक्षिणी इलाकों में हमले किए हैं। इन हमलों में हताहत होने वालों की संख्या अभी नहीं आई है। यह हमला तब हुआ है जब एक दिन पहले लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने कहा था कि अमेरिकी सरकार ने इजरायल द्वारा बेरूत में हो रहे हमलों में कमी लाने के कुछ आश्वासन दिया हैं।इजरायल का कहना है कि वह बेरूत के उपनगरों में हिजबुल्लाह की संपत्तियों को निशाना बना रहा है जहां यह आतंकवादी समूह मौजूद है। लेकिन, साथ ही यह एक व्यस्त रिहायशी और वाणिज्यिक इलाका भी है। इजरायली सेना ने कहा कि बुधवार को हमले में एक रिहायशी इमारत में हथियारों के एक गोदाम को निशाना बनाया गया।हिजबुल्लाह ने फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के प्रति एकजुटता जताते हुए आठ अक्टूबर को इजरायल में रॉकेट दागने शुरू किए थे। इससे पहले, लेबनान की मीडिया ने बताया कि काना में मंगलवार देर रात इजरायली हमलों में 15 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हुए हैं।

### ट्रंप का शायराना तंज, अमेरिका को अपनों ने लूटा, गैरों में कहां दम था

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका के सहयोगियों ने उसके दुश्मनों से ज्यादा उसका फायदा उठाया है।ट्रंप ने कहा, हमारे दुश्मनों से ज्यादा हमारे सहयोगियों ने हमारा फायदा उठाया है। हमारे सहयोगी यूरोपीय संघ (ईयू) हैं। ईयू के साथ हमारा व्यापार घाटा 30 करोड़ अमेरीकी डॉलर है। उन्होंने कहा, हमारे पास इसतरह के व्यापारिक समझौते हैं जो बेहद खराब हैं। मैं पूछता हूं कि ऐसा करने वाले लोग कौन हैं?ट्रंप ने कहा, ''मैंने चीन पर 27.5 प्रतिशत कर लगाया। अन्यथा, हमारे पास चीनी कारों की बाढ़ आ गई होती। हमारी सभी फैक्ट्रियां बंद हो जाएंगी। ऑटो उद्योग में हमारे पास बिल्कुल भी नौकरियां नहीं होंगी। यह बिजली पर भी लागू होता है, जो जानलेवा है, जिसके बारे में मैंने बताया है।मैंने दक्षिण कोरिया पर कर लगाया क्योंकि वे ट्रक भेज रहे थे। मैंने काफी हद तक कर लगाया। ट्रंप ने कहा, ''क्या आप जानते हैं कि हमारी कार कंपनियां अपना करीब सारा धन छोटे ट्रकों, एसयूवी से कमाती हैं? अगर मैं उन कर को वापस ले लूं, तब आप डूब जाएंगे। हर कार कंपनी का कारोबार बंद हो जाएगा।''रूस के मामले पर उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपने संबंधों का बचाव किया। कर के मुद्दे पर उन्होंने फिर कहा कि भारत एक कठोर देश है। ट्रंप ने कहा, भारत एक बहुत ही कठोर देश है। यह सिर्फ चीन की बात नहीं है। मैं कहूंगा कि चीन शायद सबसे कठोर है। आप जानते हैं कि सबसे कठोर क्या है? यूरोपीय संघ, हमारे खूबसूरत यूरोपीय देश, जो अद्भुत हैं।

### एससीओ सदस्य देश क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दें: जयशंकर

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन और पाकिस्तान की पोल खोल दी है। एससीओ समिट को संबोधित करते हुए जयशंकर ने पाकिस्तान-चीन के सीपीईसी प्रोजेक्ट के कारण भारतीय संप्रभुता के उल्लंघन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों का सहयोग परस्पर सम्मान और संप्रभु समानता पर आधारित होना चाहिए।यह जरूरी है कि सभी देश क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दें। इसके लिए वास्तविक साझेदारी का निर्माण होना चाहिए न कि एकपक्षीय एजेंडे पर आगे बढ़ा जाना चाहिए। विदेश मंत्री ने सीपीईसी की ओर इशारा करते हुए कहा कि यदि हम दुनिया की चुनिंदा प्रथाओं को ही आगे बढ़ाएंगे जैसे व्यापार और व्यापारिक मार्गों के लिए तो एससीओ की प्रगति नहीं हो सकती है।

# कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हिंदू मंदिरों पर हमले, लगा रहे भारत विरोधी नारे

### इतना सब कुछ हो रहा फिर भी कनाडा की सरकार क्यों साधी है चुप्पी?




ओटावा (ईएमएस)। हिंदू मंदिरों पर हमले, भारत विरोधी पोस्टर और भारतीय उच्चायोग पर हमले कनाडा में आम हो गए हैं। दर्जनों खालिस्तानी आतंकी कनाडा के हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ और नारेबाजी करने के बाद खुलेआम घूमते रहते हैं और एक्शन के नाम पर कनाडा सरकार यह सब चुपचाप देख्ती रहती है। कनाडा में खालिस्तानी समर्थक भारतीय उच्चायोग पर न सिर्फ हमले करते हैं. बल्कि ग्रेनेड तक फेंकते है। खालिस्तानियों की इन हरकतों से कनाडा पीएम जस्टिन ट्रूडो ने ऐसे मामलों पर चुप्पी साध रखी है और बिना सबूत भारत पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे हैं। वर्तमान में कनाडा और भारत के रिश्ते में तनाव बना हुआ है।दरअसल, कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर में 18 जून 2023 को सिख धर्म के पूजा स्थल गुरुद्वारे के बाहर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा पीएम जस्टिन ट्रूडो ने इस हत्याकांड में भारतीय एजेंटों का हाथ होने का आरोप लगाया था, लेकिन जब सबूत मांगे गए तो कनाडा की तरफ से भारत को कोई सबूत नहीं दिया गया।14 अक्टूबर सोमवार को कनाडा ने भारतीय हाई कमिश्नर के साथ दूसरे राजनयिकों को पर्सन ऑफ इंटरेस्ट और संदिग्ध बताना शुरू कर दिया है। कनाडा के इस आरोप के बाद तनाव में और इजाफा हो गया, जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत ने कनाडा के 6 राजनयिकों को निष्कासित कर दिया और कनाडा में अपने राजदूत समेत अधिकारियों को भी वापस बुला लिया।कनाडा में भारत और भारतीयों के खिलाफ बहुत कुछ होता है, लेकिन सबसे ज्यादा शर्मसार करने वाला मामला भारतीय उच्चायोग पर ग्रेनेड फेंकने का है। ये मामला 23 मार्च 2023 का है, जब वारिस पंजाब दे के चीफ अमृतपाल सिंह को जेल में बंद किया गया था। इस दौरान उसके बहनोई अमरजोत सिंह के नेतृत्व में खालिस्तानियों ने ओटावा के भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया। यहां भारत विरोधी नारे लगाये और खालिस्तानी आतंकियों ने उच्चायोग के अंदर दो ग्रेनेड फेंक दिए।खालिस्तानियों ने कनाडा की सड़कों पर भारत की पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी निकाली। खालिस्तानियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी से दो दिन पहले ये परेड निकाली थी। इन घटनाओं के बाद भी ट्रूडो सरकार खालिस्तानियों पर मूक दर्शक बनी रही। 20 सितंबर 2023 को खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कनाडा के हिंदुओं को खुलेआम धमकी दी कि वे कनाडा छोड़कर भारत चले जाएं। खालिस्तानियों को जब-जब अपना एजेंडा ध्वस्त होता नजर आता है, वो कनाडा के हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ करते हैं। हाल ही में 22 जुलाई 2024 को कनाडा के एडमोंटन शहर में स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में खालिस्तानियों ने तोड़फोड़ की थी और दीवार पर भारत विरोधी नारे लिख दिए थे।वहीं हरदीप सिंह निज्जर की मौत के बाद 13 अगस्त 2023 को खालिस्तानियों ने ब्रिटिश कोलंबिया के सरे के एक मंदिर में तोड़फोड़ की और मंदिर के मुख्य दरवाजे पर निज्जर की मौत को लेकर जनमत संग्रह के पोस्टर चिपका दिए थे। इससे पहले अप्रैल 2023 में ओंटेरियो प्रांत में श्री स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी और दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे थे। खालिस्तानी आतंकियों ने कनाडा के पत्रकारों तक को नहीं छोड़ा और जिस भी पत्रकार ने उनके एजेंडे पर काम नहीं किया, उस पर भी हमला कर दिया।

### निज्जर मामले में भारत को सहयोग करना चाहिए : अमेरिका

वाशिंगटन(ईएमएस)। आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्या मामले में भारत और कनाडा की लंबे समय से तनातनी चल रही है। कनाडा ने पहले हत्या की साजिश में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया था। अब कनाडा कह रहा है कि इस मामले की जांच में भारत सहयोग नहीं कर रहा है। अब इस विवाद में अमेरिका की भी इंट्री हो गई है। अमेरिका ने भारत को सलाह देते हुए कहा कि जांच में भारत को सहयोग करना चाहिए।कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर आरोप लगाए हैं कि भारतीय एजेंसियों ने कनाडा की धरती पर निज्जर की हत्या की साजिश रची। कनाडा के इस आरोप के बाद भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद बढ़ गया है, और इस मामले में अमेरिका भी हस्तक्षेप कर चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने कहा है कि भारत को इस मामले में कनाडा की जांच में सहयोग करना चाहिए। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि कनाडा के लगाए गए आरोपों को भारत को गंभीरता से लेना चाहिए।

## इटली में बैंक खातों को लेकर मचा बवाल पीएम मेलोनी ने बना लिया मुद्दा

रोम(ईएमएस)। इटली में नेताओं, उद्योगपतियों, मशहूर हस्तियों और खिलाड़ियों के निजी बैंक खातों की जानकारी एक बैंक क्लर्क को हो गई है। इसके बाद से पूरे देश में हड़कंप मच गया है। हालांकि ये जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है इसके बाद राजनीति हो रही है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने इसे बड़ा मुद्दा बना दिया है और आरोप लगाया है कि विपक्षी दल इस पूरे मामले को उनके खिलाफ साजिश के रूप में देख रहे हैं। मेलोनी के परिवार के अन्य सदस्य, उनकी पार्टी के कई नेताओं और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की डिटेल्स भी कोविएलो द्वारा चेक की गई हैं, जिनमें रक्षा मंत्री, यूरोपीय मामलों के मंत्री और पर्यटन मंत्री शामिल हैं।क्लर्क का नाम विन्सेन्ज़ो कोविएलो है, जो इटली के सबसे बड़े बैंक बैंका इंटेसा सैनपाओलो में काम करता था। उसने फरवरी 2022 से लेकर अब तक 6,976 खातों की जानकारी चुपके से निकाल ली। कोविएलो ने अपनी कार्रवाई का कारण बताया कि उसे यह जानने की इच्छा थी कि देश के नेता और बड़े कारोबारी कितने अमीर हैं। उसने कहा कि वह अपने करियर से निराश था और नेताओं की बैंक डिटेल्स देखकर उसे संतुष्टि मिली। उसने इस जानकारी को कहीं नोट नहीं किया और न ही किसी से साझा किया, बल्कि यह जानकारी केवल उसके पास है। कोविएलो की बैंक में काम करने की वजह से उसे इन खातों तक आसान पहुंच थी। उसने यह जानकारी हासिल की कि कब पैसे आए, कब निकाले गए, किसके खाते में पैसे ट्रांसफर हुए, और कहां से और कहां भेजे गए। इस जानकारी से किसी व्यक्ति की निजी जानकारी, उसके व्यवसायिक लेन-देन, कर्ज की स्थिति और यहां तक कि उसके संपर्कों का भी पता चल सकता है। नेताओं को इस बात का डर है कि यह जानकारी डार्क वेब पर बेची जा सकती है, जिससे गैंगस्टर और अंडरवर्ल्ड माफिया इसे अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं, जैसे कि धमकी देकर फरौती मांगना। इस मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है, लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि कोविएलो ने इस जानकारी को किसी के साथ साझा किया है या नहीं। बता दें कि इटली में एक बैंक क्लर्क ने देश के 3500 से अधिक नेताओं, उद्योगपतियों, मशहूर हस्तियों और खिलाड़ियों के निजी बैंक खातों की जानकारी हासिल कर ली है, जिससे इटली की राजनीति में तूफान मच गया है।

## एक और युद्ध की आहटः उत्तर कोरिया ने सड़कों को ध्वस्त किया

सियोल(ईएमएस)। हाल ही में उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया के साथ संबंधों में और तनाव बढ़ाते हुए उस उत्तरी सड़क को ध्वस्त कर दिया है, जो कभी दोनों देशों को जोड़ती थी। यह कदम दक्षिण कोरिया द्वारा उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग पर ड्रोन उड़ाने के आरोपों के बाद उठाया गया है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने इस घटना के बाद दक्षिण कोरिया के साथ सभी संपर्क खत्म करने की बात कही है। दक्षिण कोरिया की सेना ने इस कदम के जवाब में दक्षिणी सीमा पर गोलीबारी की, हालांकि इस गोलीबारी पर अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई है। फिलहाल यह भी स्पष्ट नहीं है कि उत्तर कोरिया ने इस गोलीबारी का जवाब दिया है या नहीं। दक्षिण कोरिया ने अपनी सेना की तैयारियों और निगरानी को बढ़ाने का संकेत दिया है, और अमेरिकी सहयोग के साथ अपनी सुरक्षा मजबूत करने की कोशिश की है। बता दें कि इस समय दुनिया में कई युद्ध चल रहे हैं, जिसमें इजरायल-ईरान और रूस-यूक्रेन के बीच की संघर्ष शामिल हैं। लेकिन अब एक और पुराना दुश्मन देश, उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया, आपस में भिड़ गए हैं।बढ़ते तनाव के बीच किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने भी इस मुद्दे पर बयान दिया है और कहा कि उन्हें स्पष्ट सबूत मिले हैं कि कथित ड्रोन हमलों के पीछे दक्षिण कोरियाई सेना का हाथ था। उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच सीमा पर कई बार तनाव बढ़ चुका है। 2000 में, दोनों देशों ने एक समय सीमा को दो सड़क मार्गों और दो रेल पटरियों से जोड़ने की कोशिश की थी, लेकिन बाद में यह सब निलंबित कर दिया गया था। उत्तर कोरिया ने हाल ही में घोषणा की थी कि वह दक्षिण कोरिया के साथ अपनी सीमा को स्थायी रूप से बंद कर देगा और अमेरिकी तथा दक्षिण कोरियाई सेनाओं की उकसावे वाली कार्रवाई के खिलाफ अपनी रक्षा क्षमताओं को और मजबूत करेगा। इस घटना के बाद उत्तर कोरिया ने अपनी सरजमीं पर इमारतों को ध्वस्त करने का कदम उठाया, जो उसके राजनीतिक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। इससे पहले भी 2020 में उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया द्वारा बनाए गए एक संपर्क कार्यालय को नष्ट कर दिया था। इस महीने के शुरुआत में भी उत्तर कोरिया ने आरोप लगाया था।

## अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव : ओबामा ने कमला के पक्ष में की अपील, ट्रंप पर लगाया ब्लैक समुदाय की उपेक्षा का आरोप



वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस का समर्थन बढ़ता जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अमेरिकियों को अपील करते हुए कहा है कि ब्लैक समुदाय के लिए बेहतर योजना केवल कमला हैरिक के पास है। जबकि डोनाल्ड ट्रंप ने हमेशा ही ब्लैक समुदाय की उपेक्षा की है। इसलिए सभी को ध्यान कमला हैरिस के पक्ष में मतदान करना चाहिए। ओबामा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लोगों से कमला हैरिस के पक्ष में वोट करने की अपील की। पोस्ट में ओबामा ने लिखा, कमला हैरिस के पास एक ऐसी योजना है जो अश्वेत पुरुषों और उनके परिवारों को ऊपर उठाएगी। उन्होंने अश्वेत पुरुषों को धन संचय, वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने और लागत कम करने के कई तरीके सुझाए हैं। इससे पहले, 12 अक्टूबर को ओबामा ने ब्लैक नागरिकों से आग्रह किया था कि वे कमला हैरिस के पक्ष में मतदान करें, और यह भी कहा था कि हैरिस की परवरिश भी ब्लैक समुदाय से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा, वे आपके साथ कॉलेज में पढ़ी हैं और उनके अनुभव भी आपके समान हैं। ओबामा ने रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना भी की और कहा कि ट्रंप ने ब्लैक समुदाय के साथ उपेक्षात्मक रवैया अपनाया है। उन्होंने ट्रंप को अहंकारी, अनाड़ी और विभाजनकारी बताया और कहा, हमें चार और सालों तक ऐसे नेतृत्व की जरूरत नहीं है। अमेरिका अब एक नए पन्ने को पलटने के लिए तैयार है, एक बेहतर कहानी के लिए, जो हमें एक-दूसरे के खिलाफ जाने के बजाय साथ काम करने में मदद करे।ओबामा ने यह भी कहा कि वह आर्थिक रूप से असुरक्षित लोगों को आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं, जो कमला हैरिस को वोट देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं एक आशावादी और परिवर्तनकारी व्यक्ति हूं, इसलिए मैं समझता हूं कि लोग निराश महसूस कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि हम बेहतर कर सकते हैं। मुझे यह समझ में नहीं आता कि कोई क्यों सोचेगा कि डोनाल्ड ट्रंप चीजों को इस तरह से बदल देंगे, जो आपके लिए अच्छा होगा। इस तरह ओबामा ने कमला हैरिस के समर्थन में अपनी बात रखते हुए ट्रंप पर तीखी आलोचना की और चुनाव में एक सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई। इससे पहले उन्होंने हैरिस के समर्थन में एक चुनावी कैंपेन को संबोधित किया था, जिसमें अमेरिकी ब्लैक समुदाय से भावुक अपील की थी।

### इधर इजरायल ने गाजा-लेबनान पर की बमबारी तो वहां हिजबुल्लाह ने भी रातभर दागे रॉकेट

गाजा(ईएमएस)। इजरायल पर पलटवार करते हुए हिजबुल्लाह ने मंगलवार रात में दर्जनों मिसाइल बरसाया। इजरायल सेना आईडीएफ ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि मंगलवार की देर रात को लेबनान की ओर कम से कम 50 रॉकेट दागे गए। हालांकि, आईडीएफ ने किसी भी प्रकार के क्षति से इंकार कर दिया है। वहीं, मंगलवार को इजरायल ने भी गाजा और लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर रॉकेट दागे। लेबनान में 3 बच्चों समेत 15 लोग तो गाजा में कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई। वहीं, ब्रिटेन, फ्रांस और कई यूरोपिय देशों ने लेबनान में उनके यूएन के सैनिकों के ठिकानों पर इजरायल को हमला न करने की चेतावनी जारी की है।मिडिल ईस्ट में जंग खत्म होते नहीं दिख रहा है। इजरायल फिलहाल तीन मोर्चे पर जंग लड़ रहा है- पहला हमास के साथ, दूसरा हिजबुल्लाह और तीसरा ईरान के साथ। वहीं, इजरायल के ईरान और हमास से जंग में अमेरिका का हस्तक्षेप दिखने लगा है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु और पेट्रोलियम बेस पर अटैक न करने की हिदायत दी है। तो वहीं, अमेरिका ने कहा इजरायल से कहा कि गाजा में मानवीय सहायाता के लिए आपके पास 30 दिन अन्यथा आपको हथियारों की खेप मिलनी बंद हो जाएगी.

## पन्नू मामले में लगे आरोपों का पर्दाफाश करने अमेरिका गई भारतीय टीम

### अमेरिका ने लगाया है भारतीय अधिकारी पर हत्या की साजिश रचने का आरोप



वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका ने खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी अधिकारी के शामिल होने का आरोप लगाया है। हालांकि, भारत ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है और जांच के लिए सबूत मांगे हैं। अब इस मामले में भारत ने एक जांच समिति गठित कर उसे अमेरिका भेजा है। इस समिति में भारत के डिप्टी नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर विक्रम मिस्री और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल सेक्रेटेरिएट के अधिकारी शामिल हैं।अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक भारतीय जांच समिति का उद्देश्य अमेरिका के आरोपों की गहराई से जांच करना और सूचनाओं का आदान-प्रदान करना है। यह समिति अमेरिकी अधिकारियों के साथ चर्चा कर सभी संबंधित जानकारी हासिल करेगी। पिछले साल नवंबर में अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया था।अभियोग के मुताबिक निखिल गुप्ता ने न्यूयॉर्क में पन्नू की हत्या की साजिश रचने के लिए एक भारतीय सरकारी अधिकारी के साथ मिलकर काम किया था, लेकिन यह साजिश नाकाम हो गई थी। गुप्ता को चेक गणराज्य से गिरफ्तार किया था और बाद में उसे अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया। अमेरिका ने दावा किया कि गुप्ता ने हत्या के लिए एक हत्यारे को 1,00,000 अमेरिकी डॉलर देने की साजिश रची थी।भारत सरकार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि यह जांच समिति अमेरिका में जरुरी सबूतों को खंगालेगी और जांच को सही दिशा में ले जाएगी। गुरपतवंत सिंह पन्नू जो सिख अलगाववादी संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' का नेता है, भारत ने उसे आतंकवादी घोषित किया है।

पन्नू को अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता मिली हुई है, खालिस्तानी आंदोलन को बढ़ावा देने में वह सक्रिय है। अब यह देखना होगा कि इस जांच से किस तरह के नए तथ्य सामने आते हैं।

## पाकिस्तान में छात्रा से दुष्कर्म, पूरे पंजाब में आक्रोश, हर तरफ विरोध

लाहौर,(ईएमएस)। एक तरफ जहां पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एससीओ समिट के लिए तमाम देशों के नेता मौजूद हैं तो वहीं दूसरी तरफ लाहौर में छात्र सड़कों पर उतर आए हैं। छात्र लाहौर के एक कॉलेज में छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना का विरोध कर रहे हैं। छात्रों ने पंजाब प्रांत की नेशनल असेंबली के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। हाल ही में छात्राओं के खिलाफ हुई हिंसा की जांच के लिए समिति के गठन की मांग की है। छात्रों का कहना है कि समिति में स्वतंत्र मानवाधिकार निकायों के सदस्य, छात्र प्रतिनिधि और न्यायाधीश शामिल हों।इस घटना के खिलाफ छात्रों का आंदोलन पंजाब प्रांत के अन्य शहरों में भी फैल गया है। विरोध-प्रदर्शन तब शुरू हुए जब सोशल मीडिया पर खबरें आईं कि लाहौर के गुलबर्ग गर्ल्स कॉलेज की एक छात्रा के साथ संस्थान के 'बेसमेंट' में एक सुरक्षा गार्ड ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया है। पुलिस ने दावा किया कि संदिग्ध उसकी हिरासत में है, लेकिन उसने पूछताछ के दौरान सभी आरोपों से इनकार किया है। बता दें कि, इससे पहले प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ झड़प में 28 छात्र-छात्राएं घायल हुए थे। प्रदर्शनकारी छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने घटना पर पर्दा डालने के प्रयास में परिसर में और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग डिलीट कर दी है।

## पाकिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और समृद्धि का समर्थन करता रहेगा चीन

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। चीन के पीएम ली कियांग इस्लामाबाद के चार दिवसीय दौरे पर हैं। कियांग एससीओ के सदस्य देशों की बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। इस बीच कियांग ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने अर्थव्यवस्था, निवेश और क्षेत्रीय संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों पक्षों ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने की जरुरत पर भी बल दिया।वहीं चीनी प्रधानमंत्री ली ने सभी प्रमुख मुद्दों पर चीन को दृढ़ समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की तारीफ की और कहा कि चीन पाकिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और समृद्धि का समर्थन करना जारी रखेगा। चीन के किसी प्रधानमंत्री का यह 11 सालों में पहला पाकिस्तान दौरा है।राष्ट्रपति जरदारी ने इस बात पर जोर दिया कि अपने साझेदार के साथ पाकिस्तान की दोस्ती देश की विदेश नीति की आधारशिला है, उन्होंने सहयोग के लिए नए रास्ते तलाशने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने व्यापार और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए हर मौसम के अनुकूल सड़क नेटवर्क के जरिए संपर्क बढ़ाने की जरुरत बताई। जरदारी ने कहा कि चीनी कंपनियों को पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज में निवेश करके पाकिस्तान में निवेश के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह नवंबर में चीन का दौरा करेंगे और पुराने दोस्तों के साथ फिर से जुड़ने और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए चर्चा में शामिल होने के लिए उत्सुक हैं। जरदारी ने 'वन-चाइना' नीति, ताइवान, तिब्बत, हांगकांग, शिनजियांग और दक्षिण चीन सागर सहित सभी प्रमुख मुद्दों पर चीन के प्रति पाकिस्तान के समर्थन को दोहराया है।

## पाकिस्तानी बच्चों ने दिया मोहब्बत का पैगाम, देखने वाले रह गए हैरान

इस्लामाबाद(ईएमएस)। भले ही भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते अच्छे नहीं है। लेकिन बच्चों को इससे कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने एयरपोर्ट पर आकर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर का पुष्पों से स्वागत किया और मोहब्बत का पैगाम देने की कोशिश की। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय पाकिस्तान में हैं, जहां वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में भाग लेने आए हैं। यह यात्रा पिछले नौ वर्षों में भारत के किसी विदेश मंत्री की पाकिस्तान की पहली यात्रा है, और इसके साथ ही दोनों देशों के बीच एक नई कूटनीतिक शुरुआत की संभावना पर सवाल उठ रहे हैं।एस जयशंकर का पाकिस्तान में स्वागत शानदार रहा। उनका विमान पाकिस्तान के नूर खान एयरपोर्ट पर लैंड करने के बाद, एयरपोर्ट पर बच्चों द्वारा उनका फूलों से स्वागत किया गया। इसके बाद, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने घर पर एस जयशंकर के सम्मान में डिनर रिसेप्शन आयोजित किया। यहां जयशंकर की रेड कार्पेट पर ग्रैंड एंट्री ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# महिला टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में आज ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा मुकाबला



दुबई (ईएमएस)। आईसीसी महिला टी20 विश्वकप क्रिकेट सेमीफाइनल के लिए चार टीमें तय हो गयी हैं। इसमें सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत गुरुवार 17 अक्टूबर से होगी। इसमें पहला सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा।

इसमें ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप ए में थी जबकि दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप बी से सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला 17 अक्टूबर को खेला जाएगा। दोनों टीमें इस मैच के लिए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया की टीम लीग स्टेज में अपने चारों मैच जीतकर अंक तालिका में पहले स्थान पर रही थी। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने चार में से अपने तीन मुकाबलों को जीता था और वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रही थी।

वहीं दूसरा सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेला जाएगा। ये मैच 18 अक्टूबर को शारजाह क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। इसमें न्यूजीलैंड की टीम ने ग्रुप ए में चार में से अपने तीन मैच जीते थे। वह 6 अंक लेकर ऑस्ट्रेलिया के बाद वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप बी की टॉप टीम है। वेस्टइंडीज ने भी अपने चार में से तीन मैच जीते थे, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण अंक तालिका में वह दक्षिया अफ्रीका के बराबर अंक होते हुए वह पहले स्थान पर रही।

सेमीफाइनल में जीतने वाली टीम रविवार, 20 अक्टूबर को खेले जाने वाले फाइनल में पहुंचेगी। फाइनल मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

## भारत- न्यूजीलैंड टेस्ट : बारिश के कारण पहले दिन का खेल रद्द

बेंगलुरु (ईएमएस)। बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन का खेल नहीं हो पाया। लगातार बारिश के कारण टॉस तक नहीं हो पाया। इस कारण टीमों को मैदान में उतरने का अवसर भी नहीं मिला। लंच और इसके बाद टी ब्रेक तक टॉस नहीं हो सका तो अंत में अंपायरों ने बारिश को देखते हुए पहले दिन का खेल रद्द कर दिया। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र का हिस्सा है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक बारिश की भविष्यवाणी की है, जिसके कारण ये मैच आगे भी होना संभव नहीं दिख रहा है। भारतीय टीम के खिलाड़ी विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल मैदान पर नजर आए थे। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक वह अपने किट के साथ इंडोर नेट्स में गए और कुछ समय बिताया। लंच के बाद भी बारिश होने के कारण पहले दिन का खेल रद्द करना पड़ा।

## मिताली ने महिला टीम के साथ ही कप्तान पर भी उठाये सवाल

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने आईसीसी टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के बाहर होने के बाद टीम के साथ ही कप्तान हरमनप्रीत कौर पर भी सवाल उठाये हैं। भारतीय टीम पहले ही दौर से बाहर हो गई थी। मिताली ने कहा कि अब हरमनप्रीत कौर की जगह टीम की कप्तानी किसी युवा के हाथों में दिये जाने का समय आ गया है।पूर्व कप्तान ने भारतीय टीम की हार का कारण खराब फील्डिंग को भी बताया। साथ ही कहा कि जेमिमा रोड्रिग्ज और राधा यादव के अलावा सभी खिलाड़ियों की फील्डिंग कमजोर रही। उन्होंने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह काफी निराशाजनक था कि जेमिमा और राधा के अलावा किसी की फील्डिंग में प्रयास नहीं किये। इसके अलावा टी की फिटनेस भी स्तर के अनुरुप नहीं दिखी।''साथ ही कहा कि अगर चयनकर्ताओं को टीम की कप्तानी मे बदलाव की जरुरत लगती है तो उन्हें शीघ्र ही ऐसा करना चाहिये। अगला विश्व कप काफी करीब है ऐसे में टीम में अभी से सुधार की जरुरत है। उन्होंने किसी युवा खिलाड़ी को टीम की कप्तान बनाने की बात कही है। मिताली ने कहा, ''अगर चयनकर्ता बदलाव का फैसला करते हैं तो मैं एक युवा कप्तान चाहूंगी। अगर अभी नहीं कर रहे तो फिर उन्हें अगले विश्व कप के बाद ही ऐसा करने के बारे में सोचना चाहिये।''उन्होंने कहा, ''स्मृति लंबे समय से उप-कप्तान रही हैं पर मुझे लगता है कि जेमिमा कप्तानी के लिए अधिक बेहतर रहेंगी।

## क्यूरेटर टोनी हेमिंग को पिच बनानी नहीं आती : बासित

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने पिच क्यूरेटर टोनी हेमिंग की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि उसे पिच कैसे बनानी है ये भी नहीं पता। इसी कारण हेमिंग ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में ऐसी पिच तैयार की जिसपर पाक टीम को करारी हार झेलनी पड़ी। साथ ही कहा कि उसे भारतीय पिच क्यूरेटर से सीखना चाहिये कि कैसे अपनी टीम के अनुरुप पिचें बनायीं जाती हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में ही मेजबान पाक टीम मेहमान टीम के सामने टिक नहीं पायी। उसे एक पारी और 47 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। पिच स्पिनरों के लिए आरामदायक नहीं पायी गयी।

## डेब्यू टेस्ट में शतक लगाने वाले गुलाम को बाबर आजम ने बधाई दी

मुल्तान (ईएमएस)। पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज और पूर्व कप्तान बाबर आजम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार शतक लगाने वाले बल्लेबाज कामरान गुलाम की जमकर प्रशंसा की है। गुलाम को बाबर आजम की जगह इस मेच में शामिल किया गया था। गुलाम ने इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने अच्छा खेल दिखाते हुए 224 गेंदों पर 11 चौकों और 1 छक्के की मदद से 118 रन बनाए। बाबर ने सोशल मीडिया पर गुलाम को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी औरलिखा - अच्छा खेला कामरान। कामरान ने अपने डेब्यू पर शानदार शतक लगाकर पाक टीम को पांच विकेट पर 259 के स्कोर तक पहुंचाया। इस नये बल्लेबाज ने खराब फॉर्म में चल रहे बाबर की जगह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की और इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमकण का अच्छे से सामना किया। वहीं दिन के अंत में मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा क्रमशः 37 और पांच रन बनाकर नाबाद थे। जब मेजबान टीम टॉस जीतकर 19 पर दो विकेट खोकर दबाव में थी तब कामरान ने सैम अयूब के साथ तीसरे विकेट के लिए 149 रन जोड़े जिन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ 77 रन की पारी खेली और रिजवान के साथ पांचवें विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी की। उन्होंने स्पिनर जो रूट की गेंद पर चौका लगाकर शतक तक पहुंचने में 280 मिनट का समय लिया और अपने डेब्यू टेस्ट में शतक बनाने वाले पाकिस्तान के 12वें बल्लेबाज बन गए।

# एनसीएल विजेता शिकागो को ट्रॉफी देकर उत्साहित हुए सचिन

### अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य उज्जवल बताया



डलास (ईएमएस)। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अमेरिका में हुई राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप (एनसीएल) की विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। सचिन से ट्रॉफी प्राप्त करना शिकागो क्रिकेट क्लब के लिए एक यादगार पल बना है। शिकागो ने डलास यूनिवर्सिटी में खेले गये इस मैच के फाइनल में अटलांटा क्रिकेट क्लब को हराकर खिताब अपने नाम किया। तेंदुलकर ने शिकागो टीम के मुख्य कोच रॉबिन उथप्पा को ट्रॉफी सौंपी।

उन्होंने दर्शकों से मुलाकात कर उनसे हाथ मिलाया और तस्वीरें भी खिंचवाई। इस अवसर पर इस महान बल्लेबाज ने कहा, 'क्रिकेट ने मुझे इतना कुछ दिया है और आज मैं यहां क्रिकेट के कारण ही हूं। डलास में फाइनल और विजेता को ट्रॉफी देकर बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। लोगों के उत्साह को देखकर लगता है कि अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य आने वाले समय में और भी बेहतर होगा।

## रोहित नीलामी में उतरे तो कई टीमें लगाएंगी बोली : हरभजन



मुम्बई (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि अगर वह आईपीएल 2025 सत्र के लिए नीलामी में शामिल होते हैं तो नीलामी का आकर्षक और बढ़ जाएगा। रोहित को मुम्बई इंडियंस ने 2024 आईपीएल सत्र में कप्तानी से हटा दिया था। ऐसे में माना जा रहा है कि वह इस बार नीलामी में उतर सकते हैं। टीम को 5 बार खिताब जिताने के बाद भी जिस प्रकार उन्हें हटाया गया उससे रोहित नाराज माने जा रहे हैं। हरभजन ने कहा कि अगर रोहित नीलामी के लिए अपना नाम देते हैं तो फ्रेंचाइजी को उनके लिए बोली लगाते देखना एक अच्छा अनुभव होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि मुंबई इंडियंस उन्हें रिटेन करती है या नहीं। अगर वह नीलामी पूल में प्रवेश करते हैं, तो वह बोली को विशेष बना देंगे, क्योंकि बहुत सी टीमें उनके नाम पर बोली लगाएंगी। मुम्बई के साथ तीन आईपीएल खिताब जीतने वाले भज्जी ने रोहित की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनमें अभी काफी क्रिकेट बचा है।उन्होंने कहा कि रोहित एक नेता और खिलाड़ी के रूप में काफी अच्छे हैं। वह एक उच्च गुणवत्ता वाले क्रिकेटर और एक मैच विजेता हैं। ऐसे में अगर रोहित नीलामी में उतरते हैं तो उन्हें मोटी रकम मिलेगी। नीलामी देखना रोमांचक होगा। रोहित को एक दशक पहले साल 2013 सत्र के बीच में मुंबई ने कप्तान बनाया तब रिकी पोंटिंग ने अपना पद छोड़ दिया था। रोहित ने पूरी तरह से फ्रेंचाइजी की किस्मत बदल दी और टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल कप्तानों में से एक बन गए। इस बीच, उन्होंने आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को सफलता दिलाई। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या मुंबई उन्हें 18वें सीजन से पहले रिलीज करता है या नहीं।

## 29वें सीनियर वूमेंस नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए
# झारखंड वूमेंस फुटबॉल टीम के चयनित खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की गई





धनबाद,( राजगंज), 29 वें सीनियर वुमेन्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए झारखंड वूमेंस फुटबॉल टीम के चयनित खिलाड़ियों के नामों की घोषणा झारखंड फुटबॉल महासंघ के महासचिव, गुलाब रब्बानी के निर्देशानुसार कैंप निदेशक, प्रमोद चौरसिया के द्वारा की गई, जो इस प्रकार है, गोलकीपर के लिए मालती कुमारी, अनीशा उरांव, अंजलि मुंडा व डिफेंस के लिए शिवानी टोप्पो ,नीसीमा कुमारी ,पूर्णिमा कुमारी ,चम्मी कुमारी ,पूजा टोप्पो, दिव्यानी लिंडा, दीक्षित बारा व मिडफील्ड के लिए नीतू लिंडा ,अनिता कुमारी ,संगीता हांसदा, तारावती कुमारी , अनुष्का कुमारी,ललिता बोपाई एवं फारवर्ड के लिए दुलर मरांडी, अमिशा बच्छला ,बबीता कुमारी, पूजा कुमारी, रोशनी वेरमा , सुनीता मुंडा का चयन किया गया। इस अवसर पर राजगंज जिला परिषद की सदस्य एवं हलधर महतो की धर्मपत्नी श्रीमती वाणी देवी भी मौजूद थी। जिन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंच पर धनबाद फुटबॉल एसोसिएशन के बरीय उपाध्यक्ष डॉ, विकास रमन एवं महासचिव मृदुल बोस भी मौजूद थे। टीम के मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद स्पोर्टिंग क्लब कोलकाता के खिलाड़ी एवं वर्तमान में कोच मो, एस नियाजउद्दीन ने किया, जबकि सहयोगी के रूप में मुख्य कोच पारस करमाली भी कार्यक्रम में मौजूद थे। मंच संचालन एवं टीम की घोषणा कैंप निदेशक,सह प्राचार्य बड्स गार्डेन स्कूल के प्रमोद चौरसिया द्वारा किया गया। ज्ञात हो की यह टीम 22 अक्टूबर से होने वाले राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी- 2024 25 हेतु सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल मैं नेशनल खेल हेतु जाएंगे।देर शाम को झारखंड फुटबॉल महासंघ के महासचिव गुलाब रब्बानी ने कैंप में पहुंचकर सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई भी की। इसी के साथ 8 अक्टूबर 20240 से बड्स गार्डेन स्कूल में चल रहे फुटबॉल ट्रायल कैंप का समापन हो गया।

इस टीम का चयनित नामों की घोषणा झारखंड फुटबॉल महासंघ के महासचिव के दिशा निर्देश पर धनबाद फुटबॉल संघ के महासचिव और उपाध्यक्ष के मौजूदगी में संपन्न हुआ।

## इंग्लैंड को हराया सेमीफाइनल में पहुंची वेस्टइंडीज



दुबई (ईएमएस)। वेस्टइंडीज की टीम टी20 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। वेस्टइंडीज ने ग्रुप बी के अंतिम मैच में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर अंतिम चार में जगह बनायी। इस हार के साथ ही इंग्लैड की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। वहीं ग्रुप से दक्षिण अफ्रीका की टीम बेहतर नेट रन रेट से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गयी है। इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 141 रन बना पायी। इसके बाद वेस्टइंडीज ने दो ओवर पहले ही चार विकेट खोकर ये लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज की ओर से किआना जोसेफ ने 38 गेंद में 52 और कप्तान हेली मैथ्यूज ने 38 गेंद में 50 रन बनाये। दोनों ने ही पहले विकेट के लिए 102 रन की शतकीय साझेदारी बनायी। वेस्टइंडीज की टीम एक दशक बाद इंग्लैंड से जीती है। इससे पहले उसने अंतिम बार इंग्लैंड को साल 2012 में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हराया था। अब 12 साल बाद एक बार फिर से वेस्टइंडीज जीती है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की ओर से माइया बाउचियर ने 14 और डेनिएल व्याट-हॉज ने 16 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की पर इस जोड़ी के आउट होने के बाद हालात बदल गये। एलिस केवल मात्र 1 रन बनाकर रन पेवेलियन लौट गई। इसके बाद नेट साइवर ब्रंट ने कप्तान हीथर नाइट के साथ मिलकर इंग्लैंड टीम का स्कोर बढ़ाया। नेट ने 57 रन बनाकर स्कोर 141 तक पहुंचाया। वहीं कप्तान हीथर ने 21 रनों की पारी खेली। वहीं वेस्टइंडीज की ओर से फ्लेचर ने 21 रन देकर 3 जबकि हैले मैथ्यूज ने 2 विकेट लिए। इंग्लैंड के जवाब में वेस्टइंडीज की ओर से कप्तान हेले मैथ्यूज और कियाना जोसेफ ने अच्छी शुरूआत की। दोनों ने ही अर्धशतक लगाये और पहले विकेट के लिए 13 ओवर के अंदर ही 102 रन बना दिये। हैले ने 50 जबकि कियाना ने 52 रन बनाए। डॉटिन ने अंत में तेजी से खेलते हुए 19 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर टीम को 18 ओवर में ही जीत दिला दी। वेस्टइंडीज की टीम की खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में पहुंचने पर खुशी जतायी है।

# एचआईएल नीलामी में सबसे महंगी बिकी उदिता , विदेशी खिलाड़ियों में यानसेन



नई दिल्ली (ईएमएस)। हॉकी इंडिया महिला लीग (एचआईएल) के लिए हुई नीलामी में युवा डिफेंडर खिलाड़ी उदिता दुहान, वहीं विदेश खिलाड़ियों में नीदरलैंड की ड्रैग फ्लिकर यिब्बी यानसेन सबसे महंगी बिकी। नीलामी में सभी देशी और विदेशी खिलाड़ियों को अच्छी खासी रकम मिली। उदिता को श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने नीलामी में 32 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा जबकि नीदरलैंड की ड्रैग फ्लिकर यिब्बी यानसेन को ओडिशा वारियर्स ने 29 लाख रुपए में खरीदा, यानसेन नीलामी में सबसे महंगे दामों पर बिकने वाली विदेशी खिलाड़ी हैं। भारत की लालरेम्सियामी (बंगाल टाइगर्स, 25 लाख), सुनेलिटा टोप्पो (दिल्ली एसजी पाइपर्स, 24 लाख), संगीता कुमारी (दिल्ली एसजी पाइपर्स, 22 लाख) पर भी अच्छी बोलियां लगी। विदेशी खिलाड़ियों की बात करें तो बेल्जियम की चार्लोट एंजेलबर्ट (सूरमा हॉकी क्लब, 16 लाख) , जर्मनी की चार्लोट स्टापेनहोर्स्ट (सूरमा हॉकी क्लब, 16 लाख) और आस्ट्रेलिया की जेसलिन बार्टरम (ओडिशा वारियर्स 15 लाख) अच्छे दाम पर बिकीं। अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को बंगाल टाइगर्स ने 10.5 लाख रुपए में खरीदा। भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे (20 लाख), इशिका चौधरी (16 लाख) और नेहा गोयल (10 लाख) को ओडिशा वारियर्स ने खरीदा। पूर्व कप्तान सविता (20 लाख), शर्मिला देवी (10 लाख) और निक्की प्रधान (12 लाख) को सूरमा हॉकी क्लब ने खरीदा। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नवनीत कौर (19 लाख), युवा गोलकीपर बिछू देवी खारीबम (16 लाख) और दीपिका (20 लाख) को खरीदा। माधुरी किंडो (ओडिशा वारियर्स, 3.40 लाख), ज्योति छत्री (ओडिशा वारियर्स, 5 लाख), दीपिका सोरेंग (सूरमा हॉकी क्लब, 2.20 लाख) और रुतुजा दादासो पिसल (ओडिशा वारियर्स, 4.90 लाख) जैसी खिलाड़ियों को टीमों ने अपने साथ जोड़ा।



पर्थ में माइकल मार्श बर्मी आर्मी के साथ तस्वीर के लिए पोज देते हुए।

**विश्व कप क्वालीफाइंग मैच**

# मेसी की हैट्रिक से अर्जेंटीना ने बोलिविया को 6-0 से हराया



ब्यूनस आयर्स (ईएमएस)। स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी की शानदार हैट्रिक से अर्जेंटीना ने विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैच में बोलिविया को 6-0 से हराया। इससे मेसी के प्रशंसकों का जश्न शुरु हो गया। मेसी ने 19वें, 84वें और 86वें मिनट में अपनी टीम की ओर से गोल दागे। अर्जेंटीना के दो गोल मेसी की पास पर हुए। उन्होंने लोटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के गोलों में भी अहम भूमिका निभाई। विश्व क्वालीफाइंग मैच के अन्य मुकाबलों में ब्राजील ने पेरू को 4-0 से हरा दिया। इससे ब्राजील 16 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में 22 अंक लेकर नंबर एक पर है। उससे तीन अंक पीछे कोलंबिया है। इसमें से शीर्ष छह टीमें अगले साल होने वाले विश्व कप में उतरेंगी। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मुकाबले नवंबर में खेले जाएंगे। पुर्तगाल को स्कॉटलैंड ने गोलरहित ड्रॉ पर रोका, रोनाल्डो विफल रहे वहीं दूसरी ओर नेशंस लीग में पुर्तगाल को स्कॉटलैंड से गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। इस मैंच में पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी असफल रहे। पुर्तगाल ने क्रोएशिया, स्कॉटलैंड और पोलैंड से पहले तीन मैच जीते थे पर ग्लासगो में रोनाल्डो की टीम गोल नहीं कर पायी। रोनाल्डो के पास इस मैच में गोल दागने के कई अवसर थे पर वह उनका लाभ नहीं उठा पाये। पुर्तगाल की टीम हालांकि ड्रॉ के बावजूद अपने ग्रुप में पहले नंबर पर है। वहीं क्रोएशिया दूसरे स्थान पर है जबकि स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। क्रोएशिया ने पोलैंड से 3-3 से ड्रॉ खेला।

# सड़क और पुल निर्माण में नवीनतम तकनीकों पर केंद्रित दो दिवसीय सेमिनार 19-20 अक्टूबर को

## ईपीसी अनुबंधों के निष्पादन से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान पर भी होगा विचार-विमर्श

### भारतीय सड़क कांग्रेस और लोक निर्माण विभाग के सहयोग से शिविर का आयोजन

### रवीन्द्र भवन भोपाल में होगा सेमिनार का आयोजन



भोपाल/इन्दौर (ईएमएस)। सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन रवीन्द्र भवन भोपाल में 19 और 20 अक्टूबर को किया जा रहा है। इसमें सड़क और पुल निर्माण की नवीनतम तकनीकों, सामग्रियों और अनुबंध निष्पादन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञ अपने अनुभव और सुझाव साझा करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय सड़क कांग्रेस और मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के सहयोग से होगा। सेमिनार के पहले दिन 19 अक्टूबर को उद्घाटन-सत्र में केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह सहित अन्य विशिष्टजन उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन सत्र के बाद विभिन्न तकनीकी-सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देशभर से आए हुए विशेषज्ञ नई तकनीकों, निर्माण सामग्रियों और ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन)) अनुबंध निष्पादन की चुनौतियों पर अपने विचार साझा करेंगे।

पहले दिन की प्रमुख चर्चाओं में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नई तकनीकों का कार्यान्वयन, पुल निर्माण में नई मशीनरी का उपयोग, और सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली नई सामग्रियों पर फोकस रहेगा। सड़क सुरक्षा, परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए आईटी तकनीकों का उपयोग, और सीमांत सामग्रियों के उपयोग पर भी गहन मंथन किया जाएगा।

दूसरे दिन 20 अक्टूबर को ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन)) अनुबंधों की संरचना शेड्यूलिंग, अनुबंध निष्पादन में ठेकेदारों की भूमिका और सहायक अभियंताओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा होगी। इसमें अनुबंधों से जुड़े विवादों और चुनौतियों के समाधान पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। समापन सत्र में विभिन्न विशेषज्ञ और प्रतिनिधि पैनल चर्चा के माध्यम से सड़क और पुल निर्माण में नई तकनीकों के उपयोग पर अपने विचार रखेंगे। सेमिनार का उद्देश्य प्रदेश में सड़क और पुल निर्माण की गुणवत्ता को सुधारने और नवीनतम तकनीकों के माध्यम से समयबद्ध और टिकाऊ अवसंरचना का विकास सुनिश्चित करना है। सरकारी और निजी क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर अनुभवों और नवाचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा, जिससे प्रदेश की अवसंरचना परियोजनाओं को नई दिशा और मजबूती मिल सके।

इस दो दिवसीय आयोजन से मध्यप्रदेश के अवसंरचना विकास को नई ऊर्जा मिलेगी और यह आयोजन राज्य की निर्माण परियोजनाओं में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने में सहायक साबित होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राम मंदिर का दर्शन करने पहुंचे इजराइली राजदूत

अयोध्या (ईएमएस)। भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार बुधवार सुबह अपनी पत्नी के साथ अयोध्या में राम मंदिर पहुंचे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अजार मंगलवार देर शाम ही अयोध्या पहुंच गए थे और बुधवार सुबह राम मंदिर का दौरा करने के बाद पड़ोसी जिले बस्ती में एक कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अजार के साथ मुलाकात की थी जिसमें उत्तर प्रदेश और इजराइल के बीच ''गहरे संबंधों'' पर चर्चा की गई। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मुख्यमंत्री ने कहा, ''भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार के साथ एक अत्यंत उपयोगी और सार्थक चर्चा हुई। यह बैठक आपसी हितों के क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश और इजराइल के बीच गहरे संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है।'' वहीं, इजराइली राजदूत अजार ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया और 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''योगी आदित्यनाथ जी, इजराइल के प्रति आपके समर्थन और आज के अतिथि का सत्कार के लिए सादर धन्यवाद। उत्तर प्रदेश को अधिक सुरक्षित और समृद्ध बनाने के आपके कार्यों के लिए बधाई। चर्चा किए गए मुद्दों पर कार्य करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

### सारण में जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत

सारण (ईएमएस)। बिहार के सारण में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हुई हैं, जबकि दो अन्य बीमार लोगों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सारण जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि यह घटना जिले के मशरख थाना अंतर्गत इब्राहिमपुर इलाके में हुई। प्रशासिनक बयान में कहा गया, "संदिग्ध तौर पर जहरीली शराब पीने से हुई मौत की सूचना मिलने पर पुलिस बुधवार सुबह मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। दो अन्य को अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मामले की आगे जांच की जा रही है। अप्रैल 2016 में नीतीश कुमार सरकार ने बिहार में शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया था। शराब तस्करों के खिलाफ अभियान चलाए जाने के बावजूद राज्य से शराब की तस्करी की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

### मुर्शिदाबाद में टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में तनाव, पुलिस बल तैनात

कोलकाता,(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर में एक टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई इसके बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया है। मृतक की पहचान प्रदीप दत्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दत्ता जब सुबह की मॉर्निंग वॉक पर निकले थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोलियां बरसाईं। हमलावरों ने दत्ता पर बहुत पास से सात गोलियां चलाई। बताया जा रहा है कि गोली चलने की आवाज सुनकर लोग अपने घर से बाहर आ गए और देखा कि दत्ता खून से लथपथ थे। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बहरामपुर में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। वहीं पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है और हत्या के पीछे का कारण जानने की कोशिश कर रही है। वहीं हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जिला पुलिस अधिकारी ने बताया घटना की जानकारी हासिल करने स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं एक अलग घटना में मुर्शिदाबाद जिले के डोमकल में बुधवार सुबह देसी बम फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। विस्फोट इतना जोरदार था कि मृतक का शरीर टुकड़ों में बिखर गया। मृतक की पहचान मोमिन मंडल के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विस्फोट संभवतः उस समय हुआ जब मृतक देसी बम बना रहा था।

### किसी को भी मुफ्त में सैटेलाइट स्पेक्ट्रम नहीं देगी सरकार : सिंधिया

#### 5जी के मुद्दे पर इंडियन मोबाइल कांग्रेस में सामने आए मतभेद

नई दिल्ली,(ईएमएस)। इंडियन मोबाइल कांग्रेस में सैटेलाइट स्पेक्ट्रम के आवंटन पर विवाद बढ़ गया है। ग्लोबल प्लेयरों और भारतीय टेलीकॉम कंपनियों के बीच मतभेद उभर कर सामने आए हैं। जबकि स्टारलिंक और अमेजन जैसे अंतरराष्ट्रीय कंपनियां प्रशासनिक आवंटन के पक्ष में हैं, वहीं रिलायंस और भारती एंटरप्राइजेज ने स्पेक्ट्रम के नीलामी द्वारा आवंटन की जरुरत पर जोर दिया है। दोनों पक्षों का कहना है कि यह प्रक्रिया सभी को समान अवसर देने में मदद करेगी। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सरकार किसी को भी मुफ्त में सैटेलाइट स्पेक्ट्रम नहीं देगी। उन्होंने साफ कहा कि इसकी कीमत तय करने के लिए ट्राई फार्मूला तैयार करेगा और स्पेक्ट्रम का आवंटन टेलीकॉम एक्ट के तहत ही किया जाएगा। सिंधिया ने इस अवसर पर भारत की 5जी में प्रगति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत ने 5जी सेवाओं को 21 महीने में 98फीसदी जिलों और 90फीसदी गांवों तक पहुंचा दिया है। भारत 6जी में विश्व नेतृत्व करेगा, क्योंकि 4जी में हम दुनिया के पीछे और 5जी में दुनिया के साथ थे। सिंधिया ने टेलीकॉम कंपनियों द्वारा टैरिफ बढ़ाने की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में टेलीकॉम नेटवर्क में 1400फीसदी की वृद्धि हुई है, वॉयस कॉल की कीमत 51 पैसे से घटकर 3 पैसे हो गई है। इसके अलावा, 4जी से 5जी में संक्रमण के लिए 4.26 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया गया है और इस निवेश का रिटर्न समय के साथ आना चाहिए।

### सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को निपटाने में जुटा प्रशासन, 28 को सीएम की समीक्षा

#### भोपाल में 21 हजार से ज्यादा शिकायतें पेंडिंग

भोपाल (ईएमएस)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 28 अक्टूबर को सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करने वाले है। भोपाल में 21 हजार से ज्यादा शिकायतें पेंडिंग हैं। इसमें नगर निगम की ही 5 हजार शिकायतें हैं। इसके बाद अब प्रशासन को पूरा फोकस निराकरण पर है। वहीं इन शिकायतों को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह अफसरों की बैठक भी ले चुके हैं। वहीं, जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह को विभागवार समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ताकि, शिकायतों का आंकड़ा कम हो सके। भोपाल में 100 दिन पुरानी शिकायतों को निपटाने पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने भी स्पष्ट कहा है कि ऐसी शिकायतों को अनावश्यक रूप से पेंडिंग न रखें। वहीं, 50 दिन पुरानी शिकायतें भी पूरी तरह निपटाया जाए। अगले 10 दिनों में आधी शिकायतों को निपटने का टारगेट दिया गया है। ताकि, सीएम के सामने जब पेंडिंग शिकायतों को लेकर प्रजेंटेशन हो, तब भोपाल की स्थिति बेहतर रहे। वर्तमान में प्रदेश की 46वीं रेंकिंग है। इस रेंकिंग को सुधारने पर भी फोकस है। नगर निगम की ज्यादातर शिकायतें स्ट्रीट डॉग्स, अतिक्रमण, सीवेज, आवारा पशु, स्ट्रीट लाइट, बिल्डिंग परमिशन, सफाई से जुड़ी है। हर सप्ताह महापौर मालती राय समीक्षा जरूर करती हैं, लेकिन नई शिकायतों से आंकड़ा बढ़ा हुआ रहता है।

### अब अकासा की फ्लाइट में बम की धमकी, उड़ान के बाद वापस लैंडिंग

नई दिल्ली। दिल्ली से बेंगलुरु जा रही अकासा एयर की फ्लाइट में बुधवार को बम मिलने की धमकी मिली। इसके फौरान बाद मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, उड़ान को तुरंत वापस आईजीआई एयरपोर्ट भेजा गया, जहां वह सुरक्षित रूप से उतर गई। इसके बाद यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि फ्लाइट में बम होने की सूचना दोपहर 1.15 मिनट पर मिली। फ्लाइट में कुल 184 लोग सवार थे। वहीं पुलिस का कहना है कि अकासा एयर के विमान में बम की धमकी से संबंधित सुरक्षा अलर्ट प्राप्त हुआ। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, विमान को तुरंत वापस दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा गया। विमान को एक आइसोलेशन बे में रखा गया है। घटना पर अकासा एयर के प्रवक्ता ने कहा, 16 अक्टूबर 2024 को दिल्ली से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने वाले और 174 यात्रियों, 3 शिशुओं और 7 चालक दल के सदस्यों को लेकर जाने वाले अकासा एयर के विमान को सुरक्षा अलर्ट मिला। अकासा एयर की टीम ने पायलट को सलाह दी है कि वह विमान को पूरी सावधानी के साथ दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ले जाएं। कैप्टन दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग के लिए सभी आवश्यक आपातकालीन प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं और आगमन का अनुमानित समय लगभग 14:00 बजे है।

## महाराष्ट्र में टिकट को लेकर भिड़े कांग्रेस विधायक-सांसद के समर्थक

### जमकर हुई मारपीट, एक दूसरे पर फेंकी कुर्सियां



गोंदिया,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के आमगांव विधानसभा क्षेत्र में टिकट की दावेदारी को लेकर कांग्रेसी सांसद डॉ नामदेवराव किरसान और कांग्रेसी विधायक सहसराम कोरोटे के गुट आपस में भिड़ गए। विवाद इतना ज्यादा बढ़ा कि दोनों गुटों के समर्थकों के बीच हाथापाई और मारपीट तक हो गई। इस दौरान कुर्सियां भी एक दूसरे पर फेंकी गईं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में नवंबर में विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में कांग्रेसी पर्यवेक्षक गोंदिया जिले के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में जाकर वहां के इच्छुक प्रत्याशियों के आवेदन मांग रहे हैं, साथ ही पार्टी संगठन स्तर पर बूथ कमेटियों के विषय पर भी समीक्षा और चर्चा हो रही है लेकिन कांग्रेस के लिए यह कार्यक्रम अब विवाद का विषय बन गया है। तीन दिन पहले भंडारा जिले के साकोली रेस्ट हाउस में कांग्रेसी पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री सतीश चतुर्वेदी के सामने दोनों गुट आमने-सामने आ गए थे। अब गोंदिया के आमगांव विश्रामगृह में नौबत गाली-गलौच और हाथापाई तक पहुंच गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वाइस चेयरमैन नाईक आमगांव विधानसभा क्षेत्र के बूथ कमेटी विषय पर समीक्षा बैठक कर रहे थे इस दौरान उनके बगल में विधायक सहसराम कोरोटे बैठे थे और क्षेत्र के कांग्रेसी सांसद डॉ नामदेवराव किरसान अपने विचार रख रहे थे, तभी पीछे से विधायक कोरोटे के समर्थकों ने बीच में टोकना शुरु कर दिया। सभा में रुकावट की और सांसद के प्रति अशोभनीय शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे विवाद बढ़ गया और पर्यवेक्षक के सामने ही दोनों गुट के समर्थक आपस में भिड़ गए। इस हाथापाई और मारपीट का वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें दो गुटों के बीच टिकट के लिए शक्ति प्रदर्शन, हाथापाई, गाली गलौज और नारेबाजी देखी जा रही है। करीब 10 मिनट तक चली इस लड़ाई और आधे घंटे तक चली नारेबाजी के बाद पुलिस ने बीच बचाव करते मामला शांत कराया।

## उत्तरप्रदेश के पूर्व भाजपा सांसद के भतीजे ने की आत्महत्या

मुंबई, (ईएमएस)। उत्तरप्रदेश के पूर्व भाजपा सांसद के भतीजे द्वारा आत्महत्या करने की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। घटना मुंबई के अंधेरी पूर्व इलाके में हुई। 23 साल के युवक ने बिल्डिंग से नीचे कूदकर अपनी जान दे दी। आत्महत्या करने वाले युवक का नाम सागर रामकुमार गुप्ता (23) है। सागर गुप्ता अंधेरी पूर्व में हरिदर्शन बिल्डिंग में रहता था। इसी बिल्डिंग की छठी मंजिल से कूदकर उसने आत्महत्या कर ली। अंधेरी पुलिस ने इस मामले में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है। सागर ने आत्महत्या क्यों की इसका कारण अभी तक सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया गया है कि सागर रामकुमार गुप्ता उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता का भतीजा था। सागर अपने परिवार के साथ अंधेरी पूर्व के आंबेवाडी में एक एसआरए बिल्डिंग हरिदर्शन में रहता था। सागर कांदिवली पूर्व ठाकुर कॉलेज में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। मंगलवार दोपहर कॉलेज से घर आने के बाद सागर ने परिजनों से बात नहीं की। जब घर में सभी लोग थे तो वह अचानक बिल्डिंग की छठी मंजिल पर चला गया। इसके बाद वह छठी मंजिल से नीचे कूद गया। सोसायटी एरिया में कुछ गिरने की तेज आवाज सुनकर बिल्डिंग से कई लोग बाहर आए और उन्होंने देखा कि सागर गुप्ता खून से लथपथ पड़ा है। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सागर को अस्पताल ले गई लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए विले पार्ले में कूपर अस्पताल भेज दिया दिया।

## पहली पत्नी के निधन के बाद बाबूजी हो गए थे दुखी और उदास

### अमिताभ बच्चन ने कौन बनेगा करोड़पति में अपने परिवार की कहानी की बयां

नई दिल्ली,(ईएमएस)। अमिताभ बच्चन ने कौन बनेगा करोड़पति के एक एपिसोड में अपने पिता हरिवंश राय बच्चन से जुड़े एक भावुक किस्से को साझा किया। उन्होंने बताया कि उनके पिता की दो शादियों हुई थीं, जिसमें पहली पत्नी श्यामा के निधन के बाद उनके बाबूजी की जिंदगी पर आए गहरे दुख और फिर तेजी बच्चन से उनकी मुलाकात के बारे में बताया। अमिताभ ने बताया कि उनकी पहली मां श्यामा के निधन के बाद, हरिवंश राय बच्चन दुखी और उदास रहने लगे। उन्होंने इस दुख को अपनी कविताओं में बयां किया। कुछ सालों बाद, उन्होंने कवि सम्मेलनों में भाग लेना शुरू कर दिया। इसी दौरान, बरेली में एक दोस्त के बुलावे पर हरिवंश राय बच्चन की मुलाकात तेजी बच्चन से हुई थी। अमिताभ ने बताया कि जब उनके बाबूजी ने एक कविता सुनाई, जिसका शीर्षक था क्या करूं संवेदना लेकर तुम्हारी, तो तेजी बच्चन इसे सुनकर भावुक हो गईं और रोने लगीं। बाबूजी के दोस्त ने तेजी और हरिवंश राय बच्चन को एकांत में बात करने का मौका दिया और कुछ देर बाद उन्हें एक माला दी और सुझाव दिया कि वह इसे तेजी को पहना दें। यहीं से उनके रिश्ते की शुरुआत हुई और फिर हरिवंश राय बच्चन ने अपनी आगे की जिंदगी तेजी बच्चन के साथ बिताने का फैसला लिया। हरिवंश राय बच्चन और तेजी बच्चन ने 1941 में शादी की थी और इस शादी से उनके दो बच्चे हुए अमिताभ और अजिताभ बच्चन। अमिताभ ने इस भावुक किस्से के जरिए अपने परिवार की एक निजी और अहम कहानी दर्शकों के साथ साझा की, जिसे सुनकर उनके फैंस भी भावुक हो गए।

## दस भारतीय विमानों को बम से उड़ाने की मिली धमकियां, मचा हड़कंप

### कई फ्लाइट को किया डायवर्ड, जांच के बाद सभी फर्जी निकलीं

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय विमानों को बम से उड़ाने की धमकियों से पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया है। कुल दस उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिससे यात्रियों और एयरलाइंस में दहशत फैल गई है। इनमें से कुछ उड़ानों को कनाडा और सिंगापुर जैसे देशों में आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। सभी धमकियों को जांच के बाद अफवाह बताया गया है। सबसे गंभीर घटना सिंगापुर में हुई, जहां एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद सिंगापुर एयर फोर्स के दो लड़ाकू विमान उसे आबादी वाले इलाकों से दूर सुरक्षित जगह लेकर गए। मदुरै से सिंगापुर जा रहे इस विमान को एक धमकी भरे ईमेल के बाद सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया। इसी तरह, एयर इंडिया की शिकागो जाने वाली फ्लाइट को कनाडा के इकालुइट एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। इस फ्लाइट को ऑनलाइन बम धमकी मिलने के बाद डायवर्ट किया गया था।

विमान और यात्रियों की सुरक्षा जांच के बाद उड़ान को दोबारा शुरू किया जा रहा है। अन्य मामलों में, दम्मम-लखनऊ इंडिगो की उड़ान, अयोध्या-बेंगलुरु एयर इंडिया एक्सप्रेस, दरभंगा से मुंबई जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान, बागडोगरा से बेंगलुरु जाने वाली अकासा एयर की उड़ान, और अमृतसर-देहरादून-दिल्ली एलायंस एयर की उड़ान को भी इसी प्रकार की बम धमकियां मिलीं। हालांकि, सभी मामलों में जांच के बाद धमकियां झूठी निकलीं। इन घटनाओं से यात्रियों में अस्थायी तौर पर डर का माहौल है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता और प्रभावी कदमों से स्थिति नियंत्रण में है। एयरलाइंस ने यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर उड़ानों को समय पर नियंत्रित किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर हरियाणा और पंजाब को फटकार लगाई, दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से लोग हो रहे परेशान

### आदेश का पालन नहीं हुआ तो मुख्य सचिव पर होगी अवमानना की कार्रवाई

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर हरियाणा और पंजाब को फटकार लगाई है। बुधवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने पहले आदेश का पालन नहीं किए जाने को लेकर बुधवार 16 अक्टूबर को हरियाणा और पंजाब सरकार को जबरदस्त फटकार लगाई है। कोर्ट ने चेतावनी दी और कहा कि यदि उसके आदेश का पालन नहीं किया गया तो हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि आखिर पराली जलाने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने और नाममात्र को जुर्माना लगाकर लोगों को छोड़ने से राज्य क्यों कतरा रहा है? इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को एक सप्ताह का समय देने की बात कहते हुए कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का मामला दर्ज करेंगे। कोर्ट के इस सवाल पर कि आप लोगों पर मुकदमा चलाने से क्यों कतराते हैं? हरियाणा के वकील ने बताया कि हमने इस साल करीब 17 के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं।



#### कानून का उल्लंघन करने वालों पर एक भी मुकदमा नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने जहां यह कहा कि आयोग का कोई भी सदस्य वायु प्रदूषण से निपटने के लिए योग्य नहीं हैं वहीं इस बात को लेकर हैरानी भी जताई कि कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया यहां तक कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभी तक एक भी मुकदमा नहीं चलाया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि सब कुछ महज कागज़ों पर चल रहा है। पराली जलाने वालों को रोकने में असफल रहने के चलते सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के मुख्य सचिव को अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश होने का आदेश भी दे दिया।

#### नाममात्र का जुर्माना और कुछ नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि आप तो नाममात्र का जुर्माना ले रहे हैं। हद यह है कि इसरो आपको बता रहा कि आग कहां लगी थी और आप कहते हैं कि आपको कुछ नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि कानून उल्लंघन के 191 मामले आए और आपने सिर्फ़ नाममात्र का जुर्माना लिया। एनसीटी क्षेत्र अधिनियम के तहत आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना की गई है। इस पर हरियाणा सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने गलती स्वीकार करते हुए कहा कि मैं अपनी ओर से हुई चूक या गलती को स्वीकार करता हूं। इस पर कोर्ट का कहना था कि यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है यदि मुख्य सचिव किसी के इशारे पर काम कर रहे हैं तो उनके खिलाफ भी हम समन जारी करेंगे।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाई और कहा कि पंजाब सरकार ने भी पराली जलाने पर रोक के आदेश पर कुछ नहीं किया। विगत 03 सालों में पंजाब ने एक भी व्यक्ति पर मुकदमा नहीं चलाया। नाममात्र का जुर्माना लगा रहे हैं और कुछ नहीं किया गया। धान की पराली जलाई जा रही है और आप वायु प्रदूषण निवारण अधिनियम 1981 के तहत कुछ करना ही नहीं चाहते। वायु लगातार प्रदूषित हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने पर रोक लगाने में असफल रहने पर पंजाब सरकार के मुख्य सचिव को भी अगले बुधवार 23 अक्टूबर को सुनवाई में अदालत में व्यक्तिगत तौर पर पेश होने के आदेश दिए हैं। पंजाब और हरियाणा को फटकार लगाने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को भी आदेश दिया कि हरियाणा और पंजाब के जिन अधिकारियों ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया उनके खिलाफ वो कारवाई करे। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण से लोगों का जीना मुहाल हो जाता है, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने इस बार सख्ती दिखाई है, ताकि समस्या का समाधान निकाला जा सके।

# बीसीसीएल ने "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" प्रतियोगिता का किया आयोजन




धनबाद । भारतीय कोयला खान लिमिटेड (बीसीसीएल) ने विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत छात्रों के बीच "कम करने, पुनः उपयोग करने और पुनर्चक्रण" के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" पर एक प्रतियोगिता आयोजित की। इस प्रतियोगिता में डीएवी पीएस कोयला नगर के कक्षा पांच से आठ तक के 60 छात्रों ने भाग लिया और अपशिष्ट पदार्थों से बने कार्यशील तथा गैर-कार्यशील मॉडल प्रदर्शित किए।कार्यक्रम का उद्घाटन बीसीसीएल के महाप्रबंधक (पी)-कल्याण, श्री सरोज कुमार पांडे ने किया। इस अवसर पर श्री पांडे ने कहा, "हमारे द्वारा उठाए गए छोटे-छोटे कदम भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। अपशिष्ट प्रबंधन का सही तरीके से पालन करना हम सभी की जिम्मेदारी है।"महाप्रबंधक कल्याण, श्री पांडे, उप प्रबंधक कल्याण, श्रीमती संगीता डेका, और श्री अरविंद पात्रा ने तीन श्रेणियों (ए, बी, और सी) में 03 पदों के लिए पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उन्हें अपने जीवन में अपशिष्ट प्रबंधन के सार को अपनाने के लिए प्रेरित किया।इस कार्यक्रम ने छात्रों के बीच पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा दिया और उन्हें अपने आसपास के वातावरण के प्रति जागरूक किया।

ई-कचरा संग्रहण अभियान के तहत

# बस्ताकोला क्षेत्र ने आयोजित किया ई-कचरा निपटान विशेष शिविर




धनबाद । बस्ताकोला क्षेत्र, बीसीसीएल द्वारा विशेष अभियान 4.0के अंतर्गत ई-कचरा संग्रहण शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक कचरे का जिम्मेदारीपूर्वक प्रबंधन करना, इसके सुरक्षित निपटान को सुनिश्चित करना और स्वच्छ एवं हरित कार्य वातावरण को बढ़ावा देना है।इस ई-कचरा संग्रहण अभियान के माध्यम से बस्ताकोला क्षेत्र, बीसीसीएल ने स्थानीय समुदाय और कर्मचारियों को पुराने और अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संग्रहण के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान एकत्र किए गए ई-कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया जाएगा, जिससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम किया जा सके और संसाधनों के पुनर्चक्रण को बढ़ावा मिल सके।बीसीसीएल, अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। यह अभियान भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान देगा, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का भी कार्य करेगा।बीसीसीएल का यह प्रयास हमें एक स्वच्छ और हरित भविष्य की ओर ले जाने में मदद कर रहा है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांग को तेजी से कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

धनबाद, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आगामी विधानसभा चुनाव- 2024 की तैयारियों को लेकर सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान उन्होंने सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित जानकारी ली। साथ ही सभी कार्य को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी कोषांग के पदाधिकारी अपने अपने कोषांग के कर्मियों के साथ बैठक कर कोषांग से संबंधित कार्यों एवं दायित्वों पर विशेष फोकस करें। वही कार्मिक कोषांग को मैनपावर की आवश्यकता विधानसभा वार तैयार करने, जिस मतदान केंद्र में 1200 से अधिक वोटर है, वहां अतिरिक्त पोलिंग ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति करने, प्रशिक्षण शेड्यूल तैयार करने, मेडिकल बोर्ड का गठन करने, ईवीएम रेंडमाइजेशन, डिस्पैच, काउंटिंग, पोस्टल बैलट, वाहनों की आवश्यकता, मटेरियल, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग, ऑब्जर्वर सेल सहित अन्य विषय पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मेडिकल कोषांग को सेक्टर ऑफिसर, जोनल मजिस्ट्रेट, बीएलओ तथा मतदान केंद्रों के लिए मेडिकल किट तैयार कर मटेरियल कोषांग को समय पर सुपुर्द करने का निर्देश दिया।मौके पर उप विकास आयुक्त, सादात अनवर, नगर आयुक्त, रविराज शर्मा, 38 सिंदरी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता, विनोद कुमार, 39 निरसा विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई, जियाउल अंसारी, 40 धनबाद विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ, राजेश कुमार, 41 झरिया विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, पीयूष सिन्हा, 42 टुंडी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एलआरडीसी, दिलीप कुमार महतो, 43 बाघमारा विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए, राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सुनील कुमार सिंह, राज्य कर उपायुक्त धनबाद प्रमंडल ग़ालिब अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रदीप शुक्ला, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर समेत विभिन्न कोषांग के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत

## धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा क्षेत्र के लिए समाहरणालय में होगा नामांकन



धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा ने बताया कि झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित्त धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा क्षेत्र 38-सिंदरी विधानसभा, 39-निरसा विधानसभा,40-धनबाद विधानसभा, 41-झरिया विधानसभा, 42-टुंडी विधानसभा एवं 43-बाघमारा विधानसभा क्षेत्र हेतु नामांकन समाहरणालय परिसर के विभिन्न तल एवं संबंधित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में किया जाएगा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक



धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा ने आज समाहरणालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा भी लागू है।उन्होंने कहा अब हर कार्यक्रम के आयोजन के लिए राजनीतिक दल को सुविधा पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके लिए सुविधा पोर्टल पर आसानी से ऑनलाइन आवेदन देकर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। हर कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी व्यय कोषांग को उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने सभी से आदर्श आचार संहिता को लेकर सतर्क रहने और भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से भी राजनीतिक दलों को अवगत कराया। वहीं एडीएम लॉ एंड आर्डर, पियूष सिन्हा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक दल अपने वाहन या मोटरसाइकिल, आवास या कार्यालय के बाहर पार्टी का झंडा या चिन्ह अनुमति लेकर लगाए। वाहनों में लगे विभिन्न पद के बोर्ड हटा लें। किसी आयोजन के लिए समय पर सुविधा पोर्टल पर आवेदन दें। आवेदन मिलने पर पहले आओ पहले पाओ की नीति पर अनुमति प्रदान की जाएगी।बैठक में उपायुक्त, माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड आर्डर, पियूष सिन्हा, वरीय पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण कोषांग, ग़ालिब अंसारी, नोडल पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण कोषांग, ध्रुव नारायण राय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रदीप कुमार शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कालीदास मुंडा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, सुनिल कुमार सिंह, आईटी मैनेजर, रूपेश मिश्रा, डीपीओ यूआईडी, अमित कुमार, आनंद कुमार, भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संतोष कुमार राय, महेंद्र कुमार दुबे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मंटू कुमार चौहान, राष्ट्रीय जनता दल के राजू यादव, आजसू पार्टी के रतिलाल महतो के अलावा बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी व अन्य दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# कर्मचारियों के लिए प्रोक्यूरमेंट रूल्स पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



धनबाद, आईआईटी,आईएसएम, धनबाद के सीवीओ कार्यालय ने संस्थान के कर्मचारियों के लिए प्रोक्यूर्मेंट रूल्स पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके दौरान सुबोध कांत, जीईएम ट्रेनर, झारखंड और बिहार क्षेत्र, मिनिस्ट्री ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी ने प्रशिक्षुओं को पब्लिक प्रोक्यूर्मेंट के लीगल, प्रोसीज़रल एवं रेगुलेटरी फ्रेमवर्क कानूनी, प्रक्रियात्मक और नियामक ढांचे और सार्वजनिक खरीद पर सामान्य वित्तीय नियमों के बारे में अवगत कराया गया । आईआईटी, आईएसएम धनबाद के कार्यकारी विकास केंद्र, ईडीसी लाउंज में कल शाम आयोजित प्रशिक्षण, जिसके दौरान आईआईटी, आईएसएम धनबाद के रजिस्ट्रार, प्रबोध पांडे और अन्य, जिनमें गरीब नाथ सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी, आईआईटी, आईएसएम और सत्येंद्र कुमार, सहायक रजिस्ट्रार, सीवीओ कार्यालय उपस्थित थे । सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के तीन महीने के अभियान के तहत संस्थान के सीवीओ कार्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा थे।एक घंटे तक चलने वाले प्रशिक्षण के दौरान सुबोध कांत ने गवर्नमेंट फण्ड, सरकारी धन के माध्यम से वस्तुओं की खरीद, गवर्नमेंट फण्ड, सरकारी धन के माध्यम से कार्यों की खरीद और कंसल्टेंसी सर्विसेज, परामर्श सेवाओं की खरीद के संबंध में सामान्य वित्तीय नियमों और भारत सरकार के दिशानिर्देशों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने भुगतान, पीवीसी आदि सहित कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट, अनुबंध प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला के हिस्से के रूप में, वित्तीय बाजारों से संबंधित संगठन और साइबर अपराध की प्रणाली और प्रक्रिया पर एक सत्र की अध्यक्षता 30 सितंबर को आईआईटी,आईएसएम के रजिस्ट्रार, प्रबोध पांडे ने की । जिसके बाद 1 अक्टूबर को केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान, सीआईएमएफआर के सीओए आलोक शर्मा द्वारा संचालन नियमों पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सुजीत पाराशर, वैज्ञानिक सी, डिप्टीडायरेक्टर, इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम,एम आईइटीवाई द्वारा साइबर स्वच्छता और सुरक्षा पर एक सत्र का आयोजन 8 अक्टूबर को किया गया था जबकि एस.पी.,सी. बी. आई.,ए. सी.बी. धनबाद द्वारा नैतिकता और शासन पर प्रशिक्षण 10 अक्टूबर को आयोजित किया गया था।

# झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाएं, विकास कार्य को गति मिल सकेः अर्जुन राम मेघवाल





चिरकुंडा, (धनबाद), झारखंड में चुनाव का विगुल बजने के साथ ही भाजपा चुनाव अभियान तेज कर दिया । इसके तहत बुधवार को अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद जिला ग्रामीण द्वारा चिरकुंडा स्थित टाउन हॉल में सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य रूप से केंन्द्रीय कानून एवं न्याय तथा सांस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल उपस्थित थे। उन्होंने सभा में उपस्थित प्रबुद्धजनों व अनुसूचित जाति को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक सशक्त सरकार बन गई। अब झारखंड मे भी डबल इंजन की सरकार बनाकर राज्य में विकास कार्य को गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत 40 वर्षों से अटकी महिला आरक्षण बिल को सर्वसम्मति से पास करवाई। साथ ही महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने खासकर महिलाओं के लिए घर घर शौचालय का निर्माण कराई, हर घर नल जल, हर घर बिजली की व्यवस्था करवाई। साथ ही गरीबों को घर देने का काम भी किया । उन्होंने कहा कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार है। वहां विकास कार्य जोर शोर से चल रहा है। जिस राज्य में गैर भाजपा की सरकार है, वहां प्रधानमंत्री के विकास कार्यो में रूकाउट पैदा करने का कार्य किया जा रहा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण कार्य काफी धीमी गति से कार्य हो रहा है। वहीं झारखंड में पिछली सरकार ने कोयला चोरी, हत्या व रंगदारी को बढावा देने का कार्य किया । इसलिए ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंके। वहीं जम्मू काश्मीर में धारा 370 के कारण बाल्मीकि समाज को आरक्षण नहीं मिल रह था। लेकिन प्रधानमंत्री ने धारा 370 को हटाकर बाल्मीकि समाज के लोगों को आरक्षण देने का काम किया । उन्होने कहा कि सभा में महिलाओं की उपस्थिति अधिक है। हाल ही में हरियाणा में भाजपा को जीत दिलाने में अनुसूचित जाति महिलाओं की भूमिका सराहनीय रही। यहां की महिलाएं भाजपा को जीताने में योगदान प्रदान करें। वहीं विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार ने पिछले पांच वर्षों में राज्य की जनता को ठगने का काम किया है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंके तथा निरसा में एकबार फिर भाजपा को जीताकर राज्य में भाजपा की सरकार बनाए, ताकि राज्य में विकास कार्य तेजी से हो। मौके पर घनश्याम ग्रोवर, जिला अध्यक्ष, निरसा के चुनाव प्रभारी राजकुमार अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष, रानी केराई, डबलू बाउरी, जयप्रकाश सिंह, बरटांड मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल, मंडल मंत्री सरोज शुक्ला, मीडिया प्रभारी बृजनंदन शर्मा,प्रदीप अग्रवाल, सुनिता दास, विनोद दास, पोरेश चंन्द्र दास, संजय महतो, अनिल यादव, दीपा दास, समिता सिंह, रीना चक्रवर्ती, रंजीत मोदी, रिंटू पाठक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सीएसआईआर-सिंफर में संस्थान के स्टाफ सदस्यों के बच्चों के लिए चित्रकला एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन



धनबाद, सीएसआईआर-सिंफर, बरवा रोड परिसर में संस्थान के स्टाफ सदस्यों के बच्चों के लिए चित्रकला एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता की समाप्ति पर प्रतिभागी बच्चों के बीच मिष्ठान का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के सतर्कता अनुभाग के देखरेख में सम्पन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान कुमार राहुल, प्रशासनिक अधिकारी, राकेश कुमार, अनुभाग अधिकारी, रानु कुमार, अनुभाग अधिकारी, अमोद कुमार, अनुभाग अधिकारी, आकाश कुमार कर्ण एवं दुलाल चन्द्र मंडल ने निगरानी करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी उल्लखेनीय भूमिका निभाई।

# हिंदी विभाग द्वारा शिक्षक-अभिभावक मिलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन




धनबाद, बुधवार को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के हिंदी- विभाग द्वारा कॉलेज के भूदा कैंपस के रुसा सेमिनार कक्ष में शिक्षक-अभिभावक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग में अध्ययनरत साठ की संख्या में छात्रों एवं उनके अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू प्रसाद यादव ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही कॉलेज लाइब्रेरी , एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया। प्रो. इन चार्ज भूदा परिसर प्रो. डॉ. अमरजीत सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के कौशल विकास प्रबंधन पर विशेष बल दिया। प्रो. इन चार्ज महिला शाखा, प्रो. डॉ. रंजना दास ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, उनके शैक्षणिक प्रगति और बहुमुखी प्रतिभा के विकास की दिशा में पहल करने पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम में सम्मिलित अभिभावकों एवं छात्रों ने विभाग द्वारा उपलब्ध फीडबैक प्रपत्र पर शैक्षणिक एवं छात्र हित संबंधित सुझाव दर्ज किए। प्रो. सिमरन श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने संबोधन में विभाग के द्वारा शैक्षणिक एवं अन्य क्रियाकलापों से संबंधित विषयों पर नीतिगत जानकारी दी। समारोह में उपस्थित अभिभावक की ओर से विभाग के द्वारा किए गए, इस कार्यक्रम को काफी सराहा गया। कार्यक्रम का संपूर्ण क्रियान्वयन प्राचार्य, प्रो. डॉ. संजय प्रसाद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन हिंदी-विभाग के अध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन से किया। इस अवसर पर कॉलेज के बैंक मोड़ शाखा की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. प्रो. रंजना दास तथा प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. अमरजीत सिंह (भूदा कैंपस), प्रो. मनीषा, प्रो. मुकेश सहित अन्य शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

# मध्य विद्यालय पोटारी कुमारधुबी में लगभग बीस हजार की चोरी




चिरकुंडा, (धनबाद), शिवलीबाडी मध्य पंचायत में स्थित,पोटारी स्कूल के कार्यालय एवं क्लासरूम का ताला तोड़ चोरों ने लगभग बीस हजार कि संपत्ति चुरा ली । चोरी की जानकारी उस समय हुआ जब मंगलवार को सुबह स्कूल खुला । स्कुल खुलने पर प्राचार्य पहुंचे और स्कूल में हुई चोरी की घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कृष्ण लाल किस्कु ने बताया कि स्कुल में लगातार चोरी हो रही है। चोरी की घटना से हम लोग परेशान हो गए हैं । उन्होंने कहा कि उनके 6 वर्षों के कार्यकाल में इस बार पांचवीं बार चोरी हुआ है । इसके पूर्व एमपी चुनाव के समय संपूर्ण भवन से भी चोरी हो गई थी । स्कूल को बेहतर बनाने के लिए वर्षों से प्रयास कर रहा हूं। असामाजिक तत्वों के कारण उनकी हरकतों से चोरी करने से मैं परेशान हो गया हूं ।

इस बार चोरों द्वारा कार्यालय से मशीन एक बायोमेट्रिक मशीन 1 घंटी और क्लासरूम से एक सीलिंग पंखा की चोरी कर ली गई ।

अंतर ग्राम फुटबॉल प्रतियोगिता

# भेलाटांड़ ने मेमको मोड़ को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया






धनबाद । बीसीसीएल के विशेष अभियान 4.0 के तहत, सीएसआर विभाग, कोयला भवन के सहयोग से सिजुआ क्षेत्र द्वारा सिजुआ स्टेडियम में 16.10.2024 को अंतर ग्राम फुटबॉल प्रतियोगिता-2024 का फाइनल मुकाबला आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में छह ग्रामीण टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें फाइनल मैच मेमको मोड़ और भेलाटांड़ की ग्रामीण टीमों के बीच हुआ। कड़े मुकाबले के बाद, इस अवसर पर सुधाकर प्रसाद, महाप्रबंधक, सिजुआ क्षेत्र, चंदन कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, सिजुआ क्षेत्र, और श्री मुकेश कुमार, उप प्रबंधक (कार्मिक/प्रशासन), सिजुआ क्षेत्र, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। श्री सुधाकर प्रसाद ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मैच के दौरान खेल प्रेमियों ने दर्शक दीर्घा में बैठकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों का जोश और भी बढ़ गया।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।